फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 293 प्रभात जयपुर, बुधवार 27 मई, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



What an amazing story...

Each tulip represents a debt paid not in currency but in beauty. Each bloom is a reminder that some nations don't forget. Some gratitude doesn't fade with time

Beasts With A Temper

Of Resistance, Unity And Determination

# कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन का मुद्दा फिर अधर में लटका?

## कांग्रेस आलाकमान ने कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें खारिज करने की कोशिश की और कहा, मीटिंग में राज्यसभा चुनाव पर चर्चा हुई

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- सिद्धारमैया को दिल्ली तलब करने के बाद से कर्नाटक के राजनैतिक हलकों में नेतृत्व परिवर्तन और डी के शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाए जाने को लेकर चर्चाएं काफी तेज हो गई थीं।
- लेकिन कांग्रेस नेतृत्व ने इस बात से इन्कार कर दिया, पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों में सच्चाई नहीं है।
- कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने भी कहा कि दिल्ली में उच्च स्तरीय मीटिंग राज्यसभा की सीटों पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी।
- ज्ञातव्य है कि कर्नाटक में लम्बे समय से सिद्धारमैया और डी के शिवकुमार के बीच नेतृत्व को लेकर तनाव चल रहा है, क्योंकि कांग्रेस आलाकमान ने डी के शिवकुमार से वादा किया था कि ढाई साल के बाद सिद्धारमैया की जगह उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाएगा, पर ढाई साल हो चुके हैं और इस दिशा में अभी तक कोई पहल नहीं हुई है।

नई दिल्ली, 26 मई। कांग्रेस आलाकमान ने कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन के लिए चल रही तमाम अटकलों पर विराम लगाने का प्रयास किया और कहा कि सिद्धारमैया ही कर्नाटक के मुख्यमंत्री बने रहेंगे।

कांग्रेस ने कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि पार्टी की उच्चस्तरीय बैठक में केवल राज्यसभा और विधान परिषद चुनावों पर चर्चा हुई।

कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने महा मीटिंग राज्यसभा चुनावों पर चर्चा के लिए थी और यही बात कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने भी कहीं।

कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चल रही लगातार अटकलों के बीच कांग्रेस ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री पद में किसी बदलाव की कोई बात नहीं है। पार्टी ने कहा कि उच्चस्तरीय बैठक का फोकस केवल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सीएनजी की कीमत दो रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, 26 मई। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि के ठीक एक दिन बाद आज सीएनजी की कीमत में इजाफा किया गया है। आज से सीएनजी की दर 2 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ा दी गई है। 15 मई के बाद यह चौथी बढ़ोतरी है। इस

- गत 15 मई के बाद सीएनजी की कीमत में यह चौथी वृद्धि है।

बदलाव से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सीएनजी की कीमत अब 83.09 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।

इससे पहले, सीएनजी की कीमत में 15 मई को 2 रुपये, 18 मई को 1 रुपया, और 23 मई को 1 रुपया की बढ़ोतरी की गई थई। इसका असर सबसे अधिक दिल्ली-एनसीआर में देखने को मिल सकता है। यहां ऑटो, टैक्सी, स्कूल वैन और प्राइवेट कारों में सीएनजी का सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है। ईंधन की कीमतों में लगातार वृद्धि से परिवहन लागत और घरेलू बजट पर दबाव बढ़ने की आशंका है।

# बंगाल में 5 रूपए के भोजन में मछली और अंडा भी मिलेगा

## भाजपा सरकार ने तृणमूल के इस आरोप को गलत साबित कर दिया कि भाजपा बंगालियों को मछली खाने से रोक देगी

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- ऐसा लग रहा है, भाजपा ने भविष्य के सभी चुनाव जीतने की रणनीति पर चलना शुरु कर दिया है।
- प्रदेश सरकार ने अवैध घुसपैठियों के होल्डिंग सैंटर्स बनाने के साथ ही उनकी धरपकड़ शुरु कर दी ताकि उन सभी के वापस बांग्लादेश भेजा जा सके।
- मु.मंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने कहा, सरकार की नीति है, पहचान करो, नाम हटाओ और देश से बाहर भेजो, इस पर काम शुरु हो चुका है।
- स्थिति यह है कि कई बांग्लादेशी घुसपैठिए खुद ही बोरिया बिस्तर बाँधकर वापस जाने की तैयारी करने लगे हैं और सीमा चौकियों पर पहुँच रहे हैं।

नई दिल्ली, 26 मई। विधानसभा चुनाव में शानदार सफलता के बाद, यह कहा जा सकता है कि बंगाल भाजपा ने पांच साल बाद होने वाले अगले चुनाव की तैयारी अभी से शुरू कर दी है।

तृणमूल कांग्रेस के इस आरोप को खारिज करते हुए कि सत्ता में आने के बाद भाजप बंगालियों को मछली खाने से रोक देगी, नए मुख्यमंत्री ने आज राज्य में मछली वाले भोजन की घोषणा की।

मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने आज कहा कि राज्य की एक योजना के तहत मिलने वाले 5 रुपये के भोजन में अब मछली और अंडे भी शामिल किए जाएंगे। इससे बंगालियों और भाजपा के बीच एक नई तरह की पहचान और जुड़ाव बनेगा।

कई अन्य कदमों और नीतिगत बयानों के बीच, मुख्यमंत्री ने राज्य में बांग्लादेशी अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर भाजपा का रुख भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में हो रही अवैध घुसपैठ अब राष्ट्रीय महत्व का मुद्दा बन चुकी है।

इन घुसपैठियों ने अवैध तरीके से आधार कार्ड और यहां तक कि पासपोर्ट भी हासिल कर लिए हैं और खुद को भारतीय नागरिक के रूप में पेश करने की कोशिश की है। ये अवैध घुसपैठिए राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं, क्योंकि बाद में इनमें से कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया।

मुख्यमंत्री बांग्लादेश से आए घुसपैठियों से निपटने के लिए कड़े कदमों वाले एक पैकेज की बात कर रहे थे। सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# केन्द्र सरकार ने हाई पावर्ड डेमोग्राफी कमेटी बनाई

## सीमावर्ती राज्यों में बढ़ती घुसपैठ व आबादी में अचानक आए बदलाव के पैटर्न के अध्ययन पर फोकस किया जाएगा

- श्रीनंद झा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

- विशेषज्ञों ने कहा, इस घोषणा से संकेत मिलता है कि भाजपा घुसपैठ और आबादी में अचानक आए बदलाव के मुद्दे को ज्वलंत बनाए रखना चाहती है।
- असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कमेटी के गठन का स्वागत किया और डेमोग्राफिक बदलाव को देश की राष्ट्रीय सुरक्षा, सांस्कृतिक पहचान व सामाजिक संतुलन के लिए खतरा बताया।
- कमेटी के अध्यक्ष सेवानिवृत न्यायाधीश प्रभाकर नाओलकर होंगे। ज्ञातव्य है कि 25 अगस्त को लाल किले से भाषण में प्र.मंत्री मोदी ने कमेटी गठन की बात कही थी और सितम्बर में इस प्रस्ताव को कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी थी।

नई दिल्ली 26 मई। सीमावर्ती राज्यों में अचानक हो रहे जनसांख्यिकीय बदलाव के मुद्दे की जांच के लिए केन्द्र सरकार द्वारा एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाना इस बात का संकेत है कि भाजपा अवैध प्रवासियों के मुद्दे को लगातार राजनीतिक रूप से ज्वलंत बनाए रखना चाहती है।

पश्चिम बंगाल में भाजपा के सत्ता में आने के तुरंत बाद, नए मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने राज्य के सभी 23 जिलों में होल्डिंग सेंटर स्थापित करने की घोषणा की थी, ताकि अवैध प्रवासियों, विशेषकर बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्याओं, को हिरासत में लेकर निर्वासित किया जा सके। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी समिति गठन के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि अवैध घुसपैठ और जनसांख्यिकीय बदलाव राष्ट्रीय सुरक्षा और संस्कृति के लिए खतरा हैं।

सरमा ने सोशल मीडिया मंच एक्स

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुख्यमंत्री सतीशन की प्रधानमंत्री से मुलाकात

नई दिल्ली, 26 मई। केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान राज्य के विकास और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी देते

- उन्होंने राज्य के विकास के लिए केन्द्र सरकार के हरसंभव सहयोग व समर्थन का आग्रह किया।

हुए कहा कि केरल के मुख्यमंत्री सतीशन ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की।

वहीं, मुख्यमंत्री सतीशन ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से केरल से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने राज्य के भविष्य के विकास के लिए केन्द्र सरकार से हर संभव सहयोग और समर्थन का आग्रह किया।

# '5 जून को कोई एक्शन नहीं होगा, हमें पहले नोटिस देना होगा'

## दिल्ली जिमखाना क्लब परिसर खाली कराने के मामले में केन्द्र सरकार ने हाई कोर्ट को बताया

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

- केन्द्र सरकार के जवाब के बाद हाई कोर्ट ने दिल्ली जिमखाना एविक्शन नोटिस पर कोई अंतरिम निर्देश देने से इन्कार कर दिया।
- हालांकि, जिमखाना की पैरवी कर रहे वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, सरकार ने शो कॉज़ नोटिस नहीं सीधे "डायरैक्टिव" भेजा था।

नई दिल्ली 26 मई। दिल्ली जिमखाना क्लब के लिए राहत भरे घटनाक्रम के रूप में, केन्द्र सरकार ने मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट को बताया कि क्लब की जमीन का कब्जा बलपूर्वक नहीं लिया जाएगा और उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।

केन्द्र ने दिल्ली हाई कोर्ट में दिल्ली जिमखाना क्लब मामले में कहा, ऐसा नहीं है कि 5 जून को पुलिस आकर जमीन का कब्जा ले लेगी। हम यह काम उचित प्रक्रिया के तहत करेंगे।

केन्द्र सरकार ने पिछले सप्ताह इस प्रतिष्ठित क्लब को बेदखली का नोटिस जारी करते हुए लुटियंस दिल्ली के केन्द्र में स्थित 27 एकड़ की इस महत्वपूर्ण संपत्ति को वापस लेने की कार्रवाई शुरू की थी। सरकार ने 113 वर्ष पुराने इस क्लब की लीज़ शर्तों की एक धारा का हवाला देते हुए कहा कि यह भूमि सार्वजनिक उद्देश्य के लिए आवश्यक है। केन्द्र ने क्लब को 5 जून तक परिसर खाली करने को कहा था।

जब अदालत ने पूछा कि क्या 5 जून को कोई कार्रवाई की जाएगी, तो केन्द्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसका नकारात्मक उत्तर दिया। मेहता ने अदालत से कहा, "5 जून को कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। हमें पहले नोटिस देना होगा"।

मेहता ने अदालत से कहा, "सरकार वैकल्पिक स्थान की पेशकश कर सकती है। हमने उन्हें स्वयं परिसर खाली करने का विकल्प दिया है। ऐसा नहीं है कि पुलिस अचानक पहुंचकर जबरन कब्जा ले लेगी"।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि सॉलिसिटर जनरल के बयान को देखते हुए किसी अतिरिक्त अंतरिम निर्देश की आवश्यकता नहीं है। आदेश में कहा गया, बयान का आशय यह है कि क्लब को कानून के अनुसार और पूर्व सूचना देकर ही बेदखल किया जाएगा।

दिल्ली जिमखाना क्लब ने केन्द्र सरकार के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें 5 जून तक जमीन सौंपने को कहा गया था। क्लब की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत से कहा कि केन्द्र ने कारण बताओ नोटिस नहीं, बल्कि सीधा निर्देश जारी किया है।

सॉलिसिटर जनरल के बयान को मद्देनज़र रखते हुये, दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली जिमखाना क्लब को कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया।

केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के अंतर्गत, भूमि एवं विकास कार्यालय ने क्लब को 5 जून तक अपना 27.3 एकड़ का परिसर सौंपने का निर्देश दिया था। इसमें कहा गया था कि यह भूमि "तत्काल संस्थागत आवश्यकताओं, प्रशासनिक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बकरीद से पहले गौहत्या पर रोक की सुनवाई नहीं - सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 26 मई। उच्चतम न्यायालय ने बकरीद के ठीक पहले गो-हत्या पर रोक लगाने और गो-हत्या रोकने वाले कानूनों को सख्ती से लागू करने की मांग वाली याचिका पर जल्द सुनवाई से इनकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा बकरीद से एक दिन पहले क्या आप प्रचार पाने के लिए आए हैं।

वाली बेंच ने कहा कि क्या आप बकरीद से ठीक एक दिन पहले प्रचार पाने के लिए आए हैं।

याचिका अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के पूर्व उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल ने दायर की है। याचिका में गाय और बछड़ों को वध से बचाने के लिए गोहत्या विरोधी कानूनों को लागू करने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'सरकारी डॉक्टर, जो "प्राइवेट प्रैक्टिस" नहीं करते उन्हें अतिरिक्त वेतन देने का नियम सही'

## हाईकोर्ट ने कहा, वरिष्ठ डॉक्टर जो प्राइवेट प्रैक्टिस करने का विकल्प अपनाते हैं, वे सरकार से कम वेतन मिलने के भेदभाव का आरोप नहीं लगा सकते

-यादवेन्द्र शर्मा-

- हाईकोर्ट ने कहा कि "नॉन-प्रैक्टिसिंग अलाउंस" दिये जाने का नियम स्पष्ट है और यह सभी डॉक्टरों को उपलब्ध होता है। अदालत ने कहा कि यह नियम एक तर्कसंगत वर्गीकरण करता है और इसलिए यह कानून के खिलाफ नहीं है।

जयपुर 26 मई। राजस्थान हाई कोर्ट ने 35 सम्बन्धित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा है कि वे सरकारी डॉक्टर जो "प्राइवेट प्रैक्टिस" करते हैं और वे जो नहीं करते, उनके वेतन में मेल नहीं किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि जो सरकारी डॉक्टर "प्राइवेट प्रैक्टिस" करने विकल्प नहीं लेते हैं, उन्हे राज्य सरकार "नॉन-प्रैक्टिसिंग अलाउन्स" वेतन में जोड़ कर देती है इसलिए प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे "सीनियर" डॉक्टर भी यह तर्क नहीं दे सकते कि उन्हें सरकार से उनके कनिष्ठ पद पर काम कर रहे डॉक्टरों से भी कम वेतन मिल रहा है। अदालत ने यह फैसला 35 सम्बन्धित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया और इसके साथ ही राजस्थान सिविल सर्विसेस अपीलेट ट्रिब्यूनल (रेट) के इसी मामले पर दिए फैसले को खारिज कर दिया। न्यायाधीश आनन्द शर्मा की एकल पीठ ने यह फैसला दिनेश कुमार शर्मा व अन्य याचिकाओं को सुनवाई करते हुए दिए। मामले में राजस्थान सरकार की ओर से अतिरिक्त सरकारी अधिवक्ता अर्चित बोहरा पैरवी के लिए पेश हुए थे।

दरअसल इस मामले में राज्य सरकार व प्राइवेट पार्टियों द्वारा दायर कई अपीलों व याचिकाओं को एक साथ सुना गया। मामले को सरल रखने के लिए अदालत ने राज्य सरकार बनाम दिनेश कुमार शर्मा की याचिका को आधार बनाते हुए फैसला सुनाया। इस मामले में दिनेश कुमार ने 'रेट' के समक्ष गुहार की थी कि 2017 में राज्य कर्मचारियों के लिए लागू करे गये पे-स्केल का गलत उपयोग किया जा रहा है। उनका कहना था कि राज्य सरकार उनसे कनिष्ठ डॉक्टरों को "नॉन-प्रैक्टिसिंग अलाउन्स" (एन.पी.ए.) लगाकर उनसे भी अधिक वेतन दे रही है।

दिनेश कुमार का कहना था कि एन.पी.ए. वेतन नहीं होता केवल एक अतिरिक्त छूट होती है जिसको राज्य सरकार कर्मचारियों के वेतन में हर महीने जोड़ कर नहीं दे सकती। उन्होंने कहा कि एन.पी.ए. जोड़े जाने की वजह से ही उनके कनिष्ठ डॉक्टर उनसे अधिक वेतन ले रहे थे। उन्होंने अदालत से गुहार करी थी कि या तो वरिष्ठ डाक्टरों का पे-स्केल बदला जाए या उन्हें एन.पी.ए. लेने के लिए कोई दूसरा विकल्प दिया जाए।

राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि एन.पी.ए. पहली दफा 1989 में लागू किया गया था। और उसके नियमों को समय-समय पर संशोधित किया गया था। उन्होंने अदालत को बताया कि 2008 में वित्त विभाग द्वारा जारी करे गये नियमों में ही एन.पी.ए. को 'पे' (वेतन) के तरह परिभाषित किया गया है। राज्य सरकार की ओर से बताया गया है कि 2013 में एन.पी.ए. राजस्थान मेडिकल कॉलेज की टीचिंग स्टाफ व मेडिकल ऑफिसर पर भी लागू कर दिया गया था। अदालत बताया गया है कि एन.पी.ए. 'बेसिक' वेतन पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त वेतन दिये जाने का प्रावधान है।

राज्य सरकार ने बताया कि यह अतिरिक्त वेतन केवल उन डॉक्टरों को दिया जाता है जो यह विकल्प अपनाते है कि वह आने वाले वित्तीय वर्ष में प्राईवेट प्रेक्टिस नहीं करेंगे। अदालत को यह भी बताया गया कि जो डॉक्टर एन.पी.ए. का विकल्प लेते हैं उन्हें शपथ पत्र पेश करना होता है।

अदालत में यह भी बताया गया कि एन.पी.ए. का फायदा लेने के लिए भी डॉक्टरों के पास एक निर्धारित समय सीमा होती है जिसके बाद वह यह फायदा नहीं ले सकते। सभी तथ्यों को सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुनाया कि एन.पी.ए. के तहत दिये जाने वाला अतिरिक्त वेतन का प्रावधान एक विवेकपूर्ण फैसला है, और विवेकसंगत वर्गीकरण करता है। यह केवल तभी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अन्नाद्रमुक के एक और विधायक ने इस्तीफा दिया, टीवीके में शामिल

चेन्नई, 26 मई। तमिलनाडु में अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक) को मंगलवार को एक और बड़ा झटका लगा, जब अंबासमुद्रम विधानसभा क्षेत्र के विधायक एसाकी सुब्बैया ने अपने पद

- लगातार हो रहे इस्तीफों से अन्नाद्रमुक के भीतर असंतोष व बेचैनी बढ़ रही है।

से इस्तीफा देकर तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) की सदस्यता ग्रहण कर ली। उनके इस कदम के बाद राज्य की राजनीति में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

इससे पहले भी अन्नाद्रमुक से चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे कई विधायक पार्टी छोड़ चुके हैं। पेरुंदुरई विधायक जयकुमार, मदुरांतकम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**सैकड़ों हाथों से इकट्ठा करो और हजारों हाथों से बांटो। –अथर्ववेद**

# एआई से टेक्नोलॉजिकल बेरोज़गारी की चिंता

मानव सभ्यता के इतिहास में हर तकनीकी परिवर्तन अपने साथ नई संभावनाएं लाया है तो साथ में नये भय भी लेकर आया है। इसी कड़ी में एआई–आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस–इस समय की सबसे बड़ी बहस का केंद्र बना हुआ है। एक तरफ इसे अर्थव्यवस्था को तेज़ बनाने, उत्पादकता बढ़ाने और जीवन को आसान करने वाली क्रांतिकारी शक्ति माना जा रहा है, तो दूसरी तरफ इसके कारण बड़े पैमाने पर रोजगार, खासकर तकनीकी क्षेत्र में लगे लोगों की नौकरियां, खत्म होने की आशंका भी व्यक्त की जा रही है। सवाल उठता है कि क्या एआई सचमुच टेक्नोलॉजिकल बेरोज़गारी ला देगा? या यह भय अतिरंजित है? टेक्नोलॉजिकल बेरोज़गारी के बारे में रिसर्च के बाद अध्ययनकर्ता हालांकि इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि आने वाले वर्षों में आम पेशेवर, या कहें प्रोफ़ेशनल, और उनके साथ मेज–कुर्सी पर बैठ काम करने वाले व्हाइट–कॉलर वर्कर, के लिए नौकरियां कम हो जाएंगी। मगर दूसरी तरफ अनेक लोग टेक्नोलॉजिकल बेरोज़गारी की बात को सिरे से ही खारिज़ करते हैं। वे ज़ोर देकर कहते हैं कि उनका काम मशीन कभी नहीं कर सकती। वे कहते हैं कि इंसानों की जगह लेने वाली नई टेक्नोलॉजी से आसन्न खतरे बरसों से हमेशा बढ़ा–चढ़ाकर बताए जाते रहे हैं। वास्तव में इस बात की अधिक संभावना है कि सभी तरह की नई–नई नौकरियां इन कथित डिसरप्टिव टेक्नोलॉजी की वजह से सामने आएंगी और फलेंगी–फूलेंगी। तकनीकी बेरोज़गारी का विचार नया नहीं है। उन्नीसवीं सदी में जब स्वचालित मशीनें आईं, तब मजदूरों को लगा था कि मशीनें उनकी जगह ले लेंगी। इसी तरह कम्प्यूटर के आगमन पर भी कहा गया था कि कार्यालयों की नौकरियां समाप्त हो जाएंगी। देश में बैंकों के कंप्यूटरीकरण के शुरुआती दौर में कर्मचारी यूनियनों के जबरदस्त विरोध को भी सबने देखा है। लेकिन हुआ क्या? नौकरियों के स्वरूप बदल गये। टाइपिस्ट कम हुए, डेटा एनालिस्ट बढ़े, फाइलों की जगह सॉफ्टवेयर आए। टेलीफोन ऑपरेटर खत्म हुए, कॉल सेंटर उद्योग खड़ा हो गया। इतिहास बताता है कि तकनीक नौकरियां छीनती भी है और पैदा भी करती है। सवाल यह है कि एआई के मामले में यह संतुलन किस दिशा में झुकेगा? यह सही है कि एआई पहले के ऑटोमेशन से अलग है। यह सिर्फ दोहराए जाने वाले कार्य नहीं, बल्कि निर्णय–आधारित, बौद्धिक और रचनात्मक कार्य भी कर सकता है। जैसे कंपनियां ग्राहक सेवा के लिए चैटबॉट इस्तेमाल करने लगी हैं। पत्रकारिता में समाचार संकलन और प्राथमिक ड्राफ्ट तैयार करने का काम एआई कर रहा है। मेडिकल डायग्नोस्टिक्स में एक्स–रे से कैंसर तक की पहचान एआई तेजी से सीख रहा है। अकाउंटिंग, कोडिंग, मार्केटिंग कंटेंट–सब जगह एआई इंसानों के काम की नकल कर रहा है। इसी से यह आशंका पैदा होती है कि इस बार टेक्नोलॉजी सिर्फ हाथों का नहीं, दिमाग का भी विकल्प बन रही है।


एआई के कारण लाखों नौकरियाँ 'कम' होने का खतरा जरूर वास्तविक है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वे हमेशा के लिए खत्म हो जाएंगी। एआई आमतौर पर 'आंशिक ऑटोमेशन' करता है, पूर्ण प्रतिस्थापन नहीं। एक डॉक्टर की जगह एआई नहीं ले सकता, लेकिन डॉक्टर की क्षमता जरूर बढ़ा देता है। एआई एक पत्रकार की जगह नहीं लेता, लेकिन पत्रकार की जांच को तेज और लेख का मसौदा बनाना सरल कर देता है। इस प्रकार ज्यादातर पेशों में एआई सहायक बनता है, विकल्प नहीं। हम यह भी देख रहे हैं कि एआई के कारण नई नौकरियों की भूमिकाएं भी तैयार हो रही हैं, जैसे 'एआई ट्रेनर', 'प्रॉम्प्ट इंजीनियर','डेटा क्यूरेटर', 'एआई एथिक्स ऑफिसर', 'एआई–एसिस्टेड क्रिएटिव कंटेंट डेवलपर', 'साइबर सिक्योरिटी एनालिस्ट', 'मानव–एआई इंटरैक्शन डिजाइनर' आदि। कई विशेषज्ञ तो यहां तक मानते हैं कि जिन नौकरियों के नाम आज हमें पता भी नहीं, वे अगले दस वर्षों में उसी तरह मुख्यधारा की बन जाएंगी जिस प्रकार इंटरनेट आने पर 'सोशल मीडिया मैनेजर' की नई नौकरियां पैदा हो गई है। इसकी कल्पना पहले नहीं की जा सकती थी। वास्तव में एआई एक उद्योग बन रहा है, और नौकरी प्रदाता भी। जैसे सॉफ्टवेयर उद्योग ने लाखों नौकरियां दीं है, वैसे ही एआई 'क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर', 'मॉडल ट्रेनिंग', 'हार्डवेयर डिज़ाइन', 'डेटा सेंटर निर्माण' आदि क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करेगा। तब सवाल उठता है कि कौन–सी नौकरियां सबसे ज़्यादा खतरे में हैं? इसका जवाब है दोहराव वाले रूटीन जॉब्स, डेटा एंट्री, कॉल सेंटर स्क्रिप्टेड भूमिकाएं, बैक अकाउंटिंग, स्टैंडर्ड रिपोर्ट लेखन जैसे काम एआई द्वारा तेजी से हो रहे हैं। निचले स्तर की विश्लेषणात्मक नौकरियों को लें तो बेसिक रिसर्च, प्राथमिक स्तर का कोडिंग, कंटेंट जेनरेशन, एंट्री–लेवल लीगल ड्राफ्टिंग जैसे कामों को एआई तेज़ और सस्ता बना देता है। ऐसे पेशे जहां दक्षता ज्यादा लेकिन मानवीय निर्णय कम होता है, जैसे ट्रांसक्रिप्शन, अनुवाद, ग्राहक चैट सपोर्ट, डिलीवरी–ऑप्टिमाइजेशन आदि में भारी बदलाव दिख रहा है। फिर भी अभी तक एआई की सीमाएं भी हैं। इसलिए कुछ नौकरियां स्वाभाविक रूप से सुरक्षित या कम खतरे में हैं। मानवीय संवेदनाओं वाली नौकरियां, मनोचिकित्सा, शिक्षण, सामाजिक कार्य, नेतृत्व और प्रबंधन, और पत्रकारिता का फील्ड रिपोर्टिंग का भाग आदि को खतरा नहीं है। एआई सहानुभूति नहीं सीख सकता इसलिए उच्च–स्तरीय रचनात्मकता, फिल्म निर्देशन, लेखक, कलाकार, संगीतकार, रणनीतिक मार्केटिंग में एआई सहायक बन सकता है, निर्माता नहीं। इसी प्रकार कुशल श्रम – स्किल्ड लेबर –श्रेणी में भी इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक, प्लम्बर, निर्माण कार्य, वाहन रिपेयर, के क्षेत्र पूर्णतः ऑटोमेट नहीं हो सकते। उद्यमी, वरिष्ठ प्रशासक, नीतिनिर्माता का भी विकल्प एआई नहींहो सकता। एआई से प्रोफेशन के अलावा, दूसरे लोग भी परेशान हैं। मूवी और टीवी इंडस्ट्री में, उन स्टूडियो के विरोध में हाई–प्रोफाइल इंडस्ट्रियल एक्शन हुए हैं, जिनसे उम्मीद की जाती है कि वे एआई से वह काम लेंगे जो पहले पेड एक्टर, एक्ट्रेस और स्क्रीनराइटर करते थे। अब फिल्म निर्माताओं को अपना लवाज़मा लेकर प्राकृतिक या ऐतिहासिक स्थानों पर नहीं जाना पड़ता। अब यंत्र तकनीक छोटे से कमरे में वे दृश्य बना देती है। लेकिन एआई हाइवे पर ढाबों की लोकेशन बताया सकता है लेकिन खाने पीनी के स्थानों की जगह नहीं ले सकता, जहां मानव काम करते हैं। राह में गाड़ियों के पंचर बनाने वाले या मरम्मत करने वाले मिस्त्रियों की जगह एआई नहीं ले सकता।

> **एआई सहानुभूति नहीं सीख सकता इसलिए उच्च-स्तरीय रचनात्मकता, फिल्म निर्देशन, लेखक, कलाकार, संगीतकार, रणनीतिक मार्केटिंग में एआई सहायक बन सकता है, निर्माता नहीं। इसी प्रकार कुशल श्रम - स्किल्ड लेबर - श्रेणी में भी इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक, प्लम्बर, निर्माण कार्य, वाहन रिपेयर, के क्षेत्र पूर्णतः ऑटोमेट नहीं हो सकते। उद्यमी, वरिष्ठ प्रशासक, नीतिनिर्माता का भी विकल्प एआई नहीं हो सकता।**

ऐसा माना जाता है कि भारत में एआई का प्रभाव पश्चिमी देशों से अलग होगा, क्योंकि भारत में सेवा क्षेत्र विशाल है। आईटी, बीपीओ, कस्टमर सपोर्ट जैसे सभी सेक्टर एआई से प्रभावित होंगे लेकिन साथ ही नए कौशलों की मांग भी बढ़ेगी। यहां की जनसंख्या युवा है। युवा जल्दी स्किल सीख लेते हैं। इसलिए मशीन लर्निंग, डेटा एनालिसिस, एआई कंटेंट डिजाइन, और डिजिटल उद्यमिता जैसे एआई कौशल के लिए भारत में बड़ी संभावनाएं हैं। हिंदी और भारतीय भाषाओं के लिए एआई का उभार हो रहा है। स्थानीय भाषा आधारित एआई सेवाएं, जैसे कृषि सलाह, हेल्थकेयर चैटबॉट, सरकारी सेवा नेविगेशन, डिजिटल शिक्षानई–नई नौकरियां पैदा करेंगी। भारत में ऑटोमेशन महंगा और श्रम सस्ता है। इस कारण कई उद्योगों में मानवीय श्रम पूरी तरह खत्म नहीं हो पाएगा। असली खतरा बेरोज़गारी से ज्यादा 'कौशल–असमानता' का है। एआई का डर कौशल असमानता में अधिक वास्तविक है। ऐसी स्थिति बनेगी कि जो लोग नए कौशल सीखेंगे वे आगे निकल जाएंगे तथा जो लोग पुराने ढर्रे पर टिके रहेंगे वे पीछे छूट जाएंगे। यह असमानता आय में गहरी खाई पैदा कर सकती है। असली चुनौती एआई युग के लिए लोगों को तैयार करने की है, न कि एआई को रोकने की। इसके लिए शिक्षा प्रणाली में बड़ा सुधार लाना होगा। स्कूलों और कॉलेजों में एआई साक्षरता, रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और उद्यमिता पर विशेष जोर देना होगा। कर्मचारियों का री–स्किलिंग कार्यक्रम चलाना होगा ताकि वे अपने को एआई–समर्थित भूमिकाओं में बदल सकें। इसलिए ज़रूरी है–हम तकनीक से डरें नहीं, उसे अपनाएं, खुद को नया कौशल दें, और भविष्य की अर्थव्यवस्था में अपनी जगह खुद बनाएं। यदि हम समय रहते सही दिशा चुन लें तो एआई का युग मानवता का प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि साझेदार बन सकता है। नौकरियां तकनीक से नहीं, जड़ता से खत्म होती हैं। किन्तु भारतीय नीति निर्माता टेक्नोलॉजी से जुड़ी बेरोज़गारी की बढ़ती चुनौती को सीधे तौर पर नहीं देख पा रहे हैं। वे समय पर छोड़ देना चाहते हैं। एआई के कर्मचारियों की जगह लेने की आशंका को पॉलिसी बनाने वालों ने ज़्यादातर बहुत मुश्किल मुद्दे के तौर पर रखा है। हो सकता है आज इसका जवाब हमारे पास न हो, लेकिन इस मुद्दे पर ईमानदारी से, सबके सामने, व्यवस्थित तरीके से समस्याओं का अंदाज़ा लगाकर कदम उठाने ही पड़ेंगे। इस बारे में बात न करना निश्चित रूप से सबसे ज़िम्मेदारी वाला रास्ता नहीं है। सरकारों को एआई के सफल इस्तेमाल से होने वाली गंभीर असमानताओं को समय पर पहचानने और उनका सामना करने के लिये अपने को तैयार करना होगा। लेकिन इस बात पर खुलकर आम बहस करने के की तैयारी कहीं नजर नहीं आती। उच्च शिक्षा के संस्थानों में भी नहीं। एआई से आने वाली संपन्नता का समाज में समानता से वितरण के लिये क्या किया जाय इस बारे में नीति निर्माता अनभिज्ञ हैं। नीति निर्माता इस आसन्न असमानता की चुनौती से निबटने के लिये बिल्कुल तैयार नहीं हैं। एआई इंसानों की 'जगह' नहीं लेगा, लेकिन इंसानों की 'तैयारी' की कमी उनकी जगह छीन सकती है। तकनीक हमेशा विकसित होती रहेगी–लेकिन मनुष्य का योगदान, कौशल और अनुकूलन क्षमता ही तय करेगी कि वह आगे बढ़ेगा या पिछड़ जाएगा। इसलिए एआई से जुड़ी तकनीकी बेरोज़गारी की आशंका एक सच्चाई है, लेकिन यह भय का विषय नहीं, बल्कि तैयारी का विषय है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# यूनिफॉर्म सिविल कोड – "मुल्ला का इस्लाम" के स्थान पर "अल्लाह का इस्लाम" का मार्ग प्रशस्त होगा



**सूर्य प्रताप सिंह राजावत**

आज पूरे देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड पर चर्चा चल रही है। यूनिफॉर्म सिविल कोड पर चर्चा इतनी पुरानी है जितना कि हमारा संविधान। संविधान बनाते समय संविधान सभा में इस विषय पर अनुच्छेद 35 के तहत चर्चा हुई थी जो कि आज के संविधान में अनुच्छेद 44 के तहत है। यह बड़े आश्चर्य और अचरज की बात है कि जो दुविधा संदेह संविधान को बनाते समय यूनिफॉर्म सिविल कोड के बारे में थे वही उसी तरह की भ्रांति आज भी हमारे समाज में फैली हुई है। लॉ कमीशन ऑफ इंडिया 2018 की रिपोर्ट कंसल्टेशन पेपर ऑन रिफॉर्म ऑफ फैमिली लॉ मैं इसका उल्लेख है कि संविधान सभा ने किन कारणों से यूनिफॉर्म सिविल कोड को मौलिक अधिकारों में नहीं जोड़ा। उसमें पहला संदेह यह था कि क्या यूनिफॉर्म सिविल कोड और पर्सनल लॉ समानांतर रूप से लागू होंगे ? या यूनिफॉर्म सिविल कोड पूरी तरह से पर्सनल लॉ को हटा देगा ? इसी के साथ यूनिफॉर्म सिविल कोड को माइनॉरिटी कम्युनिटी के पर्सनल लॉ या उनके धार्मिक कानूनों से भी जोड़कर भी देखा गया ? परंतु संविधान सभा की डिबेट्स को पढ़ने पर यह स्पष्ट होता है कि कहीं भी यूनिफॉर्म सिविल कोड के नाम पर धर्म के मौलिक प्रावधानों से कोम्प्रोमाईज़ करने की कोशिश नहीं की गई थी। और ना ही यूनिफॉर्म सिविल कोड का अर्थ है किसी की भी मौलिक धार्मिक भावनाओं को आहत करना। कोई भी सभ्य समाज या लोकतंत्र कभी भी किसी भी समुदाय की मौलिक धार्मिक आस्थाओं को आहत नहीं करेगा।

यूनिफॉर्म सिविल कोड की बहस में इस मुद्दे को समझने के लिए हमें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शाहबानो केस में पारित निर्णय को समझना होगा। शाहबानो केस में भरण पोषण की व्याख्या माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने कुरान में अंकित विभिन्न आयतों को देखकर की गई थी –

आयत 240–241: तुम में से जो लोग मर जाएंगे और अपने पीछे पत्नियां छोड़ जाएंगे, उन्हें इस आशय की वसीयत करनी चाहिए कि उन्हें एक वर्ष का भरण–पोषण प्रदान किया जाए और उन्हें उनके घरों से न निकाला जाए। परन्तु यदि वे अपनी इच्छा से अपना घर छोड़ दें, तो जो कुछ वे अपने लिये उचित रीति से चुन लें उसके लिये तुम उत्तरदायी न होगे; अल्लाह सर्वशक्तिमान, सर्वज्ञ है। इसी प्रकार, तलाकशुदा महिलाओं को भी ज्ञात उचित मानक के अनुसार कुछ दिया जाना चाहिए। यह अल्लाह से डरने वाले लोगों पर एक दायित्व है।

आयत 242: "इस प्रकार अल्लाह आपके लिए अपनी आज्ञाएँ स्पष्ट करता है: यह उम्मीद की जाती है कि आप अपने सामान्य ज्ञान का उपयोग करेंगे।"

धर्मग्रंथों का अध्ययन करने के बाद माननीय न्यायालय ने निर्णित किया "इन आयतों में कोई संदेह नहीं है कि कुरान मुस्लिम पति पर तलाकशुदा पत्नी के लिए भरण–पोषण का प्रावधान करने या प्रदान करने का दायित्व डालता है।" (पैरा 25)

इसी प्रकार तीन तलाक को भी माननीय सुप्रीम कोर्ट नै धर्मठान्थ के अनुसार अवैध घोषित किया।

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पर्सनल लॉ (निजी कानून) से स्पष्ट हो जाता है –

1) तुर्किये : जीवनसाथी के जीवित होने पर न्यायालय द्वारा एक से अधिक शादी (polygamy) अवैध घोषित किया जा सकता है।

2) पाकिस्तान : एक से अधिक शादी के लिये समुचित प्राधिकारी से अनुमति लिया जाना अनिवार्य है।

3) ईरान : कोई भी व्यक्ति बिना न्यायालय अनुमति के एक से अधिक शादी नहीं कर सकता।

4) ईजिप्ट, जॉर्डन, मोरक्को, सीरिया में इसी प्रकार एक से अधिक शादी के नियमों के अधीन प्रावधान है।

5) ट्यूनिशिया : एक से अधिक शादी पूर्णतया प्रतिबंधित है।

6) ईरान, अलजीरिया, इण्डोनेशिया, मलेशिया में विवाह का पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य है।

भारत में गोवा राज्य में पुर्तगाल शासन से ही यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू है परन्तु गोवा में रह रहे मुसलमानों ने अपनी पहचान और अपनी संस्कृति को बरकरार रखा है। इसी प्रकार शादी के लिए बांग्लादेश में पुरुष की आयु 21 और महिला की आयु 18 वर्ष से अधिक हो पंजीकरण के लिए वैध मन गया है। यूनाइटेड किंगडम में सभी नागरिको के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य है। महिलाओं के अधिकार, संवैधानिक नैतिकता, मानव अधिकार, सेकुलरिज्म, जेंडर समानता, आदि मूल्यों और सिद्धांत्तों के आधार पर सार्थक संवाद से मुल्ला का इस्लाम के स्थान पर अल्लाह का इस्लाम का मार्ग प्रशस्त होगा।

**–सूर्य प्रताप सिंह राजावत, अधिवक्ता राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर**

# बच्चों के विकास में खेलों का महत्त्व



**प्रो. कैलाश सोडाणी**

वर्तमान समय में मोबाइल, माता–पिता की अपेक्षाएं और सुविधायुक्त जीवन में शारीरिक श्रम से बचने की प्रवृत्ति से बच्चे खेलकूद की दुनिया से दूर होते जा रहे हैं। ज्यादा नहीं, 20–25 वर्ष पूर्व तक स्कूल और कॉलेज के खेल के मैदान विद्यार्थियों की उपस्थिति से सराबोर रहते थे। फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबाल, वॉलीबाल आदि सभी ग्राउंड्स पर बड़ी रौनक रहती थी। खेलने के अवसर के लिए प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। आज खेल के मैदानों पर सन्नाटा छा रहा है। मैदान खाली पड़े हैं, खिलाड़ी नदारद है।

बच्चे औसतन 4–5 घंटे रोज मोबाइल में डूबे रहते हैं। खेलकूद के समय को मोबाइल ने ले लिया है। शोध यह कहता है कि खेलों से ही शारीरिक एवं मानसिक विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। खेलों के माध्यम से शारीरिक श्रम हो जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। श्रम के अभाव में शरीर बीमारियों का अजायबघर बन जाता है। यह सब जानते हुए भी हम मोबाइल के शिकार होते जा रहे हैं।

आज के युवा गुरु की जगह गूगल को सम्मान देने लग गए हैं। ज्ञान के अमृत को क्लासरूम के स्थान पर व्हाट्सएप और ट्विटर पर तलाश रहे है। तभी तो इनके पास जानकारी ज्यादा है, लेकिन समझदारी कम होती जा रही है। हमारी सुस्ती भारत की युवा पीढ़ी को डिजिटल सामंतों के इशारों पर चलने के लिये प्रेरित कर रही है। बात केवल खेलकूद तक सीमित नहीं रहेगी – अपितु ये लोग तो हमारी पूरी जीवन पद्धति को ही बदल कर रख देंगे। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, फेसबुक, एप्पल जैसे विदेशी मठाधीश सूचना औद्योगिक के इस महाप्रसाद को योजनापूर्वक एक षड्यंत्र के तहत फ्री में बाँट रहे हैं। यही कारण है कि भारत में आज व्हाट्सएप के 85 करोड़, इंस्ट्राग्राम के 48 करोड़ एवं फेसबुक के 38 करोड़ यूजर्स हो गए हैं।

भारत में 18 वर्ष से कम उम्र के 45 करोड़ बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखना होगा। ऑस्ट्रेलिया में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया है। संयुक्त राष्ट्र संघ सहित अनेक राष्ट्रों ने इस प्रतिबंध का स्वागत किया। भारत को भी बच्चों को डिजिटल प्रदूषण से बचाने के लिए यथाशीघ्र कानून तो बनाना ही पड़ेगा।

हमारे जीवन में सबसे अमूल्य तोहफा है 'समय'। मोबाइल हमसे हमारा यही मूल्यवान तोहफा ही तो छीन रहा है। खेलकूद का समय तो सोशल मीडिया निगल चुका है। अब तो परिवारजन और मित्रों के साथ बिताए जाने वाले समय को छिनने की तैयारी है। रोज घण्टों मोबाइल पर परोसे जाने वाली सामग्री को पढ़ते–पढ़ते हमारी सोच और मानसिकता ही कमजोर होती जा रही है।

आजकल बच्चें भी एक या दो ही होते हैं इसलिए मां–बाप की सारी अपेक्षाएं उन्हीं से होती है। बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर या कलक्टर बनना ही चाहिए। इसके लिए बच्चों को पढ़ना ही पढ़ना है। माता–पिता खेलकूद को समय की बर्बादी समझने लग गये हैं। इसलिए पहले स्कूल फिर कोचिंग। मेरे छात्र जीवन के समय कोचिंग जाना शर्म की बात होती थी। परंतु आज यह गर्व का विषय बन चुका है। बच्चों की दिनचर्या से खेलकूद का कालांश ही हटा दिया गया है। आजकल प्राइवेट विद्यालयों ने अपना समय प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 2 बजे कर दिया है। खेलकूद के हिसाब से यह बिल्कुल गलत समय है। अपरान्ह 2बजे तो खेल का समय ही नहीं होता है। 2 बजे घर जाकर 5 बजे खेलने के लिए पुनः विद्यालय आना संभव नहीं है। विद्यालयों का आदर्श समय होना चाहिए प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे। जिससे 5 बजे पश्चात वह खेल कर ही घर जाएगा। इस संबंध में सरकारी विद्यालयों की स्थिति अच्छी है, जिनका समय प्रायः 10 से 5 ही होता है एवं खेलकूद के लिए पर्याप्त जगह होती है। मेरा छात्र जीवन भी राजकीय विद्यालय एवं महाविद्यालय में व्यतीत हुआ, परिणामस्वरुप मुझे खेलकूद का पूरा लाभ हमेशा प्राप्त होता रहा।

बच्चों की सुविधा के लिए स्कूल एवं कॉलेज शहर के मध्य बन रहे हैं, जहां भूमि की सीमित उपलब्धता के कारण खेलकूद के लिए जगह ही नहीं मिल पाती है। भवन एवं क्लासरूम तो आधुनिक सुविधाओं से युक्त बन जाते हैं परन्तु बच्चों को फुटबॉल–वॉलीबॉल खेलने की सुविधा नहीं दे पाते हैं। आज की पीढ़ी को घर एवं स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं के कारण उनका शारीरिक श्रम से मोह भंग हो गया है। खेलेंगे तो दौड़ेंगे, गिरेंगे, उठेंगे, भागेंगे, पसीना भी आएगा, वो इन्हें पसंद नहीं है। वातानुकूलित कक्ष में मोबाइल से चिपक कर बैठने में इन्हें बड़ा सुकून मिलता है।

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा तीन से सात साल तक के बच्चों पर किए गए शोध से निष्कर्ष सामने आया है कि जो बच्चे अपने हम उम्र बच्चों के साथ खेलते हैं उनका मानसिक एवं शारीरिक विकास तुलनात्मक रूप से ज्यादा अच्छा होता है।खेलों से अनुशासन में रहना सीखता है। समन्वय एवं नैतृत्व क्षमता का विकास होता है। इसलिए आज की युवा पीढ़ी को खेल के मैदानों पर पुनः रौनक पैदा करनी होगी। खेलकूद को अपनी जीवन शैली का आवश्यक अंग बनाना होगा। किताबों से बाहर की दुनिया का भी अध्ययन करना होगा।

**–प्रो. कैलाश सोडाणी, पूर्व कुलगुरु, वर्धमान महावीर खुला वि.वि, कोटा**

# लगातार बढ़ती गर्मी के बीच अजमेर शहर में कई जगह पेयजल संकट गहराया

- **लोहाखान स्थित कल्पवृक्ष वाली गली की महिलाओं ने जलदाय कार्यालय में प्रदर्शन किया**
- **महिलाओं ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में बेहद कम प्रेशर से पानी की सप्लाई हो रही है, जिसके कारण घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है**

**अजमेर, (निसं)।** शहर में लगातार बढ़ती गर्मी के बीच पेयजल संकट भी गहराता जा रहा है। कई इलाकों में लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को लोहाखान स्थित कल्पवृक्ष वाली गली की महिलाओं का सब्र टूट गया और बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित होकर जलदाय विभाग कार्यालय पहुंचीं। क्षेत्रवासी चंदा देवी व आंजना देवी सहित अन्य महिलाओं ने जलदाय विभाग के अधिकारियों का घेराव करते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

महिलाओं ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में बेहद कम प्रेशर से पानी की सप्लाई हो रही है, जिसके कारण घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। कई परिवारों को पीने के पानी के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने बताया कि जलापूर्ति का कोई निश्चित समय नहीं है। कभी सुबह तो कभी देर रात पानी छोड़ा जाता है, जिससे लोगों को भारी दिक्कत उठानी पड़ती है। खासकर मजदूरी करने वाले परिवारों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है, क्योंकि वे दिनभर काम पर चले जाते हैं और अनियमित समय पर आने वाला पानी भर नहीं पाते। महिलाओं ने कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। गर्मी के इस मौसम में पानी की कमी ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर दिया है। क्षेत्रवासियों ने जलदाय विभाग से नियमित समय पर पर्याप्त प्रेशर के साथ पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं जलदाय विभाग के अधिकारियों ने महिलाओं को समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# भीलवाड़ा के शंभूगढ़ में 32 वर्ष से संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को क्रमोन्नत करने की मांग

**भीलवाड़ा, (निसं)।** आसींद विधानसभा क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े कस्बे शंभूगढ़ में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार और पिछले 32 वर्षों से संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने की मांग को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को लेकर बड़ी संख्या में शंभूगढ़ के कस्बे वासी गुलाबपुरा उपखंड कार्यालय पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। इसके बाद ग्रामीणों के एक शिष्टमंडल ने गुलाबपुरा उपखंड अधिकारी दिव्य राज सिंह को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

उपखंड अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि शंभूगढ़ क्षेत्र का एक प्रमुख और तेजी से बढ़ती आबादी वाला कस्बा है। वर्तमान में यहाँ पंचायत समिति मुख्यालय, उप तहसील कार्यालय, पुलिस थाना, बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा और नवसृजित अजमेर विद्युत वितरण निगम का एईएन कार्यालय जैसे कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक विभाग सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। इन सभी बड़े कार्यालयों के होने के कारण प्रतिदिन हजारों की संख्या में आस–पास के ग्रामीणों का यहाँ आना–जाना रहता है। इसके बावजूद कस्बे की चिकित्सा व्यवस्था पिछले तीन दशकों से एक अदद के भरोसे चल रही है, जो वर्तमान आबादी के लिहाज से नाकाफी साबित हो रही है। कस्बे वासियों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि शंभूगढ़ में पर्याप्त चिकित्सा संसाधन और विशेषज्ञ डॉक्टरों के न होने के कारण गंभीर बीमारियों या आपातकालीन स्थिति में मरीजों को आसींद, गुलाबपुरा या जिला मुख्यालय भीलवाड़ा की दौड़ लगानी पड़ती है। यदि यहाँ की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत कर दिया जाए, तो शंभूगढ़ सहित आस–पास की दर्जनों ग्राम पंचायतों के हजारों लोगों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर इलाज मिल सकेगा। ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्रवासियों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि जनहित और क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए शंभूगढ़ को अतिशीघ्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने की स्वीकृति जारी की जाए। प्रदर्शन में शामिल प्रबुद्ध नागरिकों और ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि इस बार भी शंभूगढ़ की इस 32 साल पुरानी वाजिब मांग की अनदेखी की गई, तो समस्त क्षेत्रवासी उग्र आंदोलन का रास्ता अख्तियार करने को मजबूर होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान शंभूगढ़ कस्बे के कई जनप्रतिनिधि, व्यापार मंडल के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**बुधवार 27 मई, 2026**

प्रथम ज्येष्ठ मास (अधिक), शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2083, हस्त नक्षत्र प्रातः 5:57 तक, व्यतिपात योग रात्रि 3:25 तक, विष्टि करण प्रातः 6:22 तक, चन्द्रमा आज सायं 7:00 से तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-मेष, बुध-वृष, गुरू-मिथुन, शुक्र-मिथुन, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से प्रातः 5:57 तक है। रवियोग और कुमार योग प्रातः 5:57 तक है। राजयोग प्रातः 6:22 से सूर्योदय तक है। आज भद्रा प्रातः 6:22 तक रहेगी। आज कमला (पुरूषोत्तम) एकादशी व्रत, व्यतिपात पुण्यं है। आज एकादशी तिथि में वृद्धि हुई है। आज उन्मीलिनी महाद्वादशी है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:01 तक, शुभ 10:42 से 12:24 तक, चर 3:47 से 5:28 तक, लाभ 5:28 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:38, सूर्यास्त 7:09

**मेष**
परिवार में चल रही परेशानियां दूर होने लगेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी।

**वृष**
परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।

**तुला**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखें। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। घर–गृहस्थी के खर्चों पर नियंत्रण रखें। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है।

**मकर**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन**
परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा और परिवार में उत्सव जैसा माहौल बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# प्रशिक्षण महाभियान में राष्ट्रवाद और विकसित भारत का संकल्प गूंजा

## भाजपा कार्यकर्ता ही विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की सबसे बड़ी ताकत : दीया कुमारी



उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत जयपुर देहात दक्षिण जिला प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुई।

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत जयपुर देहात दक्षिण जिला प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को उत्साह और राष्ट्रवादी ऊर्जा के साथ समापन हुआ। शिवदासपुरा स्थित बाड़ा पदमपुरा जैन मंदिर में आयोजित दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग में संगठन मजबूती, बूथ प्रबंधन, राष्ट्रवाद, गरीब कल्याण योजनाएं, मीडिया रणनीति, आईटी और चुनावी प्रबंधन जैसे विषयों पर कार्यकर्ताओं को गहन प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण वर्ग भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर की अध्यक्षता में

**■ उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि नया भारत समस्याओं को टालने वाला नहीं, स्थायी समाधान देने वाला राष्ट्र बना है**

आयोजित हुआ। वर्ग जिला प्रभारी कुसुम यादव, संगठन जिला प्रभारी केडी बाबर तथा वर्ग जिला संयोजक शिवजीराम कुमावत की देखरेख में जिलेभर से करीब 250 पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में अतिथियों का साफा, दुपट्टा, स्मृति चिन्ह एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।

प्रशिक्षण महाभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती, बूथ सशक्तिकरण, मीडिया प्रबंधन, जनसंपर्क, सोशल मीडिया और आधुनिक चुनावी रणनीति का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण वर्ग ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, वैचारिक स्पष्टता और राष्ट्रसेवा का संकल्प मजबूत किया है।

दूसरे दिन की शुरुआत प्रातः जागरण, शाखा एवं योग व्यायाम से हुई। सातवें सत्र में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने देश के सम्मुख चुनौतियां और निदान के लिए हमारे प्रयास विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत समस्याओं को टालने वाला नहीं बल्कि स्थायी समाधान देने वाला राष्ट्र बन चुका है। उन्होंने राष्ट्रवादी विचारधारा और सेवा भाव को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। इस सत्र की अध्यक्षता चाकसू विधायक रामअवतार बैरवा ने की।

आठवें सत्र में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार सेवा, सुशासन और राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनकल्याणकारी योजनाओं और भाजपा की विचारधारा को गांव-ढाणी तक पहुंचाने का आव्हान किया। इस सत्र की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष कांता सोनवाल ने की।

नौवें सत्र में व्यावहारिक प्रशिक्षण आयोजित हुआ। गोपाल शरण चौधरी ने व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया, जबकि हरिमोहन शर्मा ने प्रशिक्षण की कार्यप्रणाली पर जानकारी दी। जिला प्रमुख रमा चौपड़ा ने संगठनात्मक समन्वय पर विचार रखे। प्रदेश प्रवक्ता प्रहलाद भगत ने मीडिया प्रबंधन पर मार्गदर्शन दिया। वहीं प्रदेश मंत्री नारायण मीणा ने कार्यालय प्रबंधन तथा चंद्रमोहन मीणा ने चुनाव प्रबंधन को लेकर विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

दसवें सत्र में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी ने स्थायी कार्यक्रम-बूथ प्रबंधन, मन की बात और आईटी विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ स्तर की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है। इस सत्र की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष अजयपाल सिंह नाथावत ने की।

ग्यारहवें सत्र में राजस्थान सरकार के मंत्री गौतम दक ने कार्यकर्ता विकास, गुण, आचरण और संगठनात्मक जिम्मेदारियों पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्रसेवा और समाजहित के लिए समर्पित व्यक्तित्व होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुशासन और सेवा भाव के साथ कार्य करने का आव्हान किया। इस सत्र की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष श्रवण गुर्जर ने की।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान संगठन की वैचारिक ऊर्जा को मजबूत करने का अभियान है।

# एसआई भर्ती में बेटे-बेटी को लीक पेपर पढ़ाने वाला डिपो मैनेजर गिरफ्तार



आरोपी लोकेंद्र पण्डया

**■ आरोपी ने अपने बेटे और बेटी को लीक हुआ पेपर पढ़ाकर तैयारी करवाई थी**

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) राजस्थान ने सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसओजी ने डूंगरपुर निवासी लोकेंद्र पण्डया को गिरफ्तार किया है, जिसने परीक्षा से पहले अपने बेटे और बेटी को लीक हुआ पेपर पढ़ाकर तैयारी करवाई थी। आरोपी उन्हें अपनी गाड़ी से जयपुर लाकर परीक्षा भी दिलाने आया था। मामले में एसओजी अब तक 142 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि आरोपी लोकेंद्र पण्डया वर्तमान में राजस्थान राज्य बेवरेजेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरएसबीसीएल) के सागवाड़ा डिपो, डूंगरपुर में डिपो मैनेजर के पद पर कार्यरत है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

जांच में सामने आया कि आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा से एसआई भर्ती परीक्षा-2021 के प्रश्न पत्र और उत्तर हासिल करने वाले आरोपी कुंदन कुमार पण्डया के भाई लोकेंद्र पण्डया ने भी लीक प्रश्नपत्रों का फायदा उठाया। उसने अपने पुत्र नैतिक पण्डया और पुत्री नेहा पण्डया को प्रश्नपत्रों के उत्तर पढ़ाकर परीक्षा की तैयारी करवाई। साथ ही कुंदन पण्डया की पुत्री रिद्धि पण्डया को भी पढ़ाया गया।

एसओजी के अनुसार नैतिक पण्डया को हिन्दी विषय में 200 में से 143.43 अंक और सामान्य ज्ञान में 147.20 अंक प्राप्त हुए थे, जबकि नेहा पण्डया को हिन्दी में 158.89 अंक तथा सामान्य ज्ञान में 153.46 अंक मिले थे। दोनों अभ्यर्थी अवैध तरीके से परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे।

# लंदन निवासी पिता को फैमिली कोर्ट से राहत

**जयपुर।** शहर की फैमिली कोर्ट ने लिव इन रिलेशनशिप में रहते हुए जन्मी बच्ची के मामले में लंदन निवासी पिता को राहत दी है। कोर्ट ने अप्रार्थिया मां को कहा है कि वह हर महीने के दूसरे व

**■ महीने में दो बार बेटी से वीसी से कर सकेंगे बातचीत**

चौथे रविवार को सुबह 12 बजे से डेढ़ बजे तक वीसी के जरिए प्रार्थी की बेटी से बातचीत करवाए। इसके अलावा मां को यह भी कहा है कि वह बेटी की शिक्षा व स्वास्थ्य के संबंध में भी पिता को हर महीने रिपोर्ट मुहैया कराए। कोर्ट ने यह निर्देश लंदन निवासी पिता के प्रार्थना पत्र पर दिया। अदालत ने कहा है कि यदि इन दोनों रविवार को वीसी संभव नहीं हो तो शेष रविवार को इसके लिए व्यवस्था की जाए।

# भाजपा का मासिक सुंदरकांड पाठ संपन्न

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर द्वारा मासिक भव्य एवं दिव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। धार्मिक कार्यक्रम के अंतर्गत अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण में भव्य सुंदरकांड पाठ हुआ।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, धर्मप्रेमी एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहे तथा सामूहिक रूप से भक्ति, संस्कृति एवं राष्ट्रसेवा के भाव का अनुभव किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम, माता जानकी एवं लक्ष्मण जी के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विधिवत सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा एवं वातावरण भक्तिमय, आध्यात्मिक एवं ऊर्जामय हो उठा।

इस अवसर पर भाजपा जयपुर शहर जिलाध्यक्ष श्री अमित गोयल जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा, सांस्कृतिक मूल्यों एवं सनातन परंपराओं को जन-जन तक पहुँचाने वाला एक सशक्त परिवार है।

# सफाई कर्मचारियों से कराएं सफाई का ही काम : हाईकोर्ट

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नगर निगम को कहा है कि सफाई करने के लिए नियुक्त सफाई कर्मचारियों से दूसरे काम कराने के बजाय सफाई का काम ही कराए। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि निगम क्षेत्र में नियमित सफाई कराना निगम अधिकारियों का कर्तव्य है। अदालत ने नगर निगम को निर्देश दिए की शहर में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए खुले में कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई शुरु की जाए। एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश विमल चौधरी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि सफाई व्यवस्था की प्रक्रिया तय करते हुए सफाई की जाए और आवासीय कॉलोनियों के निकट उचित स्थान पर पर्याप्त डस्टबिन लगाकर उनकी नियमित सफाई की जाए।

**■ अदालत ने चेतावनी दी है कि यदि नियमित सफाई नहीं हुई तो संबंधित जमादार और स्वास्थ्य निरीक्षक की जिम्मेदारी तय की जाएगी**

अदालत ने चेतावनी दी है कि यदि नियमित सफाई नहीं हुई तो संबंधित जमादार और स्वास्थ्य निरीक्षक की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

अदालत ने कहा कि जयपुर शहर, हेरिटेज शहर है और इसे इस तरह साफ रखा जाए की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका उदाहरण पेश किया जा सके। अदालत ने शहरवासियों से भी अपील की है कि वह अपनी-अपनी कॉलोनियों को साफ रखने का प्रयास करें और इस संबंध में एनजीओ भी नगर निगम की मदद करें।

अदालत ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन उद्योग, सबसे बड़ा उद्योग है। ऐसे में इस तरह के प्रयास प्रदेश के अन्य शहरों में भी किया जाए। अदालत ने प्रदेश के नगर निगमों को इस संबंध में निर्देश देने के लिए अतिरिक्त महाधिवक्ता जीएस गिल को जिम्मेदारी दी है।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता विमल चौधरी ने कहा कि हाईकोर्ट ने सालों पहले नगर निगम को सफाई व्यवस्था को लेकर निगम को 16 बिंदुओं पर निर्देश जारी किए थे, लेकिन आज तक इनकी पालना नहीं हुई। यहां तक की नगर निगम में नियुक्त सफाई कर्मचारियों से सफाई के बजाए कार्यालय के दूसरे काम कराए जा रहे हैं। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने इस संबंध में निगम को दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

# प्रदेश में लगातार दूसरे दिन भी कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार



कर्मचारियों ने एक घंटे का सामूहिक कार्य बहिष्कार कर सांकेतिक प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की।

**जयपुर।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के आ ान पर आज दूसरे दिन भी प्रदेश के अधिकांश जिलों और विभागों के कर्मचारियों का तीखा आक्रोश देखने को मिला। राजस्थान सरकार द्वारा कर्मचारी हितों पर किए जा रहे कुठाराघात के विरोध में आज लगातार दूसरे दिन भी प्रदेश भर में कर्मचारियों

**■ आरजीएचएस और सिलेंडर लीव के भुगतान को लेकर सरकार को चेताया**

ने 1 घंटे का सामूहिक कार्य बहिष्कार कर सांकेतिक प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की।

रमेश तिवाड़ी, प्रकाश यादव, राहुल यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि सरकार कर्मचारियों के लोकतांत्रिक अधिकारों और सुविधाओं पर लगातार चोट कर रही है। कर्मचारियों की मुख्य मांगों में आरजीएचएस योजना का निजीकरण रोकने तथा समर्पित अवकाश (सरेंडर लीव) के भुगतान पर लगी अघोषित रोक को तुरंत हटाने, बजट घोषणा को पूरा करने, संविदा कर्मियों एवं ठेका कर्मियों को नियमित करने सहित महासंघ का 25 सूत्री मांग पत्र जिसमें विभिन्न संवर्ग की वेतन विसंगतिया और पदोन्नतीयां शामिल है को पूरा करे।

इस सामूहिक कार्य बहिष्कार और प्रदर्शन के दौरान विभिन्न कर्मचारी संगठनों और जिलों के प्रमुख पदाधिकारी और कर्मचारी भारी संख्या में भाग ले रहे हैं।

अजयवीर सिंह ने बताया की प्रदर्शन के दौरान सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में सरकार की कर्मचारी-विरोधी नीतियों की घोर निंदा की। नेताओं ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि सरकार जल्द से जल्द कर्मचारी हितों को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक कदम उठाए और 25 सूत्री मांग पत्र , को पूरा करे अन्यथा आंदोलन लंबा चलेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन की होगी।

# देवनानी ने प्रतिभाओं को पद्मश्री सम्मान मिलने पर दी बधाई

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा राजस्थान की तीन प्रतिभाओं सर्वश्री गफरुद्दीन मेवाती जोगी, तगाराम भील एवं स्वामी ब्रह्मदेव महाराज को पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

देवनानी ने कहा कि राजस्थान की लोक संस्कृति, लोक संगीत और समाज सेवा की समृद्ध परंपरा को राष्ट्रीय स्तर पर मिला यह सम्मान पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि भपंग वादन की विलुप्तप्राय लोक परंपरा को जीवंत बनाए रखने वाले गफरुद्दीन मेवाती जोगी तथा अलगोजा वादन के माध्यम से राजस्थान की लोकधुनों को देश-विदेश तक पहुँचाने वाले तगाराम भील ने प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान दी है। वहीं स्वामी ब्रह्मदेव महाराज ने समाज सेवा एवं मानव कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर समाज को प्रेरणा प्रदान की है। स्पीकर देवनानी ने कहा कि ऐसे व्यक्तित्व अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

# पंचायत और निकाय चुनाव समय पर नहीं कराने को लेकर दायर अवमानना याचिका निस्तारित

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के बावजूद प्रदेश में पंचायत और निकाय चुनाव 15 अप्रैल तक नहीं कराने के खिलाफ दायर अवमानना याचिकाओं को सारहीन मानते हुए निस्तारित कर दिया है। अदालत ने कहा कि कोर्ट की ओर से राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग को चुनाव कराने के लिए 31 जुलाई का समय दिया जा चुका है। ऐसे में अवमानना याचिकाएं महत्वहीन हो गई हैं। इसलिए उन्हें निस्तारित किया जा रहा है। जस्टिस महेन्द्र गोयल और जस्टिस अनिल उपमन की खंडपीठ ने यह आदेश गिर्राज देवंदा और संयम लोढा की अवमानना याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता प्रेमचंद देवंदा और पुनीत सिंघवी ने कहा कि खंडपीठ ने पूर्व में आदेश जारी कर 15 अप्रैल तक पंचायत और निकाय चुनाव कराने को कहा था, लेकिन तय समय तक चुनाव नहीं कराए गए। ऐसे में याचिकाकर्ताओं की ओर से अवमानना याचिका पेश की गई थी। इसके बाद राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग ने यह समय बढाने के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया था, लेकिन तब तक अदालत की अवमानना की जा चुकी थी। वहीं राज्य चुनाव आयोग की ओर से अधिवक्ता अमित कुडी ने कहा कि उन्हें राज्य सरकार से जरूरी डेटा समय पर नहीं मिला। आयोग सीधे तौर पर अवमानना का दोषी नहीं है और ना ही आयोग ने जानबूझकर अवमानना की है। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने अवमानना याचिकाओं को सारहीन मानते हुए निस्तारित कर दिया। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने पूर्व में आदेश जारी करते हुए राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग को 15 अप्रैल तक का समय दिया था, लेकिन तब तक चुनाव नहीं कराए गए। वहीं बाद में दोनों की ओर से समय बढाने के लिए प्रार्थना पत्र दिए गए। जिस पर अदालत ने गत 11 मई को बहस सुनकर फैसला सुरक्षित रखा था। इसके बाद अदालत ने गत 22 मई को फैसला सुनाते हुए शहरी स्थानीय निकायों के वार्ड परिसीमन तथा मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का काम 20 जून तक पूरा कर 31 जुलाई तक चुनाव कराने के आदेश दिए थे।

## सार-समाचार

### शरणदास महाराज ब्रह्मलीन को प्राप्त



**जयपुर ।** रामशरण दास जी महाराज (कौशल्या दास जी महाराज की बगीची, रेलवे स्टेशन के पास, जयपुर) ब्रह्मलीन हो गए। उनके ब्रह्मलीन होने का समाचार मिलते ही जयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। श्रद्धालुओं एवं शिष्यों की आंखें नम हो उठीं। महाराज श्री अपने सरल स्वभाव, मधुर वाणी एवं धार्मिक विचारों के कारण जन-जन में श्रद्धा के पात्र थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन धर्म प्रचार, सत्संग, भजन-कीर्तन, गौसेवा एवं मानव कल्याण के कार्यों को समर्पित किया। उनके सान्निध्य में हजारों श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक शांति एवं जीवन जीने की प्रेरणा प्राप्त की। महाराज श्री के आश्रम में प्रतिदिन दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचते थे। उनके द्वारा समय-समय पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों एवं सत्संगों से क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना रहता था। संत समाज में भी उन्हें विशेष सम्मान प्राप्त था।अनेक संत-महात्माओं, सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए इसे समाज एवं धर्म जगत की अपूरणीय क्षित बताया।शिष्य मंडल एवं संत समाज द्वारा जानकारी दी गई ।

### नामांतरण खोलने की एवज में रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार



**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की इंटेलिजेंस यूनिट उदयपुर ने राजसमंद जिले में कार्रवाई करते हुए पटवारी राहुल कुमार शर्मा को 4 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी पटवार हल्का सेमा एवं अतिरिक्त चार्ज बड़ा भाणुजा, तहसील खमनोर में कार्यरत है। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता के अनुसार परिवादी ने शिकायत दी थी कि दानग्रहीता भूमि की रजिस्ट्री करवाने के बाद नामांतरण खोलने की एवज में आरोपित पटवारी ने 7 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोपी राहुल कुमार शर्मा ने परिवादी से 1 हजार रुपये पहले ही ले लिए थे तथा शेष 4 हजार रुपये ट्रैप कार्रवाई के दौरान लेने तय हुए थे। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के उप महानिरीक्षक डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में एसीबी इंटेलिजेंस यूनिट उदयपुर की प्रभारी डॉ. सोनू शेखावत के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक राजेंद्र सिंह और उनकी टीम ने ट्रैप कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान आरोपित पटवारी ने एसीबी टीम को देखकर रिश्वत की राशि अपने सरकारी आवास के टॉयलेट में बनी डब्ल्यूसी में फेंक दी। बाद में आरोपी की निशानदेही पर राशि बरामद कर ली गई। एसीबी ने आरोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

### दो शातिर बदमाश गिरफ्तार



**जयपुर।** विधायकपुरी थाना पुलिस ने ई-रिक्शा की स्मार्ट बैटरियां चोरी करने वाले अंतर जिला गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर चोरों और चोरी का माल खरीदने वाले एक कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई 6 स्मार्ट बैटरियां बरामद की हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (जयपुर दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि विधायकपुरी थाना पुलिस ने ई-रिक्शा की स्मार्ट बैटरियां चोरी करने वाले अंतर जिला गिरोह के शातिर बदमाश मोहसिन खान उर्फ अरबाज उर्फ तिरंगा (25) निवासी आमागढ़ शक्ति कॉलोनी ट्रांसपोर्ट नगर तथा शनवाज उर्फ शाहरूख (25) निवासी चार दरवाजा बाहर ब्रह्मपुरी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और स्मैक समेत अन्य नशों की लत पूरी करने के लिए ई-रिक्शा की बैटरियां चोरी करते थे।

# पेट्रोल-डीजल व गैस की बढ़ी कीमतों के खिलाफ कांग्रेस सड़कों पर उतरी



खाचरियावास के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला फूंका।

**जयपुर।** पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास के नेतृत्व में आज कलेक्ट्रेट सर्किल पर पेट्रोल, डीजल और गैस के लगातार बढ़ते दामों के विरोध में केंद्र की भाजपा सरकार का जोरदार पुतला दहन किया गया प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पी गई पेट्रोल,

**■ प्रताप सिंह ने कहा कि रोज पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर के दामों में लगातार बढ़ोतरी कर आम आदमी का जीना मुश्किल कर दिया गया है**

खा गई तेल, महंगाई बढ़ाने का बीजेपी का खेल, पैट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर की मार से रो रहे लोग, मजे ले रही है भारत सरकार के नारे लगाये। महंगाई वृद्धि वापस लो नारे के साथ पुतला दहन किया और पेट्रोल-डीजल, गैस-सिलेंडर महंगा कर दिया, भारत सरकार ने जनता का जीना तंग कर दिया। जैसे आक्रोशपूर्ण नारों के साथ केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रताप सिंह खाचरियावास ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार रोज आम जनता की जेब पर डाका डाल रही है। पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर के दामों में लगातार बढ़ोतरी कर आम आदमी का जीना मुश्किल कर दिया गया है। गरीब, मजदूर, किसान, मध्यम वर्ग महंगाई की मार से त्रस्त है, लेकिन दिल्ली की भाजपा सरकार सत्ता के अहंकार में जनता की पीड़ा सुनने को तैयार नहीं है।

खाचरियावास ने कहा कि केंद्र सरकार रोजाना पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम बढ़ा रही है, उन्हें शर्म करनी चाहिए। जनता महंगाई से कराह रही है और भाजपा सरकार सिर्फ बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री ने चुनाव के समय जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे कि पेट्रोल-डीजल, गैस और महंगाई कम करेंगे, जनता को राहत देंगे, लेकिन सत्ता में आते ही सारे वादे भूल गए। आज हालत यह है कि लोग रोटी, गैस और पेट्रोल के खर्च से टूट चुके हैं। जनता पूछ रही है कि आखिर घर कैसे चलाए? क्या गरीब आदमी खाना छोड़ दे? क्या आम आदमी मर जाए?

खाचरियावास ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर के दाम कम नहीं किए गए तो यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है। कांग्रेस कार्यकर्ता आम आदमी के साथ सड़कों पर उतरकर भाजपा सरकार को नींद से जगाने का काम करेंगे। भाजपा सरकार पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने में लगी है और आम जनता को महंगाई की आग में झोंक दिया गया है। कांग्रेस पार्टी जनता के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लगातार लड़ती रहेगी और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का हर स्तर पर विरोध जारी रहेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पार्षद, ब्लॉक अध्यक्ष, पार्षद प्रत्याशी, वार्ड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

# पिंजरापोल गौशाला में जहरीले पानी से उगे चारे को नष्ट किया

**जयपुर।** राजधानी की चर्चित पिंजरापोल गौशाला समिति से जुड़े आर्थिक अनियमितताओं, भूमि उपयोग विवाद और गौसेवा व्यवस्थाओं में गड़बड़ियों के मामलों में अब राज्य सरकार ने सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा लगातार गौशाला परिसर का निरीक्षण कर मौके की स्थिति की जांच की जा रही है। संबंधित विभागों की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों तक भेजी जा रही है, जिससे आने वाले दिनों में और बड़ी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

इसी क्रम में प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद गौशाला परिसर में गंदे और गंदे नाले के जहरीले पानी से उगाए जा रहे चारे पर कार्रवाई करते हुए उसे पूरी तरह नष्ट करवा दिया गया। अधिकारियों की मौजूदगी में मजदूरों ने खेतों में खड़े चारे की कटाई कर उसे खुर्द-बुर्द कर दिया, ताकि वह चारा किसी भी स्थिति में गायों को नहीं खिलाया जा सके। बताया जा रहा है कि यह चारा लंबे समय से गंदे पानी के उपयोग से उगाया जा रहा था, जिसे लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे थे। कार्रवाई के दौरान गंदे पानी के नाले को भी मिट्टी डालकर पाट दिया गया, ताकि भविष्य में दोबारा इस प्रकार की गतिविधियां संचालित नहीं हो सकें। मौके पर मौजूद गोपालन विभाग के अधिकारियों ने संपूर्ण स्थिति का जायजा लिया तथा गौशाला प्रबंधन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए विभागीय नियमों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि श्री पिंजरापोल गौशाला समिति पहले से ही राज्य सरकार और गोपालन विभाग की जांच के दायरे में चल रही है। गौशाला प्रबंधन पर सरकारी अनुदान में वित्तीय अनियमितताओं, भूमि उपयोग में बदलाव, व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन, पशुधन अभिलेखों में कथित गड़बड़ी तथा विभागीय नियमों की अनदेखी जैसे गंभीर आरोप लगे हुए हैं।

मुख्य सचिव कार्यालय के माध्यम से प्राप्त अधिवक्ता मुनीष कुमार शर्मा द्वारा प्रस्तुत लीगल नोटिस के आधार पर राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। समिति को गौशाला से जुड़े विभिन्न मामलों की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच समिति में डॉ. हनुमान सहाय मीणा को अध्यक्ष तथा डॉ. महेश कुमार शर्मा और डॉ. कौशल कुमार मंडावरा को सदस्य बनाया गया है।

# चौमूं के पास गोविन्दगढ़ में कथित नकली मूंगफली बीज पैकेजिंग फैक्टरी का खुलासा

## कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की अगुवाई में छापा मारा, मौके से करीब 60 लाख खाली मूंगफली बोरियां और लगभग 2 लाख साबुत मूंगफली की बोरियां भी मिली

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। चौमूं उपखण्ड के गोविन्दगढ़ के इंडस्ट्रियल एरिया (रीको) में स्थित (एसीएस) फैक्टरी में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की अगुवाई में मंगलवार दोपहर में छापा मारा गया। कार्रवाई के दौरान कथित नकली और अमानक मूंगफली बीज पैकेजिंग का बड़ा खुलासा सामने आया है। छापेमारी के दौरान लाखों खाली बैग, हजारों पैक बीज बैग, हाईटेक मशीनें और बड़ी मात्रा में मूंगफली स्टॉक बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि नकली मूंगफली बीज पैकेजिंग एसीएस फैक्टरी कृषि विभाग की बिना अनुमति संचालित हो रही थी। वहीं कृषि मंत्री ने एसीएस फैक्ट्री को सीज करने व जांच करने के आदेश दिये हैं।



कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने गोविन्दगढ़ स्थित एसीएस फैक्टरी में दबिश दी।

- **छापेमारी के दौरान हजारों पैक बीज बैग, हाईटेक मशीनें और बड़ी मात्रा में मूंगफली स्टॉक बरामद किया गया**
- **नकली मूंगफली बीज पैकेजिंग एसीएस फैक्टरी कृषि विभाग की बिना अनुमति संचालित हो रही थी**

जानकारी के अनुसार कृषि विभाग के द्वारा किसानों को नकली और अमानक बीजों से बचाने के लिए प्रदेशभर में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान चौमूं उपखण्ड के गांव गोविन्दगढ़ में इंडस्ट्रियल एरिया (रीको) में स्थित (एसीएस) फैक्टरी पर बड़ी कार्रवाई की है। यहां 'एग्रो जेनिक्स क्रॉप साइंस' और 'जीएम एग्रो इंडस्ट्रीज' नामक अनधिकृत इकाइयों में 'श्री बालाजी एग्रो सीकर' के नाम से कथित तौर पर गुणवत्ताहीन मूंगफली बीजों की अवैध पैकेजिंग का मामला सामने आया है।

कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने बताया कि जयपुर सहित जोधपुर, बीकानेर, सीकर, चूरू समेत कई जिलों में कृषि विभाग की टीमों ने एक साथ निरीक्षण और कार्रवाई अभियान चलाया। इस दौरान अमानक बीज और कृषि उत्पादों के निर्माण व पैकेजिंग में शामिल कई अवैध इकाइयों पर कार्रवाई की गई। गोविन्दगढ़ में स्थित इकाई से किसान-510 (आरजी-510), एसजी-551 और आरजी-578 किस्मों के नाम पर पैकेजिंग के लिए उपयोग किए जा रहे लाखों खाली बैग और हजारों पैक किए हुए बैग बरामद किए गए। मौके से करीब 60 लाख खाली मूंगफली बोरियां और लगभग 2 लाख साबुत मूंगफली की बोरियां भी मिलीं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इन बोरियों से दाना निकालकर उसे बीज के रूप में पैक किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान मूंगफली से दाना निकालने वाली हाईटेक मशीनें और पैकेजिंग सिलाई मशीनें भी जब्त की गईं। विभाग ने संबंधित इकाइयों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है।

कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा का कहना है कि प्रदेश सरकार एवं कृषि विभाग किसानों को आगामी बुवाई सत्र के लिए उन्नत, प्रमाणित एवं उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने हेतु पूर्णत: प्रतिबद्ध हैं। किसानों के हितों की सुरक्षा तथा कृषि क्षेत्र में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

# मंगेतर ही निकला युवती का कातिल, आरोपी हिरासत में

- **आरोपी युवक किशनगढ़ के यज्ञनारायण अस्पताल में भर्ती है, उपचार जारी**
- **युवक ने युवती को सुनसान इलाके में ले जाकर उसे जहर खिलाया और बाद में गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी थी**
- **युवक और युवती की करीब पांच वर्ष पहले सगाई हुई थी, गत सोमवार सुबह युवक युवती को घर से अपने साथ लेकर गया था**

**अजमेर,** (निसं)। अजमेर जिले के गेगल थाना क्षेत्र स्थित खोड़ा गणेश इलाके में युवती की हत्या के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस की प्रारम्भिक जांच में सामने आया है कि युवती की हत्या उसके मंगेतर ने ही की थी। आरोपी युवक पहले युवती को घर से अपने साथ लेकर गया, फिर सुनसान इलाके में ले जाकर उसे जहर खिलाया और बाद में गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी ने खुद भी जहर खा लिया और परिजनों को फोन कर इसकी सूचना दी। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल आरोपी युवक किशनगढ़ के यज्ञनारायण अस्पताल में भर्ती है, जहां उसका उपचार जारी है।

पुलिस का कहना है कि अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उससे विस्तार से पूछताछ की जाएगी। प्रारम्भिक पड़ताल में यह भी सामने आया है कि आरोपी पहले से हत्या की योजना बनाकर आया था और जहर अपने साथ लेकर गया था। घटना की सूचना मिलने के बाद गेगल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल तथा एमओबी टीम को भी बुलाया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल के साथ-साथ कार से भी महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया कि पुलिस को शाम करीब चार बजे सूचना मिली थी कि युवक और युवती को किशनगढ़ के अस्पताल लाया गया है। पुलिस टीम जब अस्पताल पहुंची तो वहां पता चला कि युवती की मौत हो चुकी है, जबकि युवक का इलाज चल रहा है। पुलिस जांच में सामने आया है कि युवक और युवती की करीब पांच वर्ष पहले सगाई हुई थी। सोमवार सुबह करीब आठ बजे आरोपी युवक युवती को घर से अपने साथ लेकर गया था। इसके बाद दोनों दिनभर विभिन्न स्थानों पर घूमते रहे।

प्रारम्भिक जांच के अनुसार किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसी दौरान आरोपी ने युवती को जहर दिया और बाद में उसका गला घोंट दिया। पुलिस को संदेह है कि आरोपी पूरी तैयारी के साथ आया था, क्योंकि जहर पहले से उसके पास मौजूद था। युवक के साथ अन्य लोग भी थे या नहीं, इस पहलू की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू से जांच की जा रही है।

# कृषि मंत्री ने सीकर में भी खाद एवं बीज फैक्टरी के गोदाम पर कार्रवाई की

- **माल की पैकिंग चौमूं के गोविन्दगढ़ के इंडस्ट्रियल एरिया में किए जाने तथा पैकिंग कट्टों पर सीकर स्थित फैक्टरी का नाम अंकित होने पर कृषि मंत्री ने नाराजगी जताई**

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मंगलवार को सीकर में औद्योगिक क्षेत्र स्थित बालाजी एग्रो इंडस्ट्रीज पर छापेमारी की कार्रवाई की। कृषि मंत्री डॉ.मीणा ने निरीक्षण के दौरान खाद एवं मूंगफली बीज से संबंधित दस्तावेजों की मौके पर जांच करने पर संबंधित फर्म द्वारा आवश्यक बिल, लाइसेंस, पैकेजिंग प्रोसेस उपलब्ध नहीं पाए गए।

कृषि मंत्री डॉ. मीणा के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित फर्म द्वारा बाजार से मूंगफली खरीदकर उसे प्रमाणित बीज के रूप में तैयार किया जा रहा था। साथ ही माल की पैकिंग जिला जयपुर के चौमूं उपखण्ड के गोविन्दगढ़ के इंडस्ट्रियल एरिया में किए जाने तथा पैकिंग कट्टों पर सीकर स्थित फैक्टरी का नाम अंकित होने पर कृषि मंत्री ने गंभीर नाराजगी जताते हुए इसे किसानों के साथ सरासर धोखाधड़ी बताया। कृषि मंत्री डॉ. मीणा ने मौके से खाद एवं मूंगफली बीज के नमूने लेकर जांच के निर्देश दिए तथा कृषि विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नमूने की जांच में अनियमितता पाई जाये तो संबंधित फर्म व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने बताया कि गोविंदगढ़ स्थित गोदाम बिना अनुमति संचालित पाया गया है तथा सीकर इकाई में पैकेजिंग कार्य नहीं होने के बावजूद करोड़ों रुपए की बिक्री दर्शाई जा रही है। इस मामले में मूंगफली एवं अन्य बीजों के नमूनों की जीओ टेकिंग जांच करवाई जाएगी तथा विधिनुसार कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। कृषि मंत्री डॉ. मीणा ने बताया कि कि प्रारंभिक जांच में मूंगफली में अफ्लाटॉक्सिन फंगस की आशंका सामने आई है, जो फसल की गुणवत्ता एवं तेल उत्पादन को प्रभावित करता है तथा यह मानव स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। उन्होंने कहा कि राजस्थान देश में मूंगफली उत्पादन एवं निर्यात का प्रमुख राज्य है और गुणवत्ताहीन बीजों के कारण निर्यात प्रभावित होना गंभीर चिंता का विषय है। इस दौरान कृषि विभाग के उपनिदेशक मोहन सिंह बिजारणिया सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक सहित पांच मोबाइल बरामद

**कोटा,** (निसं)। उद्योग नगर थाना पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई करते हुए शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, पुलिस टीम ने पकड़े गये आरोपी से चोरी की बाइक सहित पांच संदिग्ध मोबाइल बरामद किये हैं।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि शहर में दुपहिया वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं पर रोकथाम लगाने के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शहर एसपी ने बताया कि उद्योग नगर थानाधिकारी मांगेलाल यादव मय जाब्ता इलाके में नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान एक जने पर संदेह होने पर रोककर डिटेन कर पूछताछ की गई। शहर एसपी ने बताया कि पूछताछ में व्यक्ति के पास से 13 मई को थाना क्षेत्र से चोरी की गई मोटरसाइकिल व पांच संदिग्ध मोबाइल बरामद किये गये। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रेम नगर अफोर्डेबल योजना निवासी रवि (29) को गिरफ्तार किया, पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

# जोधपुर में अवैध हथियार के साथ दो गिरफ्तार

## दोनों आरोपी अवैध हथियारों की स्थानीय स्तर पर सप्लाई करते थे

- **दो अवैध पिस्टल, तीन मैगजीन व चार जिंदा कारतूस बरामद किये**
- **मुल्जिम विक्रम पुलिस थाना बिलाड़ा के मामलों में वांछित चल रहा था**

**जोधपुर,** (कासं)। सायबर सैल जिला जोधपुर ग्रामीण व पुलिस थाना सोजत रोड ने संयुक्त रूप से अवैध हथियारों की तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो अवैध पिस्टल, तीन मैगजीन व चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपी अवैध हथियारों की स्थानीय स्तर पर सप्लाई करते थे।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक पीडी नित्या ने बताया कि एएसआई मनफूल के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। कांस्टेबल सेठाराम व किशोर दुकतावा की मुखबिरी सूचना पर सियाट बस स्टैंड सोजत रोड से पुलिस थाना सोजत रोड की इमदाद से दो मुल्जिम घाणामगरा पुलिस थाना बिलाड़ा निवासी विक्रम पुत्र रामनिवास जाट एवं तिलवासनी निवासी रामकिशोर पुत्र बुधाराम विश्नोई को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। तलाशी के दौरान उनके पास दो अवैध पिस्टल, तीन मैग्जीन व चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। जांच में पता चला कि मुल्जिम विक्रम पुलिस थाना बिलाड़ा के मामलों में वांछित चल रहा था। विक्रम के विरूद्ध पूर्व में भी आर्म्स एक्ट, डकैती के प्रकरण दर्ज हैं।

# वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, बाड़मेर के दो बदमाश गिरफ्तार

## जोधपुर के मण्डोर थाना क्षेत्र से चुराई गई दो स्कॉर्पियो के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर के पुलिस थाना मंडोर ने सायबर सेल और डीएसटी बाड़मेर के साथ एक संयुक्त व कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मण्डोर थाना क्षेत्र से चुराई गई दो लग्जरी स्कॉर्पियो गाड़ियों के मामले में बाड़मेर के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

यह गिरोह तकनीकी रूप से इतना माहिर था कि गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने हथकंडे बदल रहा था। पुलिस टीमों ने जोधपुर से लेकर पचपदरा (बाड़मेर) तक सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे खंगाले, तब कहीं जाकर इन्हें ट्रेस किया जा सका। आरोपियों के कब्जे से एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो बरामद कर ली गई है, वहीं इनसे वाहन चोरी की कई अन्य वारदातों का भी बड़ा खुलासा होने की पूरी संभावना है।

पुलिस उपायुक्त पूर्व मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस थाना मंडोर क्षेत्र में वाहन चोरी की दो बड़ी वारदातें हुई थी। 28 मार्च को पुनित नगर निवासी धीरज गहलोत के घर के बाहर से रात के समय अज्ञात चोर उनकी ब्लैक स्कॉर्पियो (एस-11 मॉडल) चुरा ले गए थे। इसके बाद 13 मई को भानू विहार फूलबाग निवासी मोहन परिहार की सफेद स्कॉर्पियो भी घर के बाहर से चोरी हो गई। एक ही थाना क्षेत्र से दो लग्जरी वाहनों की चोरी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त शरत कविराज ने अपराधियों की धरपकड़ के विशेष निर्देश दिए थे।

एडीसीपी पूर्व वीरेन्द्र सिंह और एसीपी मंडोर अनिल शर्मा के सुपरविजन में मंडोर थानाधिकारी शेषकरण बारहठ के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। इस टीम में पुलिस थाना बनाड़ के थानाधिकारी लेखराज सियाग को भी शामिल किया गया। जांच में सामने आया कि गिरोह अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय है। इस पर पुलिस थाना मंडोर, सायबर सेल (जोधपुर पूर्व) और डीएसटी (बाड़मेर) ने आपसी समन्वय स्थापित किया। इन टीमों ने चार दिन तक अनवरत काम करते हुए जोधपुर से पचपदरा (बाड़मेर) तक के सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज चेक किए और आरोपियों को नामजद करने में सफलता हासिल की। सतत निगरानी के जरिए पुलिस ने इस गिरोह के दो सदस्यों को दस्तयाब कर लिया। कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने जोधपुर में दोनों स्कॉर्पियो चुराने की वारदातें कबूल कर ली। पुलिस ने बाड़मेर के बायतू भोपाजी बेरड़ों की ढाणी निवासी मुकेश कुमार सैन (25) पुत्र चनणाराम और सदर बाड़मेर डाबलीसरा निवासी रेखाराम जाट (20) पुत्र हनुमानराम को गिरफ्तार कर लिया है। इनके कब्जे से द्वितीय प्रकरण में चोरी हुई सफेद स्कॉर्पियो बरामद हो गई है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश और पहली स्कॉर्पियो की बरामदगी में जुटी है।

# अलवर में सरकारी टीचर के घर से 45 लाख के सोने के जेवर चोरी

## परिवार गोवर्धन परिक्रमा के लिए गया हुआ था, वापस लौटने पर मकान के ताले टूटे मिले

**अलवर,** (निसं)। अलवर में चोरों ने सरकारी टीचर के सूने मकान को निशाना बनाते हुए करीब 45 लाख रुपए के सोने के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। परिवार गोवर्धन परिक्रमा के लिए बाहर गया हुआ था और वापस लौटने पर मकान के ताले टूटे मिले। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी से लाखों के गहने गायब थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

घटना सोमवार देर रात खेड़ली कस्बे के वार्ड नंबर 7 स्थित कजोड़ी मोहल्ले की है, जहां सरकारी टीचर रवि टांक के घर में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोरी की घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस के मुताबिक रवि टांक पुत्र भगवान टांक सोमवार शाम करीब 7 बजे अपनी पत्नी और साथियों के साथ गोवर्धन परिक्रमा के लिए गए थे। परिवार घर पर ताला लगाकर गया था। मंगलवार सुबह वापस लौटने पर मकान के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो घर का सामान बिखरा पड़ा था और एक कमरे का ताला भी टूटा हुआ था।

पीड़ित टीचर रवि टांक ने बताया कि कमरे में रखी अलमारी से करीब 30 तोला सोने के जेवर चोरी हो गए। चोरी हुए जेवरों में सोने की चार चैन, पैंडल, कड़े, चार चूड़ियां और 16 अंगूठियां शामिल हैं। चोर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। चोरी हुए गहनों की बाजार में करीब 45 लाख रुपए की कीमत है। सूचना पर खेड़ली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं। फिलहाल पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

# घड़साना थाने का एसआई रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बीकानेर,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बीकानेर की टीम ने सोमवार को घड़साना पुलिस थाने में दबिश देकर सब इंस्पेक्टर (एसआई) रामेश्वरलाल बिश्नोई को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी जेएम एरिया में कृषि भूमि विवाद के एक केस में एफआर लगाने के एवज में घूस मांग रहा था। एसीबी एएसपी विनोद कुमार के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में आरोपी को उसके कार्यालय में ही दबोचा गया, जहां हाथ धुलवाने पर पानी का रंग गुलाबी हो गया।

आरोपी की हाल ही में पदोन्नति हुई थी और अक्टूबर 2025 में बीकानेर से घड़साना थाना में पदस्थापन हुआ था। एसीबी के अनुसार सितंबर 2025 में दर्ज कृषि भूमि इकरारनामे के केस में हाईकोर्ट से स्टे मिला हुआ था। इसके बावजूद जांच अधिकारी एसआई रामेश्वरलाल बिश्नोई घूस के लिए दबाव बना रहा था। उसने 25 मार्च को परिवादी को थाने बुलाकर मामला रफा-दफा करने के लिए 50 हजार रुपए मांगे और न देने पर केस खिलाफ करने की धमकी दी।

# सीकर के सरगोठ में 210 किलो नकली घी जब्त, एक गिरफ्तार

## लोटस घी के 14 टिन भरे सहित 2 पैकिंग मशीन, लोटस घी के 140, सरस के 2, वनस्पति के 21, दीपज्योति के 4 खाली टिन मिले

- **आरोपी युवक कमलेश सिंह पाम ऑयल और फ्लेवर से नकली घी तैयार करता था, ऐसे में टिन की आधी रेट में नकली घी तैयार हो जाता था**

**सीकर,** (निसं)। सीकर की डीएसबी ब्रांच ने रींगस पुलिस के साथ मिलकर देर रात नकली घी के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने सीकर-जयपुर बॉर्डर पर स्थित एक घर में दबिश देकर 210 किलो नकली घी पकड़ा है। साथ ही कंपनियों के खाली टिन भी मिले। पुलिस ने मामले में नकली घी बनाने वाले आरोपी युवक को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट में मुकदमा भी दर्ज किया गया है।

डीएसबी ब्रांच के एएसआई महेश कुमार यादव ने बताया कि ह्यूमन इंटेलिजेंस के जरिए सूचना मिली थी कि सरगोठ गांव में एक मकान में नकली घी बनाया जा रहा है। इसके बाद एसपी प्रवीण नायक नूनावत, रींगस एएसपी दीपक गर्ग के निर्देश पर रींगस थाना प्रभारी दिलीप सिंह और थाने की टीम के साथ कमलेश सिंह (28) पुत्र भवानी सिंह के मकान पर दबिश दी गई। यहां पर लोटस घी के 14 टिन भरे हुए मिले। इसके अलावा 2 पैकिंग मशीन, लोटस घी के 140, सरस के 2, वनस्पति के 21, दीपज्योति के 4 खाली टिन मिले।

मामले में लोटस कंपनी के प्रतिनिधियों के द्वारा रींगस पुलिस थाने में कॉपीराइट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया गया। अब तक की इन्वेस्टीगेशन में सामने आया है कि आरोपी युवक कमलेश सिंह पाम ऑयल और फ्लेवर से नकली घी तैयार करता था। ऐसे में टिन की आधी रेट में नकली घी तैयार हो जाता था। जिसे दोगुनी कीमत में मार्केट में बेचा जाता था। मामले में आरोपी कमलेश सिंह से पूछताछ जारी है। आरोपी लंबे समय से खाटूश्यामजी और आसपास के कस्बों में नकली घी सप्लाई करता था। इसके अलावा बड़े शादी समारोह में इस नकली घी को सप्लाई किया जाता था।

# नौतपा के दूसरे दिन उबला चूरू, पारा 44.8 डिग्री पहुंचा

**चूरू,** (निसं)। प्रदेश में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने आमजन के पसीने छुड़ा कर रख दिये हैं। सूर्य उदय होने के साथ ही अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर देता हैं, जिससे दिन बढ़ने के साथ-साथ सूर्य की तपन भी बढ़ जाती हैं। चूरू में नौतपा के दूसरे दिन उमस भरी गर्मी ने आमजन को परेशान करके रख दिया। गर्मी के कारण घरों में पंखे कूलर भी बेअसर साबित होने लगे। मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे तापमान 27 डिग्री पर पहुंच गया, जो दिन चढ़ने के साथ साढ़े 11 बजे 40.2 डिग्री, दोपहर ढ़ाई बजे 44 डिग्री व शाम साढ़े पांच बजे 44.8 डिग्री के पास पहुंच गया वहीं न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। इस भीषण गर्मी के चलते दोपहर के समय शहर की मुख्य सड़के सूनी रही और बाजारों में आवाजाही बहुत कम रही।

- **प्रदेश में चल रहा हीटवेव का दौर आगामी दो-तीन दिन जारी रहने की संभावना जताई**
- **एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 28 मई से राज्य के कुछ भागों में आंधी बारिश की गतिविधियां शुरू होने की संभावना**



चूरू में तेज गर्मी के चलते दोपहर में भी सड़कें सूनी नजर आई।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में चल रहा हीटवेव का दौर आगामी दो-तीन दिन जारी रहने की संभावना है। इस दौरान अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री दर्ज होने की संभावना है। बीकानेर, कोटा संभाग व शेखावाटी क्षेत्र में कहीं-कहीं अधिकतम तापमान 46-47 डिग्री दर्ज होने की संभावना जताई जा रही है।

एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 28 मई से राज्य के कुछ भागों में आंधी बारिश की गतिविधियां शुरू होने की प्रबल संभावना है। आंधी बारिश की गतिविधियों में 30 मई से और बढ़ोतरी होने तथा जून के प्रथम सप्ताह में भी कुछ भागों में आंधी-बारिश की गतिविधियां जारी रहने की प्रबल संभावना है। आंधी-बारिश के असर से 29 मई से तापमान में 2 से 3 डिग्री गिरावट होने की प्रबल संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार चूरू में मंगलवार को अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री दर्ज किया गया। गर्मी व हीटवेव से राहत पाने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं।

## 'जल संरक्षण जन अभियान' में विभिन्न गतिविधिया आयोजित

**जयपुर।** राजस्थान सरकार की मंशा अनुरूप जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने एवं आमजन में जल बचाने के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जिला कलक्टर संदेश नायक के निर्देशन में मंगलवार को जयपुर जिले के समस्त ब्लॉक मुख्यालयों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न जन-जागरूकता एवं जल संरक्षण गतिविधियों का आयोजन किया गया।

अभियान में जल संरक्षण एवं जन सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया गया तथा आमजन को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। इसके साथ ही नवीन अमृत सरोवर, जल संरक्षण एवं जल संवर्धन संरचनाओं का शिलान्यास एवं भूमि पूजन तथा पूर्ण कार्यों का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया गया।

हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत पौधारोपण की अग्रिम तैयारियां की गईं। ओरण एवं चारागाह क्षेत्रों का चिन्हांकन कर घास बुवाई एवं पौधारोपण की तैयारी सुनिश्चित की गई। कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान में स्वीकृत कार्यों का अवलोकन एवं नवीन कार्यों की स्वीकृति भी दी गई। जल संबल जन सहभागिता 2.0 पोर्टल पर इन्द्राज किया गया।जिला प्रशासन ने आमजन, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की ताकि जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा सके।

# पिस्टल की नोक पर 47.90 लाख रुपये की फिरौती वसूलने वाली अंतरराज्यीय गैंग का पर्दाफाश

### चारों आरोपियों पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित था

**जयपुर।** भांकरोटा थाना पुलिस ने बुजुर्ग दंपत्ति को बंधक बनाकर पिस्टल की नोक पर 47.90 लाख रुपये की फिरौती वसूलने वाले अंतरराज्यीय गैंग का पर्दाफाश करते हुए चार इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 44.50 लाख रुपये नकद, एक अवैध देशी पिस्टल, वारदात में प्रयुक्त लग्जरी कार और फिरौती की रकम से खरीदा गया घरेलू सामान बरामद किया है। चारों आरोपियों पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) प्रशांत किरण ने बताया कि भांकरोटा थाना पुलिस ने बुजुर्ग दंपत्ति को बंधक बनाकर पिस्टल की नोक पर 47.90 लाख रुपये की फिरौती वसूलने वाले अंतरराज्यीय गैंग के शातिर बदमाश निखिल तिवाडी उर्फ मोहित तिवाडी उर्फ गुरूप्रित सिंह उर्फ अखिल अग्रवाल (40 ) निवासी बिहार हाल उत्तर प्रदेश ,उस्मान गनी (62 )निवासी उदयपुर , वसीम अख्तर उर्फ गोलू (34) निवासी बिहार और अखिल कुमार महरिवाला( 32) निवासी चूरू हाल बिहार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 44 लाख 50 हजार रुपये नकद, वारदात में प्रयुक्त एक अवैध देशी पिस्टल, केआईए सोनेट कार और करीब 80 हजार रुपये का घरेलू सामान



भांकरोटा थाना पुलिस ने चार इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया।

बरामद किया है। पूछताछ में सामने आया है कि गिरोह राजस्थान समेत अन्य राज्यों में भी इसी प्रकार की वारदातों को अंजाम दे चुका है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर गैंग के नेटवर्क और अन्य मामलों की जांच कर रही है।

थानाधिकारी शेर सिंह ने बताया कि 12 मई 2026 को वैशाली नगर निवासी विजय लक्ष्मी ने भांकरोटा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि आरोपितों ऑनलाइन वेब पोर्टल पर प्रॉपर्टी बेचने के नाम पर संपर्क करते थे और खुद को दुबई का बड़ा गोल्ड व्यापारी बताते थे।

पुलिस जांच में सामने आया कि 2 मई को मुख्य आरोपी निखिल तिवाड़ी उर्फ अखिल अग्रवाल ने बुजुर्ग दंपत्ति को बालाजी एनक्लेव, चौरड़िया सिटी स्थित एक विला में प्रॉपर्टी दिखाने के बहाने

■ **आरोपियों के कब्जे से 44.50 लाख रुपये नकद, एक अवैध देशी पिस्टल, वारदात में प्रयुक्त लग्जरी कार और फिरौती की रकम से खरीदा गया घरेलू सामान बरामद किया**

बुलाया। वहां पहले से मौजूद बदमाशों ने दंपत्ति को बंधक बना लिया और पिस्टल दिखाकर 60 लाख रुपये की मांग की। आरोपियों ने दंपत्ति को दो दिन तक बंधक बनाए रखा तथा परिजनों को धमकाकर 47.90 लाख रुपये मंगवा लिए। रकम मिलने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

इस हाई प्रोफाइल वारदात के बाद पुलिस कमिश्नरेट ने अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश गुप्ता और सहायक पुलिस आयुक्त बगरू हेमेंद्र शर्मा के सुपरविजन में चार विशेष टीमें गठित कीं। तकनीकी जांच, मोबाइल लोकेशन और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## सार-समाचार

### सूने मकानों को निशाना बनाने वाला शातिर चोर गिरफ्तार



**जयपुर।** जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने सूने मकानों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया गैस सिलेंडर बरामद किया है। आरोपी ने पूछताछ में इलाके के तीन अन्य सूने मकानों में भी चोरी करना कबूल किया है। पुलिस उपायुक्त (जयपुर उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने सूने मकानों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर मोहम्मद आरिफ (32) निवासी किशनगढ़ जिला अजमेर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया गैस सिलेंडर बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने जयसिंहपुरा खोर क्षेत्र के तीन अन्य सूने मकानों के ताले तोड़कर चोरी करना भी स्वीकार किया है। पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। संभावना है कि पूछताछ में अन्य चोरी की वारदातों का भी खुलासा हो सकता है।

### 'गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग ही है अभिरुचि शिविर'

**जयपुर।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित अभिरुचि शिविर का मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा ने औचक निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अवलोकन के दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा ने कहा कि अभिरुचि शिविर बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को बाहर लाने का एक बेहतरीन मंच हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी की छुट्टियों का इससे बेहतर सदुपयोग नहीं हो सकता। यहाँ बच्चे न केवल नई कलाएँ और तकनीक सीख रहे हैं, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है। बच्चों द्वारा किया जा रहा प्रदर्शन वाकई बेहतरीन और सराहनीय है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने शिविर में संचालित विभिन्न विधाओं की कक्षाओं का गहनता से अवलोकन किया। बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स व वेस्ट मटीरियल से तैयार क्राफ्ट वर्क का भी अवलोकन किया। रिसोर्स पर्सन ओमप्रकाश गौतम ने विद्यार्थियों के सीखने के जज्बे एवं उपलब्धियां की सराहना की। प्रधानाचार्य गिरिराजप्रसाद गुर्जर ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें जीवन में शिक्षा के साथ-साथ इन व्यावहारिक कौशलों के महत्व को समझाया। स्काउट गाइड के सचिव विष्णुकांत शर्मा ने बताया कि शिविर में बच्चों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों, सीखे जा रहे तकनीकी कौशलों व उनके उत्साह को देखकर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों की सराहना की। इस दौरान संदर्भ व्यक्ति पदमचंद सोगानी, लीना विजय, सुमन रूलानिया, मोहनलाल निराला, रामकिशन गुर्जर, सोहनलाल वर्मा, पप्पूलाल मीणा, मांगीलाल थोरी, गिरिराज वर्मा, राजेंद्र शर्मा, अशोक चौधरी ने मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी को शिविर की प्रगति एवं व्यवस्थाओं से अवगत कराया।

### बैग पाकर बच्चों के खिले चेहरे

**जयपुर।** कीर कोलोनी में शिव मंदिर में स्थित राधा कृष्ण बाल संस्कार केंद्र में बच्चों को किन्नर अखाड़ा जगतगुरु तनीषा सनातनी द्वारा बैग वितरित किए गए। बैग पाकर बच्चों के चेहरे खिल गए। जिसको लेकर बच्चों में बहुत उत्साह देखा गया। तनीषा सनातनी ने कहा कि बालक देश का भविश्य है। वर्तमान में बालकों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी जरूरी है। आज देश को राष्ट्र भक्ति से ओत एवं भारतीय संस्कृति के रक्षक बालकों की आवश्यकता है। बाल संस्कार केंद्र संचालिका आशा मैडम ने बताया कि बाल संस्कार केंद्र में 51 बच्चों को बेग वितरित किए गए। केंद्र में प्रतिदिन सायंकाल बच्चों को विद्या अध्ययन, अनुशासन व अध्यात्म खेल आदि की निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। जिससे बालकों में व्यक्तित्व विकास होता है। इस अवसर पर सेवा भारती के महेंद्र जैन, दिनेश मंगल व चंद्रप्रकाश खंडेलवाल सहित कई कॉलोनीवासी मौजूद थे।

### किसान जल यात्रा आज से

**जयपुर।** किसान महापंचायत के तत्वावधान में 27 मई से किसान जल यात्रा शुरू की जाएगी। ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ सिंह पलेई ने बताया कि जल यात्रा को की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए किसान महापंचायत के पदाधिकारी जोर-शोर से कार्य कर रहे हैं। रथ यात्रा को अंतिम रूप दिया गया। उन्होंने बताया कि जल यात्रा से लोगों में जागरुक किया जाएगा। जल यात्रा किसानों के लिए वरदान सिद्ध होगा। इस अवसर पर युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी, शंकर मीणा, महामंत्री सूरजनारायण जाट, महासचिव गोविंदराम चैधरी, नवलसिंह राजावत व राजाराम पहाडी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भगवतपुरा के जंगलों में लगी आग

**जयपुर।** गांव भगवतपुरा के जंगलों में अचानक भीषण आग लगने से हडक़ंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते झाडिय़ों सहित कई हरे-भरे पेड़-पौधों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे काफी वनस्पति जलकर राख हो गई। घटना की सूचना फायरमैन अजय यादव, दिलखुश गुर्जर, धोलूराम मीणा एवं चालक हरिनारायण मीणा तुरंत दमकल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर तेज हवाएं चल रही थीं, जिसके कारण आग की लपटें तेजी से गांव की ओर बढ़ रही थीं। दमकल कर्मियों ने साहस का परिचय देत हुए करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। उन्होंने बताया कि किसी राहगीर ने बीडी पीकर फेक दी। तेज हवा के चलते बीडी के नीचे पड़े घासफूंस सुलग गए। जिससे आग लगी थी।

### चुनाव संपन्न

**जयपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर की तहसील कार्यकारणी के चुनाव निर्वाचनधिकारी छोटूलाल चंदेल एवं चुनाव अधिकारी रमेशचंद बोयत की देख रेख में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। चुनाव के दौरान सर्वसम्मति से सभा अध्यक्ष पद पर गोकुलचंद बैरवा को मनोनीत किया गया।

## थाईलैंड निवासी महिला सोना तस्कर का पासपोर्ट रिलीज करने के आदेश

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सोना तस्करी के आरोप में निचली अदालत में ट्रायल का सामना कर रही थाईलैंड निवासी महिला सोना तस्कर का पासपोर्ट रिलीज करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने निचली अदालत को कहा है कि वह पासपोर्ट के नवीनीकरण के लिए उसे रिलीज करें। वहीं अदालत ने स्पष्ट किया है कि याचिकाकर्ता बिना अदालत की अनुमति देश छोडकर नहीं जाएगी। इसके साथ ही अदालत ने मामले में उचित कार्रवाई के लिए इस फैसले की जानकारी इमिग्रेशन ऑफिसर को देने को कहा है। जस्टिस अनूप कुमार की एकलपीठ ने यह आदेश आरोपी महिला की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता अरविंद भादू ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता को सोना तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और आर्थिक अपराध अदालत में उसकी सुनवाई चल रही है। याचिकाकर्ता को मामले में जमानत मिल चुकी है, लेकिन उसका पासपोर्ट बीते साल 6 जनवरी को एक्सपायर होने के चलते वह थाईलैंड नहीं जा पा रही है।

पासपोर्ट का नवीनीकरण कराने के लिए उसने निचली अदालत में प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन अदालत ने उसे खारिज करते हुए पासपोर्ट रिलीज करने से इनकार कर दिया। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत विदेशी व्यक्ति सहित सभी लोगों को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार है। ऐसे में उसका पासपोर्ट रिलीज किया जाए। जिसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता सोना तस्करी करने की आदतन अपराधी है।

## जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर आयोजित

**जयपुर।** जनजातीय गौरव उत्सव के अंतर्गत केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार 18 मई से 25 मई तक जयपुर जिले में जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले अभियान संचालित किया गया। अभियान का शुभारंभ जिला कलक्टर संदेश नायक द्वारा किया गया था ।अभियान के अंतर्गत जयपुर जिले की चिन्हित 10 पंचायत समितियों की 105 ग्राम पंचायतों के 177 जनजातीय बाहुल्य गांवों एवं सेवा केंद्रों पर जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर आयोजित किए गए। अभियान के समापन अवसर पर जिला परिषद जयपुर की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रतिभा वर्मा ने बताया कि अभियान में 17 विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को प्रदान की गई।

## मरीज बेहाल, जननी एक्सप्रेस बंद और मुख्यमंत्री भ्रमण में मगन : टीकाराम जूली

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राज्य की चरमराती स्वास्थ्य व्यवस्था पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं की जो भयावह तस्वीर सामने आ रही है, वह बेहद चिंताजनक और सरकार की संवेदनहीनता का जीवंत प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि राइट टू हेल्थ जैसा ऐतिहासिक कानून देने वाले हमारे अग्रणी राज्य में पिछले 170 दिनों से 600 जननी एक्सप्रेस एम्बुलेंस गाड़ियों के पहिए पूरी तरह थमे हुए हैं।

सिर्फ सरकारी ढिलाई और समय पर टेंडर प्रक्रिया पूरी न होने के कारण आज रोजाना करीब 1700 गर्भवती महिलाएं और नवजात शिशु गंभीर आपातकाल में भी भगवान भरोसे छोड़ दिए गए हैं, जो इस सरकार के माथे पर बड़ा कलंक है।

गंभीर नाराजगी जताते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह वेंटिलेटर पर है, जनता इलाज के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है, लेकिन इन सबके बीच सूबे के मुखिया यानी मुख्यमंत्री जी सिर्फ हवाई दौरों और राजनीतिक भ्रमण में मगन हैं। जूली ने सरकार को चेताते हुए कहा कि अब केवल ढाई साल ही बचे हैं।

जनता की सुध न लेने वाली यह निकम्मी सरकार वक्त पूरा होने पर आखिर किस मुंह से जनता के बीच जाएगी और अपनी इन नाकामियों पर क्या जवाब देगी?

नेता प्रतिपक्ष ने तीखे तेवर अपनाते हुए कहा कि यह बदहाल स्थिति साफ दर्शाती है कि वर्तमान भाजपा सरकार के कुप्रबंधन के कारण राज्य की वित्तीय और प्रशासनिक हालत किस कदर बिगड़ चुकी है और पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है।

जूली ने सवाल उठाया कि जब चिकित्सा जैसे अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र और आपातकालीन जीवनरक्षक सुविधाओं का सचिवालय से लेकर जमीन तक यह हाल है, तो सरकार के अन्य विभागों की जमीनी स्थिति का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है; पूरी सरकार केवल विज्ञापनों और आपसी खींचतान में मगन है।

जूली ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि अस्पतालों और आपातकालीन सेवाओं के बजट को जानबूझकर अटकाकर आम जनता और गरीब तबके के जीवन को संकट में डालना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय है।

## फर्जी ई-मित्र आईडी के नाम पर साइबर ठगी का कॉल सेंटर पकड़ा

**जयपुर।** राजधानी में फर्जी ई-मित्र रिटेलर आईडी दिलाने के नाम पर साइबर ठगी करने वाले कॉल सेंटर का खुलासा करते हुए पुलिस थाना रामनगरिया, सीएसटी और साइबर पुलिस थाना की संयुक्त टीम ने जगतपुरा स्थित एबीएस प्लाजा में छापा मारकर 9 वयस्क आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

वहीं एक विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश कर बाल सम्प्रेषण गृह भेजा गया है। पुलिस ने मौके से 8 लैपटॉप, 9 मोबाइल फोन, 6 लैपटॉप चार्जर और वारदात में प्रयुक्त वाहन जब्त किया है।

पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जगतपुरा के 7 नंबर बस स्टैंड के पास एबीएस प्लाजा की प्रथम मंजिल पर संचालित फर्जी कॉल सेंटर पर कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार गिरोह लैपटॉप

■ **जगतपुरा के एबीएस प्लाजा में 9 वयस्क आरोपियों को गिरफ्तार किया**

और मोबाइल फोन के जरिए लोगों को कॉल कर ई-मित्र रिटेलर आईडी दिलाने का झांसा देता था।

इसके लिए कथित वेबसाइट, साझा ईमेल आईडी, मोबाइल नंबरों की डेटा शीट, व्हाट्सऐप पेमेंट ग्रुप और क्यूआर कोड आधारित भुगतान प्रणाली का उपयोग किया जा रहा था। इच्छुक लोगों से यूपीआई और क्यूआर कोड के माध्यम से राशि वसूली जाती थी, लेकिन भुगतान के बाद वास्तविक ई-मित्र सेवा उपलब्ध नहीं कराई जाती थी।

विशेष पुलिस कमिश्नर ओम प्रकाश ने बताया कि प्रारंभिक जांच में एक मुख्य संचालक की भूमिका सामने आई है, जिसने कार्यालय, लैपटॉप, सिम, वेबसाइट, क्यूआर कोड और भुगतान व्यवस्था उपलब्ध कराई थी। मुख्य आरोपी फिलहाल फरार है और उसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। गिरफ्तार आरोपियों में 4 पुरुष और 5 महिलाएं शामिल हैं। पुरुष आरोपियों को न्यायालय में पेश कर 29 मई तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि महिला आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपियों में अजय सिंह, इन्द्रजीत सिंह, शुभम योगी, दिलखुश उर्फ सागर गुर्जर, सोनिया द्विवेदी, नेहा सिंह, कंचन महावर, रीतू सिंह और शालू रावत शामिल हैं।पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव नैन ने बताया कि डिजिटल उपकरणों, बैंक खातों, ईमेल लॉगिन, यूपीआई ट्रांजेक्शन और सिम केवाईसी का तकनीकी विश्लेषण किया जा रहा है, ताकि पूरे साइबर फ्रॉड नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

## अवैध हुक्का बार में मैनेजर समेत 10 गिरफ्तार

**जयपुर।** राजधानी के अशोक नगर थाना क्षेत्र स्थित सी-स्कीम में जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए एक अवैध हुक्का बार का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने ओके प्लस टॉवर की 10वीं मंजिल पर संचालित ब्रूलिशियस रूफटॉप बार पर छापा मारकर 21 हुक्के, 26 पाइप और 15 फ्लेवर के डिब्बे बरामद किए हैं। विशेष पुलिस कमिश्नर ओम प्रकाश ने बताया कि कार्रवाई के दौरान बार के मैनेजर सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 10 लोगों के खिलाफ कोटपा एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार सी-स्कीम स्थित ओके प्लस टॉवर में संचालित ब्रूलिशियस रूफटॉप बार में अवैध रूप से हुक्का परोसा जा रहा था। सूचना मिलने पर सीएसटी टीम ने छापेमारी की कार्रवाई में मौके से हुक्के और अन्य सामग्री जब्त की।

## 'भाजपा ने धर्म को राजनीति नहीं, विकासनीति को बनाया आधार'

**जयपुर।** विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर तीखा पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार और विफलताओं को राजस्थान की जनता कभी नहीं भूल सकती। आज अशोक गहलोत सुर्खियों में बने रहने और जनता को गुमराह करने के लिए बेबुनियाद बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि उनके कार्यकाल में राजस्थान का बेड़ा गर्क हो गया था।

जोगाराम पटेल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने योजनाओं को जनता के विकास का माध्यम नहीं, बल्कि अपना और अपनों का उद्धार करने का जरिया बना लिया था।

वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार, जल संरक्षण और दीर्घकालिक जल प्रबंधन को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश के भविष्य को

■ **'कांग्रेस सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार और विफलताओं को राजस्थान की जनता कभी नहीं भूल सकती'**

सुरक्षित करने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में जल संकट केवल भाषणों और घोषणाओं तक सीमित रहा, जबकि भाजपा सरकार धरातल पर कार्य कर रही है।

रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, ईएनजीपी का सुदृढ़ीकरण, गंगनहर, माही, देवास तथा सोम-कमला-अंबा परियोजनाओं पर रिकॉर्ड गति से कार्य किया जा रहा है। भाजपा सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र तक पेयजल पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है।

## महिलाओं ने पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया

**जयपुर।** विद्याधर नगर विधानसभा की निवारू रोड की कॉलोनी में पेयजल समस्या को लेकर महीने भर से जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिसमें 21 साउथ कॉलोनी

■ **बार-बार शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई इस भीषण गर्मी में लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा**

भगवान बाहुबली नगर नारायणपुरी रानी कॉलोनी लक्ष्मी नगर एवं आसपास की कॉलोनी में पेयजल समस्या बनी हुई है बार-बार शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई इस भीषण गर्मी में लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय निवासियों द्वारा जलदाय विभाग पर फूटा गुस्सा



स्थानीय निवासियों ने पेयजल समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा।

अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई कॉलोनी के लोगों ने बताया ना तो नल में पानी आ रहा है और नहीं पानी के टैंकर द्वारा पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

मंजू शर्मा पूर्व उपाध्यक्ष विप्र कल्याण बोर्ड राजस्थान सरकार ने बताया कि अधिकारियों द्वारा 7 दिन का समय मांगा गया 7 दिन में पेयजल की समस्या के समाधान हो जाएगा।

## पेड़ों की कटाई के विरोध में महापंचायत आज

**जयपुर।** रिको के भूमि अधिग्रहण के विरोध में, दादू पंत के संतों की पावन स्थली के अवाप्तीकरण तथा सरकार की प्रस्तावित औद्योगिक परियोजना से होने वाली हजारों पेड़ों की कटाई के विरोध में बुधवार को दोपहर 12:15 बजे से जयपुर जिले के भैराणा धाम में विशाल महापंचायत का आयोजन होगा, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने आरएलपी कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों व जन प्रतिनिधियों को अधिक से अधिक संख्या में इस महापंचायत में सम्मिलित होने का आव्हान किया,बेनीवाल ने कहा कि संत समाज के पावन स्थान को बचाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित हो रही इस महापंचायत में सरकार से आर - पार की लड़ाई होगी ,बेनीवाल ने जारी प्रेस बयानों में कहा कि राजस्थान की संत परंपरा, गौ-सेवा और पर्यावरण संरक्षण की पहचान रहे जयपुर जिले का यह भैराणा धाम सैकड़ों वर्षों से न केवल आस्था का केंद्र है।

## पानी की सप्लाई न होने के विरोध में प्रदर्शन

### पिछले डेढ़ महीने से पानी की बूंद-बूंद के लिए लगातार सड़क पर संघर्ष कर रहे हैं : पार्षद करण शर्मा

**जयपुर।** जयपुर शहर में जारी भीषण जल संकट और जलदाय विभाग की कुंभकर्णी नींद के विरोध में आज वार्ड नंबर 134 के पार्षद पंडित करण शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों ने एक अनोखा और प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। पिछले डेढ़ महीने से लगातार पानी की समस्या को लेकर आंदोलनरत पार्षद करण शर्मा ने आज जयपुर शहर की दम तोड़ चुकी पेयजल व्यवस्था को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान मौजूद जनता को संबोधित करते हुए पार्षद पंडित करण शर्मा ने कहा, "आज बड़े दुख और आक्रोश के साथ हमें जयपुर की पेयजल व्यवस्था की शोक सभा करनी पड़ रही है। पिछले डेढ़ महीने से मैं लगातार जनता की प्यास बुझाने के लिए जलदाय विभाग के चक्कर काट रहा




पार्षद पंडित करण शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों ने एक अनोखा व प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया।

हूँ, धरने दे रहा हूँ, प्रदर्शन कर रहा हूँ, लेकिन प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। शहर के कई इलाकों में हफ़्तों से पानी नहीं आया है, और जहाँ आ रहा है वहाँ गंदा और कम दबाव का पानी मिल रहा है। जब सरकारी तंत्र पूरी तरह मृत हो चुका हो, तो श्रद्धांजलि देने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता।"

पंडित करण शर्मा ने बताया कि पार्षद करण शर्मा पिछले 45 दिनों से लगातार जनता की इस मूलभूत समस्या को लेकर सड़कों पर हैं। जलदाय विभाग

■ **पार्षद पंडित करण शर्मा ने जयपुर की पेयजल व्यवस्था को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देकर विभाग को जगाने का प्रयास किया**

के कार्यालयों के घेराव से लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने तक, हर स्तर पर प्रयास किए जा चुके हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में जब आम जनता, विशेषकर गृहणियां और छात्र, पानी के एक-एक टैंकर के लिए तरस रहे हैं, तब विभाग मूकदर्शक बना बैठा है।

करण शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यह श्रद्धांजलि प्रदर्शन जलदाय विभाग और प्रशासन के लिए आखिरी चेतावनी है।



## National Grape Day: Celebrating Nature's Tiny Powerhouse

Observed every year on May 27, National Grape Day celebrates one of the world's most loved and versatile fruits. Grapes are packed with antioxidants, vitamins C and K, and natural compounds that support heart health and immunity. From fresh snacking to juices, raisins, and wines, grapes play an important role in global food culture and agriculture. The day also highlights the efforts of farmers and the importance of sustainable cultivation. Whether red, green, or black, grapes remind us that good things often come in small, delicious packages.

#THE BIRTH OF AMUL

# Of Resistance, Unity And Determination

Milk quality tests would suddenly "fail," and entire batches were rejected. This meant heavy losses, pushing already struggling farmers into deeper financial distress






The story of Amul is not just about milk, it is about resistance, unity, and the determination of ordinary farmers to reclaim control over their livelihoods during the 1940s. At the time, dairy farmers in Gujarat supplied milk to Bombay (now Mumbai), but they did not sell it directly. Instead, a British-appointed middleman controlled procurement and pricing. Farmers were consistently underpaid, even as demand for milk in the city remained high. The system was deeply exploitative, leaving producers with little bargaining power.

When farmers attempted to push back collectively, they faced further setbacks. Milk quality tests would suddenly "fail," and entire batches were rejected. This meant heavy losses, pushing already struggling farmers into deeper financial distress. The underlying message was clear: do not organize, and do not challenge the system.

Amid this growing frustration, a new idea began to take shape, what if farmers bypassed the middlemen altogether and supplied milk directly to Bombay? This bold vision needed leadership, and attention turned to Tribhuvandas Patel. Though he had little technical knowledge of dairy operations, he had something far more important: the trust of the farmers.

Patel took the farmers' concerns to the British authorities, even meeting the dairy commissioner in Bombay. However, their demands were rejected outright. The British dismissed the proposal and issued warnings about consequences if the farmers continued to resist. That rejection became the turning point.

In 1946, under Patel's leadership, farmers launched a massive strike. For 15 days, they refused to supply milk. In a dramatic act of protest, thousands of liters of milk were poured into the streets instead of being handed over to exploitative channels. It was a powerful message: they would rather waste their produce than submit to unjust control.

The strike disrupted milk supply to Bombay and created pressure the British could not ignore. Eventually, they were forced to negotiate and accept the farmers' demand to form their own cooperative and supply milk directly.

Even then, skepticism remained. British officials reportedly mocked the idea, how could someone like Tribhuvandas Patel, a man in a Gandhi cap who did not speak fluent English, run a dairy organization? But that doubt underestimated the strength of collective action.

With support from leaders like Sardar Vallabhbhai Patel, the foundation for a farmer-owned cooperative was laid. This movement eventually evolved into Amul, which transformed India's dairy industry and empowered millions of farmers.

The birth of Amul stands as a defining example of grassroots resistance. It showed that when producers unite, they can dismantle exploitative systems and build institutions that serve their own interests. What began as a strike in Gujarat went on to spark India's White Revolution, changing the country from a milk-deficient nation into one of the world's largest producers.






# What an amazing story...

Dutch succession law was complex, and there were concerns about citizenship and legitimacy if an heir to the throne was born on foreign soil. The baby would be Canadian by birth, which created potential legal tangles about royal succession and national identity.



The baby girl was named 'Margriet.'

#THANK YOU

● Bulbul Joshi

Canada made a hospital room legally disappear so that a Dutch princess could be born, and 80 years later, millions of tulips still arrive every spring to say thank you.

May 1940. The German army invaded the Netherlands in a lightning assault that lasted just five days. As Nazi forces closed in on The Hague, the Dutch royal family faced an impossible choice: stay and risk capture, or flee into exile.

They fled.

Crown Princess Juliana, heir to the Dutch throne, escaped with her two young daughters to England, then continued across the Atlantic to Canada. The Canadian government welcomed them to Ottawa, offering safety while the Netherlands suffered under Nazi occupation.

By 1942, Princess Juliana was pregnant with her third child.

That's when the constitutional complications began.

Dutch succession law was complex, and there were concerns about citizenship and legitimacy if an heir to the throne was born on foreign soil. The baby would be Canadian by birth, which created potential legal tangles about royal succession and national identity.

Canadian diplomats and Dutch officials huddled together, searching for a solution. Returning to the Netherlands was impossible, German U-boats made the Atlantic crossing deadly, and the country itself was occupied enemy territory.



Then, someone had a brilliant idea. What if the baby wasn't born in Canada at all? On January 19, 1943, the Canadian Parliament passed a special order declaring the maternity suite at Ottawa Civic Hospital to be temporarily extraterritorial. For legal purposes, that room ceased to be part of Canada.

> Princess Margriet, the baby born in that legally nonexistent room, is 82 years old now. She remains active in Dutch public life, serving as a patron of numerous charitable organizations. She visits Canada regularly, often during tulip season, walking through gardens her birth made possible. Because that brief moment of territorial creativity created a bond between two nations that has lasted eight decades. A bond renewed every spring when Dutch tulips arrive in Canadian soil, roots and all, to bloom in gratitude.

It didn't become Dutch territory. It became... nothing. A legal void. Territorial limbo.

When Princess Margriet Francisca was born on January 19, 1943, she drew her first breath in a place that belonged to no country. The room existed outside any nation's borders, which meant she was born under Dutch law alone, no complications, no competing jurisdictions, no constitutional crisis.

The solution was so elegant that it seems impossible. Canada made part of itself disappear just long enough for a baby to be born.

But the story doesn't end with clever diplomacy. The Dutch remembered. After liberation in 1945, Princess Juliana, who would become Queen in 1948, sent Canada a gift: 100,000 tulip bulbs.

A gesture of gratitude for the hospitality, the protection, and the extraordinary legal creativity that had safeguarded her family during the darkest years of the war.

But she didn't stop there.

Every year since 1945, the Netherlands has sent tulip bulbs to Canada. The annual gift, now 20,000 bulbs, comes from the Dutch royal family personally. Not as payment for services rendered. Not as diplomatic protocol. As thanks.

For nearly 80 years, without interruption, those bulbs have arrived in Ottawa like clockwork.

Today, walk through Canada's capital in May, and you'll see the legacy blooming everywhere. Over three million tulips carpet the city during the Canadian Tulip Festival, descendants and successors to that original gift. They transform Ottawa into a sea of colour every spring: red, yellow, pink, orange, purple cascading through parks and along waterways.

Each tulip represents a debt paid not in currency but in beauty. Each bloom is a reminder that some nations don't forget kindness. Some gratitude doesn't fade with time. Some thank-yous are spoken not in words but in millions of petals returning year after year like faithful messengers.

Princess Margriet, the baby born in that legally nonexistent room, is 82 years old now. She remains active in Dutch public life, serving as a patron of numerous charitable organizations. She visits Canada regularly, often during tulip season, walking through gardens her birth made possible. Because that brief moment of territorial creativity created a bond between two nations that has lasted eight decades. A bond renewed every spring when Dutch tulips arrive in Canadian soil, roots and all, to bloom in gratitude.

Because some gifts aren't about solving problems. They're about remembering the people who tried to solve them. Some debts aren't financial. They're moral. And some thank-yous are so profound they're spoken in flowers that return like promises, year after year after year.

A hospital room that ceased to exist. A princess born nowhere and everywhere at once. And millions of tulips, blooming in perpetuity, proving that the most lasting diplomacy isn't written in treaties. It's planted in soil, where gratitude grows roots deeper than any law.

rajeshsharma1049@gmail.com






#WILD

# Beasts With A Temper

## Nature's Worst Tempers: 5 Wild Animals You Don't Want to Anger





In the animal kingdom, danger doesn't always come with a roar or a venomous bite. Sometimes, it comes in the form of a bad attitude. While many wild animals are shy or defensive, some are notorious for their volatile tempers, unprovoked aggression, or explosive reactions when threatened. Whether it's the forest, the savannah, or the icy depths of the sea, these creatures have a reputation for being the worst-tempered animals in the wild.

Here are five species you really don't want to cross.

### 1. Mandrill - Beauty With a Brutal Streak

With their brilliantly coloured faces and powerful builds, mandrills are among the most striking primates on Earth. But beneath their vibrant exterior lies a reputation for aggression.

Native to the rainforests of Central and West Africa, mandrills live in large social groups led by dominant males. These leaders are highly territorial, and their authority is enforced with violent displays of dominance. Equipped with long, sharp canine teeth and incredible strength for their size, mandrills can and do defend themselves, often preemptively.

Although they don't usually seek conflict with humans, if threatened or cornered, a mandrill will not hesitate to attack, and the results can be devastating.

**Fact:** Mandrills are often considered the most dangerous monkeys due to their size, strength, and unpredictable aggression.



### 2. Wild Boar - Aggression on Four Legs

Forget the image of the lazy domestic pig. The wild boar is a completely different beast, and a dangerously unpredictable one.

Found across Europe, Asia, and parts of North Africa (and introduced elsewhere), wild boars are compact, muscular, and aggressively territorial. They are omnivorous scavengers and will fight with other animals, or humans, if provoked.

What makes them especially dangerous is their tendency to charge when threatened, using their sharp tusks to inflict serious injuries. Worse still, wounded boars often fight harder, becoming more aggressive as the situation escalates.

**Fact:** Wild boars cause hundreds of injuries (and some fatalities) to humans each year, especially in rural and forested areas.

### 3. Leopard - Silent, Solitary, and Savage

Leopards may not be the largest big cats, but they are arguably the most stealthy and unpredictable. Unlike lions or tigers, which often give warning signs before attacking, leopards are known for their silent, sudden ambushes. Generally solitary and elusive, leopards avoid human contact, but if cornered, injured, or defending a kill, they become shockingly aggressive. Some individual leopards in India have even gained infamy as man-eaters, responsible for dozens (and in rare cases, hundreds) of human deaths. Their speed, strength, and climbing ability make them lethal, especially because you often don't see them until it's too late.

**Fact:** Leopards have been known to drag prey twice their weight up into trees to avoid scavengers.

### 4. Tasmanian Devil - Loud, Small, and Fierce

Despite its cartoonish name, the Tasmanian devil is one of the most ferocious marsupials on Earth. Native to the Australian island of Tasmania, this stocky, muscular animal is known for its explosive temper, especially when feeding. When multiple devils gather around a carcass, they fight noisily and violently, biting and shrieking in all directions. Their bone-crushing bite force, the strongest of any mammal relative to body size, makes even small scuffles dangerous. Though they rarely pose a direct threat to humans, Tasmanian devils will defend themselves with surprising aggression if they feel cornered.

**Fact:** Their fearsome vocalizations and erratic behaviour earned them the name "devil" from early European settlers.

### 5. Leopard Seal - The Predator With a Smile

Don't let the name fool you, the leopard seal is no cuddly ocean pup. This sleek, spotted predator is one of Antarctica's top hunters, and one of the few seal species known to attack humans. With a reptilian head, massive jaws, and dagger-like teeth, leopard seals feed on fish, squid, penguins, and even other seals. Unlike most seals, they are solitary and silent, lurking beneath the ice or near the shore before lunging at their prey.

Scientists and divers working in Antarctic waters have reported chilling encounters with these powerful, unpredictable animals, including the tragic 2003 case where a marine biologist was pulled underwater and killed by a leopard seal.

**Fact:** Leopard seals are known to "play" with penguin prey before killing it, not out of cruelty, but chilling intelligence.


### Tread Lightly With Nature's Short Fuses

Aggression in animals is usually rooted in territorial defense, fear, or competition, not malice. But some species have developed such explosive responses to threats or stress that they've earned a reputation for bad tempers. Whether it's the bone-crunching jaws of a Tasmanian devil, the unexpected charge of a wild boar, or the silent precision of a leopard, these creatures remind us that not all danger is visible, and sometimes, it has teeth.





## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कोटा में तीन जगह 1229 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा बरामद

## नारकोटिक्स ब्यूरो टीम ने दो ट्रक जब्त किये, दो आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान में मादक पदार्थ की तस्करी व तस्करो की धरपकड़ को लेकर केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की ओर से चलाये जा रहे अभियान के तहत् नारकोटिक्स टीम ने तीन अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए 1229 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा एवं दो ट्रक को जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि चंडीगढ़ के रजिस्ट्रेशन नंबर वाला एक ट्रक आगरा-भरतपुर हाईवे के रास्ते झारखंड से पंजाब तक अवैध रूप से डोडा-चूरा लेकर जाने वाला है। सूचना पर कार्रवाई के लिये राजस्थान यूनिट के केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) के जयपुर सेल और कोटा सेल के अधिकारियों द्वारा एक विशेष ऑपरेशन संचालित किया गया। सूचना के आधार पर सीबीएन जयपुर सेल के अधिकारियों की एक टीम गठित कर रवाना किया गया एवं बाद में कार्रवाई में मदद के लिये सीबीएन कोटा से टीम को भेजा गया। दोनों टीमों ने मिलकर नेशनल हाईवे-21 पर लधुवाई टोल प्लाजा भरतपुर के पास कड़ी निगरानी रखी और संदिग्ध ट्रक की पहचान कर उसे रोका गया तथा तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान, 46 पॉली बैग में रखा 1088.455 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा बरामद किया गया तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

■ **तीसरी कार्रवाई के दौरान घने क्षेत्र का लाभ उठाकर दों संदिग्ध फरार होने में सफल रहे। इसके उपरांत आसपास के क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया गया**

वहीं मादक पदार्थ के विरूद्ध नारकोटिक्स टीम की दूसरी कार्रवाई में सीबीएन के जयपुर सेल के अधिकारियों द्वारा डीडवाना रोड पर, छोटी छापरी टोल प्लाजा के पास कार्रवाई करते हुए एक ट्रक को रोका और 40.210 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा बरामद किया गया। नारकोटिक्स टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ट्रक में अवैध डोडा-चूरा छिपाकर ले जा रहा है। सूचना पर सीबीएन जयपुर के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और टीम को मौके के लिये रवाना किया गया। टीम ने संदिग्ध ट्रक की पहचान की और उसे जिला डीडवाना के छोटी छापरी टोल प्लाजा डीडवाना रोड, के पास रोक लिया गया। टीम ने मौके पर ट्रक की तलाशी ली तो तलाशी के दौरान, ट्रक के केबिन में ड्राईवर की सीट के पीछे छिपाकर रखे गए दो पॉली बैग से 40.210 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा बरामद किया गया तथा एनडीपीएस एक्ट में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

नारकोटिक्स टीम ने एक ओर अन्य प्रकरण में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा को जब्त किया है, मामले में आरोपी मौके से फरार हो गये, जिनकी तलाश जारी है। सीबीएन के उदयपुर सेल और जिला अफीम अधिकारी चितौड़गढ़-प्रथम को मुखबिर से सूचना मिली कि मादक पदार्थ तस्कर चकतिया-रकामपुरा मार्ग के सुनसान क्षेत्र में किसी वाहन के माध्यम से अवैध डोडा-चूरा लोड कर परिवहन करने वाले हैं। सूचना पर सीबीएन अधिकारियों की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और टीम द्वारा पूरी रात मौके पर कड़ी निगरानी के बाद दो मोटरसाईकिल सवार संदिग्ध गतिविधियों के साथ उक्त मार्ग पर दिखाई दिए। टीम को देखते ही दोनों व्यक्ति पास के जंगल क्षेत्र की ओर भाग निकले। अधिकारियों द्वारा तत्काल पीछा किया गया, परंतु घने क्षेत्र का लाभ उठाकर दोनों संदिग्ध फरार होने में सफल रहे। इसके उपरांत आसपास के क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया गया, जिसके दौरान 5 कट्टों में भरा 100.340 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा बरामद किया गया।

# टोंक में दो सायबर अपराधी गिरफ्तार, 68 फर्जी सिमकार्ड जब्त



**टोंक में जिला स्पेशल टीम एवं पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो थार गाड़ी जब्त की।**

**टोंक,** (निसं)। जिला स्पेशल टीम एवं पुलिस थाना सदर टोंक ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सायबर अपराध में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपी जिन बैंक खातों में फ्रॉड की राशि डलवाते थे, उन बैंक खातों पर एनसीआरपी पोर्टल पर अब तक कई शिकायतें दर्ज है, जिनमें करोड़ो रूपये का लेन-देन होना बताया गया है। इस कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से दो थार गाड़ी, चार मोबाइल एवं 68 फर्जी सिमकार्ड जब्त किये गये हैं।

सदर थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी कुलदीप मीणा निवासी दौसाडा जिला दौसा द्वारा 60 तथा दिलखुश गुर्जर, निवासी रजमाणा थाना चौथ का बरवाड़ा द्वारा 8 सिम कार्ड का उपयोग कर सायबर ठगी का कार्य किया गया। इस दौरान उनके कब्जे से दो गाड़ी को जब्त किया गया है तथा एक आरोपी के पास से सायबर ठगी की नगद राशि 10,020 रुपये भी जब्त की है। आरोपियों द्वारा देश के लगभग सभी राज्यों में अलग-अलग व्यक्तियों के साथ सायबर फ्रॉड की कई वारदातें की गई। दोनों आरोपियों के विरूद्ध पुलिस थाना सदर टोंक में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रकरण में आरोपियों से गहन पूछताछ व अनुसंधान किया जा रहा है तथा सायबर ठगी से जुड़े अन्य व्यक्तियों एवं नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है।

# जेएलएन अस्पताल के महिला टॉयलेट में मृत नवजात बालिका मिली

**अजमेर,** (निसं)। शहर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल (जेएलएन) की आपातकालीन यूनिट में सोमवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब महिला टॉयलेट के अंदर एक नवजात बालिका लावारिस हालत में मिली। सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन मौके पर पहुंचा और नवजात को तुरंत उपचार के लिए भर्ती कराया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन मामले की जांच में जुट गया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब एक बजे कैजुअल्टी वार्ड में भर्ती एक मरीज की महिला परिजन अस्पताल की इमरजेंसी यूनिट स्थित एमओटी के पास बने महिला टॉयलेट में गई थी। इस दौरान उसकी नजर टॉयलेट की दीवार के किनारे कपड़े में लिपटी एक नवजात बालिका पर पड़ी। नवजात को देखकर महिला घबरा गई और उसने तुरंत अस्पताल स्टाफ को इसकी सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रशासन में अफरा-तफरी मच गई। मामले की सूचना तुरंत अस्पताल के प्रिंसिपल डॉ. अनिल सामरिया को दी गई। उनके निर्देश पर नवजात को तत्काल पीडियाट्रिक यूनिट में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। हालांकि चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद नवजात को बचाया नहीं जा सका और उसे मृत घोषित कर दिया गया।

■ **नवजात को उपचार के लिए भर्ती किया, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया**

अस्पताल प्रशासन ने नवजात के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। वहीं पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी गई है।

अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे ने बताया कि नवजात को अस्पताल के महिला टॉयलेट में कौन छोड़कर गया, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि घटना से जुड़े लोगों का पता लगाया जा सके।

अस्पताल परिसर में देर रात हुई इस घटना के बाद मरीजों और उनके परिजनों के बीच चर्चा का माहौल बना रहा। लोग इस बात को लेकर हैरानी जता रहे थे कि आखिर कोई नवजात को इस तरह अस्पताल के टॉयलेट में छोड़कर कैसे जा सकता है। प्रशासन अब मामले के हर पहलू की जांच कर रहा है।

## सेवानिवृत्ति पर प्रो.रमेश बैरवा को शुभकामनाएं दी

**वजीरपुर।** राजकीय कन्या महाविद्यालय वजीरपुर के नोडल अधिकारी एवं राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी के राजनीतिक विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. रमेश बैरवा की सेवानिवृत्ति के अवसर पर महाविद्यालय में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी की नोडल प्राचार्य प्रो. सुमित्रा मीणा, विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोक कुमार शर्मा, डॉ. महेंद्र कुमार मीणा बॉटनी, डॉ. रोहित कुमार मीणा, डॉ. महेंद्र कुमार मीणा संस्कृत, राजेंद्र कुमार गोयल एवं शैलेश जैन सहायक लेखा अधिकारी, कुमारी अभिलाषा मीना तथा सभी संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्राओं ने प्रोफेसर रमेश बैरवा को साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर, छात्राओं द्वारा पुष्पगुच्छ व बाबा साहेब की तस्वीर भेंटकर बधाई और शुभकामनाएं दी।

# अजमेर के सोमलपुर में तीन मकानों में हुई चोरी का खुलासा, दो गिरफ्त में

## मायरा भरने गए परिवारों के सूने मकानों को बनाया था निशाना, आरोपियों के कब्जे से गहने और बाइक बरामद की

**अजमेर,** (निसं)। रामगंज थाना क्षेत्र के सोमलपुर इलाके में एक ही दिन तीन मकानों में हुई चोरी की वारदातों का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। रामगंज थाना पुलिस ने जिला स्पेशल टीम और सायबर सेल की सहायता से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए गहने बरामद किए हैं, साथ ही वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक भी जब्त कर ली गई है।

पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरियाली का बाड़िया, ग्राम सोमलपुर निवासी नवाब उर्फ बीरा तथा चंदवाला मस्जिद के सामने, ग्राम सोमलपुर निवासी आरिफ उर्फ कालू के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में सामने आया कि जिस समय चोरी की वारदात हुई, उस दौरान संबंधित परिवार मायरा भरने के लिए ब्यावर गए हुए थे। मकान सूने होने का फायदा उठाकर आरोपियों ने तीन अलग-अलग मकानों को निशाना बनाया और वहां से कीमती गहने व अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद रामगंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला स्पेशल टीम और सायबर सेल को भी जांच में लगाया गया। तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल रही।

■ **पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी**

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आरिफ उर्फ कालू के खिलाफ पूर्व में भी रामगंज थाने में चोरी के दो मामले दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर अन्य वारदातों के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है। लगातार हुई चोरी की घटनाओं से सोमलपुर क्षेत्र में लोगों में भय और आक्रोश का माहौल था। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों की गिरफ्तारी किए जाने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत महसूस की है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार निगरानी और कार्रवाई जारी रहेगी।

# अभिषेक ने हेरोइन डिलीवरी के लिए खेताराम को बाइक दिलाई थी

## 70 करोड़ रुपए की हेरोइन बरामदगी मामले में अभिषेक को रिमांड पर लिया

**बीकानेर,** (निसं)। पाक तस्करों की ओर से खाजूवाला में ड्रोन के जरिये गिराई हेरोइन की डिलीवरी लेने के लिए राकेश प्रजापत के दोस्त अभिनव ने खेताराम को बाइक उपलब्ध कराई थी। बीकानेर के युवक से दो बार बाइक ली गई और तीसरी बार मना कर करने पर जयपुर से स्कूटी लाई गई, जिसमें 70 करोड़ रुपए की 14 किग्रा हेरोइन बरामद हुई थी।

पाकिस्तानी तस्करों की ओर से खाजूवाला बॉर्डर पर ड्रोन के जरिये गिराई गई 70 करोड़ रुपए की 14 किलो हेरोइन 21 अप्रैल को पूगल क्षेत्र में बरामद हुई थी। खेताराम मेघवाल हेरोइन लेकर स्कूटी से जा रहा था कि पूगल से खाजूवाला रोड पर टॉवर फांटे के पास नील गाय से टकराकर घायल हो गया। पुलिस को मौके से उसके पीठू बैग से दो और स्कूटी की डिग्गी में एक पैकेट में 14 किलो हेरोइन मिली थी। खेताराम इससे पहले भी दो बार खाजूवाला बॉर्डर पर हेरोइन की डिलीवरी लेने पहुंचा और एक बार सफलतापूर्वक लेकर चला भी गया था। दोनों बार उसे मुख्य तस्कर पाली निवासी राकेश प्रजापत के पाली में चाडवास निवासी दोस्त अभिषेक उर्फ अभिनव उर्फ अभय राजपुरोहित ने बाइक उपलब्ध कराई थी। बीकानेर में रथखाना निवासी करण का अभिषेक के गांव में ननिहाल है। दोनों एक-दूसरे के परिचित हैं। इस कारण अभिषेक के कहने पर करण ने खेताराम को दो बार बाइक दी थी, लेकिन तीसरी बार शक होने पर उसने मना कर दिया। तब खेताराम जयपुर से राकेश की स्कूटी बीकानेर लाया और खाजूवाला बॉर्डर से हेरोइन की डिलीवरी लेकर जा रहा था। पुलिस ने अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया है और उसे कोर्ट में पेश 5 दिन का रिमांड लिया है। 70 करोड़ की हेरोइन तस्करी मामले में अब तक खेताराम, उसके सहयोगी जयपुर में केटरिंग का काम करने वाले राहुल रावत, प्रशांत कन्याल और अभिषेक की गिरफ्तारी हो चुकी है। मुख्य अभियुक्त पाली निवासी राकेश फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। पाली निवासी हेरोइन तस्करी का मुख्य अभियुक्त राकेश और अभिषेक दोनों बचपन के मित्र हैं। साथ पढ़ते थे। राकेश के कहने पर अभिषेक ने खेताराम को बाइक दिलाई थी। इसके बदले राकेश ने अभिषेक को एक लाख रुपए दिए थे। 70 करोड़ रुपए की हेरोइन बरामदगी की जांच कर रहे खाजूवाला पुलिस थाने के एसएचओ सुरेन्द्र प्रजापत ने अभिषेक को रिमांड पर लिया है। हेरोइन की डिलीवरी लेने की प्लानिंग राकेश ने जयपुर में बनाई थी जिसमें अभिषेक भी शामिल था।

## गिरवी रखा सोना वापस मांगा तो जीजा ने अस्मत मांगी

**अलवर,** (निसं)। अलवर में एक महिला ने अपने जीजा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का आरोप है कि जीजा से गिरवी सोना वापस मांगा तो उसने अश्लील मांग की। पूरा पैसा भी लौटा दिया, फिर भी गिरवी सोना नहीं देने पर कोर्ट के जरिए थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़िता ने अदालत में पेश परिवाद में बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। इलाज के दौरान पैसों की जरूरत पड़ने पर उसने अपने जीजा से 20 हजार रुपए उधार लिए थे। आरोपी ने कान की बाली, नोज पिन, सोने का ओम सहित कई गहने गिरवी रख लिए थे। महिला का कहना है कि करीब एक माह बाद उसने पूरी रकम लौटा दी, लेकिन आरोपी बहाने बनाकर गहने नहीं लौटा रहा। महिला ने आरोप लगाया कि जब उसने दोबारा गहने मांगे तो आरोपी ने अश्लील प्रस्ताव रखा।

# मेवात ले जाए जा रहे 6 ऊंट मुक्त, कंटेनर सहित चार तस्कर गिरफ्तार

## आरोपियों द्वारा ऊंटों को बकरीद पर वध के लिए मेवात ले जाया जा रहा था

**सुलताना,** (निसं)। सुलताना थाना पुलिस ने ऊंट तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर छह ऊंट-ऊंटनियों को मुक्त कराया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कंटेनर भी जब्त किया है। आरोपियों द्वारा ऊंटों को बकरीद पर वध के लिए मेवात ले जाया जा रहा था।

पुलिस के अनुसार थाना सुलताना को सूचना मिली थी कि ग्राम किठाना स्थित मेघवालों के मोहल्ले में एक कंटेनर में कुछ लोग ऊंट भर रहे हैं और उनके मुंह बांध रखे हैं। सूचना पर एएसआई अनिल कुमार मय जाब्ता मौके पर पहुंचे, जहां कंटेनर खड़ा मिला। कंटेनर के पास ऊंटों को चढ़ाने के लिए मिट्टी का रैंप बनाया गया था तथा आरोपियों द्वारा जबरन ऊंटों को कंटेनर में भरा जा रहा था। मौके पर तीन नर ऊंट और तीन मादा ऊंटनियों के मुंह बंधे हुए मिले। सभी जानवर घायल अवस्था में थे तथा उनके शरीर पर रगड़ और चोटों के निशान पाए गए। पुलिस ने कंटेनर चालक प्रवीण कुमार यादव से पूछताछ की तो उसने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों के साथ आसपास के गांवों से ऊंट खरीदकर उन्हें मेवात क्षेत्र में बकरीद पर वध और बिक्री के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए छहों ऊंट-ऊंटनियों को मुक्त कराकर श्याम गौशाला सुलताना भिजवाया तथा मौके से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर कंटेनर जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में प्रवीण कुमार यादव निवासी गुवाना, थाना बहरोड़, बाबूलाल निवासी अजाड़ी खुर्द, थाना सदर झुंझुनूं, नजर मोहम्मद निवासी पटोदी, जिला गुरूग्राम, विशाल निवासी अजाड़ी खुर्द, थाना सदर झुंझुनूं शामिल है।

■ **सभी जानवर घायल अवस्था में थे तथा उनके शरीर पर रगड़ और चोटों के निशान पाए गए**

# जोधपुर में आधी रात को बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर शहर में एक बार फिर से बदमाशों का उत्पात सामने आया है। आधी रात को जगदंबा कॉलोनी, प्रतापनगर और बकरामंडी हरिजन बस्ती में बदमाशों की दो टोलियों ने मिलकर उत्पात मचाते हुए कई गाड़ियों में बेजा तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। घटनाक्रम के वीडियो और सीसीटीवी फुटेज सुबह वायरल हुए। हरकत में आई पुलिस ने अब बदमाशों की पहचान के साथ तलाश आरंभ की है। प्रतापनगर और खांडाफलसा थाने में अलग अलग प्रकरण अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज कराए गए हैं।

जानकारी के अनुसार प्रतापनगर के जगदम्बा कॉलोनी पंचोलियानाडी क्षेत्र में आधी रात को दो मोपेड पर कुछ युवक सवार होकर आए। युवकों के हाथों में डंडे और लाठियां थी। इन लोगों ने घरों के बाहर खड़े दुपहिया वाहनों को निशाना बनाते हुए तोड़फोड़ की। गाड़ियों के शीशे फोड़ने के साथ हैडलाइट आदि को नुकसान पहुंचाया गया।

■ **घटनाक्रम के वीडियो और सीसीटीवी फुटेज सुबह वायरल**

इसी प्रकार से बकरामंडी हरिजन बस्ती में भी बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाते हुए वहां घर के बाहर गाड़ियों में तोड़फोड़ की। रात को तोड़फोड़ की आवाजें आने पर कुछ लोग जाग भी गए और चिल्लाने लगे। प्रतापनगर सदर और खांडाफलसा थाना क्षेत्रों में हुई इन तोड़फोड़ की घटनाओं का वीडियो और सीसीटीवी फुटेज सुबह वायरल हुए। इस बाद हरकत में आई पुलिस ने अब फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान के साथ तलाश आरंभ की है। शाम तक कुछेक बदमाशों को डिटेन किए जाने की उम्मीद जताई है। खांडाफलसा थानाधिकारी सुरेश पोटलिया ने बताया कि बदमाशों की पहचान की जा रही है।

जानकारी के अनुसार इससे पहले भी प्रतापनगर के कमला नेहरू नगर, सूरसागर, महामंदिर एरिया में इस तरह की घटनाएं हो चुकी है। आधी रात को जब लोगबाग अपने अपने घरों में होते है तब बदमाश हाथों में लाठी, डंडे और पत्थर लेकर निकलते है और वाहनों को नुकसान पहुंचाते है।

## मजदूर की मौत

**जोधपुर,** (निसं)। शहर के अंदरूनी क्षेत्र थलियों का बास, जगदंबा मार्केट सदर बाजार में निर्माण कार्य में लगा एक मजदूर अडाण से नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल इस मजदूर को बाद में अस्पताल में भर्ती करवाया गया, अब उसकी मौत हो गई। मृतक के रिश्तेदार की तरफ से सदर बाजार थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई।

सदर बाजार पुलिस ने बताया कि रावतों का बास निवासी कमल सिंह पुत्र बद्री नारायण रावत की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका रिश्तेदार रावतों का बास निवासी 64 वर्षीय मदनसिंह पुत्र रामलाल थलियों का बास में 14 मई को जगदंबा मार्केट में निर्माण कार्य में लगा हुआ था।

तब वह शाम के समय अडाण से नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल होने पर अस्पताल में भर्ती करवाया गया, मगर अब उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया।

# खेतड़ी के बंद मकानों में नकबजनी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी थाना पुलिस ने बंद मकानों में नकबजनी की वारदातों का खुलासा करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त महिंद्रा थार डीआई जीप भी जब्त की है।

मामले में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी सोमवीर उर्फ मोटू से लाखों रुपए के जेवरात, नकदी और मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार 12 जनवरी को वार्ड नंबर 19, लक्ष्मी टॉकीज के पास निवासी शीला पांडे ने खेतड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 11 जनवरी को वह सुबह करीब साढ़े आठ बजे मकान पर ताला लगाकर जयपुर गई थी। शाम करीब सात बजे वापस लौटने पर मकान के दोनों कमरों के ताले टूटे मिले तथा सीसीटीवी कैमरे भी क्षतिग्रस्त थे। अज्ञात बदमाश नकदी, जेवरात और डीवीआर चोरी कर ले गए थे। प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस ने तकनीकी सहायता और मुखबिर सूचना के आधार पर जांच शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने वांछित आरोपी जयसिंह पुत्र कल्याण सिंह (25) निवासी बंधा की ढाणी, तन पपुरना, थाना खेतड़ी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई महिंद्रा थार डीआई जीप भी जब्त कर ली।

■ **पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त थार जीप जब्त की**

पुलिस ने बताया कि आरोपी से चोरी किए गए माल तथा अन्य साथियों की भूमिका को लेकर पूछताछ जारी है। इससे पहले पुलिस आरोपी सोमवीर उर्फ मोटू को गिरफ्तार कर चुकी है। उसके कब्जे से करीब 4 लाख रुपए कीमत के सोने के कंगन, करीब 2 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात, 90 हजार रुपए नकद तथा चोरी की रकम से खरीदा गया 60 हजार रुपए का मोबाइल फोन बरामद किया गया था।

## फाइनेंस पर लिया ई-रिक्शा चोरी

**अजमेर,** (निसं)। शहर के रामगंज थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा चोरी का मामला सामने आया है। लोहाखान टेम्पो स्टैंड के पास रहने वाले एक युवक को परिवार के साथ डीजनी लैंड घूमने जाना उस समय भारी पड़ गया, जब मेले के बाहर खड़ा उसका ई-रिक्शा चोरी हो गया। पीड़ित युवक ने काफी तलाश की, लेकिन रिक्शे का कोई सुराग नहीं मिलने पर रामगंज थाना पुलिस में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित इमरान खान ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ रामगंज डीएवी कॉलेज के पास लगे डीजनी लैंड मेले में घूमने गया था। इस दौरान उसने अपना ई-रिक्शा मेले के बाहर खड़ा किया था। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटा तो वहां उसका रिक्शा नहीं मिला। पहले तो उसने आसपास के क्षेत्रों में अपने स्तर पर तलाश की और लोगों से पूछताछ भी की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इमरान खान ने बताया कि काफी खोजबीन के बाद भी जब रिक्शे का पता नहीं चला तो उसने रामगंज थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। युवक का कहना है कि ई-रिक्शा उसने फाइनेंस पर लिया था और उसी से परिवार का भरण-पोषण करता था। रिक्शा चोरी होने से उसके सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन भी सौंपा और जल्द से जल्द ई-रिक्शा बरामद करने की मांग की।

# श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, एक की मौत

**रावतभाटा,** (निसं)। उदयपुर-चित्तौड़गढ़ सिक्स लेन पर भादसोड़ा थाना क्षेत्र के बागुंड गांव के पास मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है, जहाँ श्रद्धालुओं से भरी एक निजी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने तुरंत जिला चिकित्सालय का दौरा किया और घायलों की कुशलक्षेम जानकर उनके समुचित उपचार के पुख्ता निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार, निजी बस चित्तौड़गढ़ से श्रद्धालुओं को लेकर सुप्रसिद्ध कृष्ण धाम श्री सांवलिया जी मंदिर जा रही थी। जैसे ही बस बागुंड गांव के पास पहुंची, वह अचानक दुर्घटना का शिकार हो गई। बस में सवार यात्रियों ने बताया कि बस की गति बेहद तेज थी, जिसके कारण चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और यह दर्दनाक हादसा हो गया। जिला कलक्टर ने इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए दुर्घटना के कारणों की जांच के कड़े निर्देश जारी किए हैं ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके। इस भीषण दुर्घटना में एक श्रद्धालु की मौके पर ही दुःखद मृत्यु हो गई। वहीं, तीन श्रद्धालुओं की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए तुरंत उदयपुर रेफर किया गया, जहाँ उनका इलाज शुरू करवा दिया गया है। अन्य सभी घायल श्रद्धालुओं को चित्तौड़गढ़ के जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

■ **उदयपुर-चित्तौड़गढ़ सिक्स लेन पर भादसोड़ा थाना क्षेत्र के बागुंड गांव के पास हुआ हादसा**

# डिवाइडर से टकराई कार, चालक की मौत

**जोधपुर,** (निसं)। शहर के पाली रोड स्थित डी मार्ट के सामने निर्माणाधीन पुल के डिवाइडर पर एक कार अनियंत्रित होकर टकरा गई। हादसे में कार का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी बाद में अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। इस बारे में मृतक के रिश्तेदार की तरफ से विवेक विहार थाने में रिपोर्ट दी गई। मामला 24 मई की रात का है।

विवेक विहार पुलिस ने बताया कि कमला नेहरू नगर प्रथम हाल मोहनविला नाइयों की बगेची के पीछे प्रतापनगर निवासी सौरभ चौधरी ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका भाई कमला नेहरू नगर निवासी 26 वर्षीय ऋतिक पुत्र भानाराम कार लेकर 24 मई की रात को पाली रोड डी मार्ट के सामने से निकल रहा था। तब उसकी कार अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन पुल के डिवाइडर से टकरा गई। उसके सिर में गंभीर चोट लगने पर अस्पताल ले जाया गया, मगर बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया।

## क्षतिग्रस्त पुलिया निर्माण की मांग

**नैनवां,** (निसं)। ग्राम पंचायत खानपुरा के ग्रामीणों ने श्मशान घाट मार्ग पर स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया के निर्माण की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि गत वर्ष अतिवृष्टि के कारण श्मशान घाट को मुख्य रास्ते से जोड़ने वाली पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि पुलिया निर्माण के लिए ग्राम पंचायत द्वारा वर्ष 2025-26 में 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी, लेकिन पंचायत ने अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया है।

# सूने मकान में घुसे चोर, नगदी व ज्वैलरी की पार

**टोंक** । सदर थाना क्षेत्र स्थित जयपुर कोटा नेशनल हाईवे 52 के पास पन्नाधाय मार्ग शक्ति नगर कॉलोनी में सोमवारा रात्रि को सूने मकान में चोरों ने ताला तोड़कर में 40 हजार रुपए नगद व सोने-चांदी की ज्वेलरी चोरी कर फरार हो गये। बाद में सुबह मंगलवार को पड़ोसियों को पता चला तो उन्होंने परिजनों के साथ ससुराल गए मकान मालिक को इसकी सूचना दी। इसके बाद घर आकर मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी तथा अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में बताया कि तीन दिन पहले मकान मालिक राजेश के साले का निधन हो गया था, ऐसे में वह परिवार के साथ अपने ससुराल शाहपुरा गया था, पीछे से सोमवार की रात्रि को चोरो ने सूने मकान में चोरी की वारदात को अन्जाम दिया। फिर बाद में मंलवार को मकान मालिक परिवार के साथ घर लौटा, जहां पूरे कमरे में सामान बिखरे हुए थे तथा नकदी और ज्वेलरी की तलाश की तो 40 हजार रुपए और दो जोड़ी चांदी के कड़े नहीं मिले। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान कार्य प्रारम्भ किया। एक ट्रेक्टर व दो ट्रोली जब्त : टोंक जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में अवैध बजरी खनन व परिवहन के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत निवाई थाना पुलिस ने एक ट्रैक्टर व दो ट्रौली मय बजरी को जप्त किया गया है। निवाई थानाधिकारी घासीराम ने बताया कि निवाई क्षैत्र में अवैध खनन व परिवहन की रोकथाम हेतु थाना पुलिस की दो अलग-अलग टीमों द्वारा गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए एक टेक्ट्रर जो अवैध बजरी से भरे हुए को जप्त किया गया। वही दूसरी कार्यवाही में टीम को ट्रेक्टर चालक ने देखकर अवैध बजरी से भरी हुई ट्रोली को मोके पर छोडकर टेक्ट्रर को लेकर मौके से फरार हो गया। जिसके बाद टीम ने अवैध बजरी से भरी ट्रोली को जप्त कर लिया। पुलिस ने ट्रेक्टर चालक व मालिक के विरूध एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।



**टोंक सदर थाना क्षेत्र स्थित जयपुर कोटा नेशनल हाईवे 52 के पास पन्नाधाय मार्ग शक्ति नगर कॉलोनी में सूने मकान में चोरों ने ताला तोड़कर में 40 हजार रुपए नगद व सोने-चांदी की ज्वैलरी चोरी कर ली।**

- ससुराल गए मकान मालिक को चोरी की सूचना दी

## जैन समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**फुलेरा** । मध्यप्रदेश के रीवा में पैदल विहार के दौरान 2 दीक्षाबार आर्थिक माताजी को कार चालक द्वारा बेरहमी से कुचलने जाने के मामले को लेकर फुलेरा के जैन समाज में आक्रोश देखने को मिला। आक्रोशित जैन समुदाय के लोगों ने विहाररत जैन साधु-संतों को विशेष सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने, राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति लागू करने एवं आर्थिक माताजी दुर्घटना प्रकरण की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग को लेकर एसडीएम ऋषिराज कपिल को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान समाज से जुडी महिलाएं व अन्य लोग संदेश लिखी तख्तियां हाथों में थामे श्री आदिनाथ जिनालय से मौन जुलूस के रूप में थाने तक पहुंचे, जहां उन्होंने फुलेरा थानाधिकारी राजेंद्र कुमार को भी ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जैन समाज अध्यक्ष नीलेश कुमार बड़जात्या, रमेशचंद रांवका, सुरेश चंद रांवका, विमल काला, इंदु बड़जात्या, किरण छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

## प्रतिभा पक्षी मित्र अभियान के तहत लगाए परिंडे

**लालसोट**। हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड लालसोट द्वारा पीएम अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में संचालित ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास शिविर में विद्यार्थियों को विभिन्न रचनात्मक एवं उपयोगी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में बच्चों को सिलाई, मेहंदी, डांस, इंग्लिश स्पोकन, कंप्यूटर, हारमोनियम, पेंटिंग सहित अनेक विषयों का प्रशिक्षण विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा बड़े ही व्यवस्थित एवं रोचक तरीके से दिया जा रहा है।

शिविर के अवलोकन के लिए अतिरिक्त लोक शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी रिंकू पांडा, प्रधानाचार्य मदन लाल पारीक सहित अन्य अतिथियों ने शिविर का निरीक्षण किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई गतिविधियों एवं कला प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी क्रम में आज पक्षी मित्र अभियान के तहत विद्यालय परिसर में परिंदे भी लगाए गए, जिससे गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी उपलब्ध कराया जा सके। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण एवं जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अनिल शर्मा, विजय शर्मा, मुकेश पारीक, राजू लाल मीणा, मुकेश पुरोहित, आशुतोष शर्मा, अनुराग प्रिय, अभिषेक शर्मा, सागर जांगिड म्यूजिशियन, अरविंद मीणा, रेखा रानी मीणा, शोभा रानी मीणा, नमिता गौतम, सलोनी शर्मा, सिविल प्रभारी गोविन्द सहाय शर्मा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## सांभर की जाल की गली में चार दशक बाद हुआ पेयजल समस्या का स्थाई समाधान

- लोगों ने एसडीएम व अभियंताओं का शुक्रिया अदा किया

**सांभरझील, (निसं)**। सांभर में जाल की गली में रहने वाले बाशिंदो की आखिरकार 40 साल बाद पेयजल समस्या का स्थाई समाधान होने पर खुशी की लहर छा गई। बता दें कि इस गंभीर समस्या को लेकर गत दिनों प्रमुखता से खबर प्रकाशन कर प्रशासन और जलदाय विभाग का ध्यान आकर्षित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

एक-एक बूंद पानी को तरस रहे यहां के लोगों को जब पहली दफा नलों में पर्याप्त पानी आता दिखाई दिया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा और उन्होंने परमात्मा को धन्यवाद देते हुए प्रशासन का भी आभार जताया।

करीब चार दशक से एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे लोगों की पेयजल समस्या का समाधान जब राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी ऋषिराज कपिल की दखलअंदाजी व जलदाय विभाग के अभियंताओं की मजबूत इच्छा शक्ति से काम अंजाम तक पहुंचा और सूखे पड़े नलों में जब प्रेशर से पानी आता दिखाई दिया तो वहां रहने वाली गृहणियों की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। बता दें की 40 साल से अधिक समय से यहां रहने वाले लोगों की इस ज्वलंत व विकट समस्या के समाधान कराने में तमाम राजनीतिक पदाधिकारियों की छिछली यानी डर्टी पॉलिटिक्स के चलते नाकामी सिद्ध हुई। पेयजल समस्या का स्थाई समाधान होने पर यहां के लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल से मुलाकात कर उनका तहे दिल से शुक्रिया अदा किया तथा मोदक खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया तो उन्होंने भी सभी लोगों को इसके लिए थैंक्स कहा।

जाल की गली के लोगों ने जलदाय विभाग के अधिकारियों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं दूसरी तरफ सिंधी मोहल्ला स्थित जलदाय विभाग की टंकी के सामने रोड से लेकर राजपथ तक नई पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क को दोबारा से ठीक करने में जिस जलदाय विभाग की जिम्मेदारी होती है वह पूरी तरह से इसमें लीपापोती करती नजर आई।

नगर पालिका के सफाई निरीक्षक विनोद पारीक ने मौके पर आकर देखा तो जलदाय विभाग की तरफ से काम करने वाले कर्मचारियों ने मिट्टी पूरी निकाल कर उसको वापस आथे से ज्यादा मिट्टी से भर दिया और केवल ढाई से 3 इंच करीब सीमेंट कंक्रीट से सड़क को लेवल करने लग गए, जिस पर शेष सड़क को नियमानुसार 9 इंच तक सीमेंट कंक्रीट से भरने के निर्देश देते हुए मौके पर काम को रुकवा दिया और जलदाय विभाग के अधिकारियों को भी बुला लिया गया।

## निःशुल्क योग शिविर कल से

**शाहपुरा** । शहर में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट हरिद्वार तथा वीर तेजाजी मिलन शाहपुरा के संयुक्त तत्वावधान में पहली बार निःशुल्क इंटीठोटेड योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

यह शिविर 28 मई 2026 से 3 जून 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक बी.आर. कॉलेज, त्रिवेणी रोड़ शाहपुरा में आयोजित होगा। शिविर में योगाचार्य स्वामी अर्जुनदेव जी के सानिध्य में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से विभिन्न रोगों का उपचार एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा।

आयोजकों के अनुसार इस योग शिविर में मोटापा, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, अस्थमा, घुटनों का दर्द, माइठोन, डिप्रेशन, सर्वाइकल पेन, कमर दर्द, पेट संबंधी रोग, हृदय रोग, स्किन रोग, एलर्जी, बवासीर सहित कई गंभीर व सामान्य बीमारियों के लिए योग व प्राकृतिक चिकित्सा पद्धित से लाभ प्रदान किया जाएगा।

शिविर में भाग लेने वाले नागरिकों के लिए विशेष सुविधा के रूप में प्रातः 4:50 बजे पतंजलि पेट्रोल पंप के पास से निःशुल्क वाहन सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

## 'स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए'

- सफाई मित्रों व नरेगा कर्मियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर

**टोंक**। राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार देश को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत मंगलवार को शहरी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। नगर परिषद टोंक द्वारा नगर परिषद सभागार (अग्निशमन केंद्र) में सफाई मित्रों और शहरी नरेगा कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं टीबी स्क्रीनिंग शिविर का सफल आयोजन किया गया।

इस मौके पर शिविर के शुभारंभ पर नगर परिषद के सचिव अमर गुर्जर ने उपस्थित सफाई मित्रों, शहरी नरेगा कर्मियों और आमजन को संबोधित करते हुए टीबी के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि बीमारी को छिपाने के बजाय सही समय पर जांच और जागरूकता ही इससे बचाव का सबसे बड़ा माध्यम है। हर नागरिक को अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए। इस दौरान विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

वही घशिविर के मुख्य सत्र में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल ने टीबी रोग के लक्षण, रोकथाम और उपचार के बारे में विस्तार से तकनीकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि टीबी एक पूरी तरह इलाज योग्य बीमारी है। समय पर जांच व नियमित उपचार से इसे पूरी तरह खत्म किया जा सकता है। सरकार द्वारा इसके लिए निशुल्क दवाइयां और पोषण सहायता भी प्रदान की जा रही है।

शिविर में टीबी की त्वरित और सटीक पहचान के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम से सहायक रेडियोग्राफर श्रीमती भारती जायसवाल और अभिषेक शर्मा ने अत्याधुनिक हैंड-हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से संभावित टीबी रोगियों के मौके पर ही एक्स-रे किए।

इस आधुनिक तकनीक से न केवल समय की बचत हुई, बल्कि कर्मचारियों को तुरंत अपनी छाती की जांच रिपोर्ट की प्रारंभिक जानकारी भी मिल सकी।

## भागवत कथा में गूंजा भक्ति रस

- भगवान कृष्ण की तीन बंशीओं का सुनाया गूढ़ रहस्य
- भगवान श्रीकृष्ण, यशोदा, गोपियों और ऊधौ के मार्मिक प्रसंग सुनकर श्रोता हुए भावविभोर, पूरा वातावरण भक्ति रस में डूबा नजर आया

**पावटा**। कस्बा पावटा स्थित प्राचीन राठी वाला मंदिर में पूज्य श्री निम्बार्काचार्य श्री श्रीजी महाराज की असीम अनुकम्पा व मंदिर महंत श्री राधा मोहन दास महाराज के सान्निध्य में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन कथा पंडाल पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। कथावाचक अभिषेक पाठक महाराज ने भगवान विट्ठल एवं भगवान नारायण के बैकुंठ धाम की महिमा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, प्रेम और आत्मशुद्धि का संदेश दिया। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जहां पूरा वातावरण राधे-श्याम और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक ने पांचों तत्वों - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश - के शोधन की कथा, भगवान श्रीकृष्ण की गोपियों संग रासलीला का अत्यंत मनमोहक वर्णन किया गया। कथावाचक ने कहा कि रासलीला केवल एक लीला नहीं, बल्कि जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का दिव्य प्रतीक है। जैसे ही रासलीला का प्रसंग चला, श्रद्धालु भक्ति भाव में झूम उठे और पूरा पंडाल भक्तिरस से सराबोर हो गया। इस अवसर पर कथावाचक ने भगवान कृष्ण की तीन बंशियों मोहिनी, आकर्षणी और उन्माद बंशी का गूढ़ आध्यात्मिक रहस्य भी बड़े सुंदर ढंग से समझाया। वही कथा व्यास पूज्य अभिषेक पाठक महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और ऊधौ के मार्मिक प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे। कथा व्यास ने बताया कि शिक्षा पूर्ण करने के बाद जब भगवान श्रीकृष्ण द्वारका लौटे, तो उन्होंने अपने परम मित्र ऊधौ को बृजवासियों का हाल जानने के लिए गोकुल भेजा। ऊधौ को ज्ञान और विवेक का प्रतीक बताते हुए शास्त्री जी ने कहा कि जब ऊधौ बृज पहुंचे, तो वहां की प्रेममयी भूमि ने उनके ज्ञान को भी प्रेम में परिवर्तित कर दिया। गोकुल पहुंचते ही बृजवासियों की भीड़ उमड़ पड़ी। जब उन्होंने कान्हा को अपने बीच न देखा, तो ऊधौ से व्याकुल होकर प्रश्न किया। ऊधौ ने बृजवासियों को बताया कि स्वयं श्रीकृष्ण ने उन्हें उनका हाल जानने के लिए भेजा है। इसके बाद बृजवासियों ने ऊधौ को माता यशोदा के महल भेजा। कथा व्यास ने बताया कि जब ऊधौ यशोदा मैया के घर पहुंचे और उन्हें प्रणाम किया, तो यशोदा मैया को अपने लाडले कान्हा की शरारतें याद आ गईं। वह भावुक होकर बताने लगीं कि कैसे कान्हा कभी माखन, कभी दूध और कभी दही के लिए उन्हें परेशान करता था। कथा के दौरान ऊधौ के यह पूछने पर कि श्रीकृष्ण कहां हैं, यशोदा मैया ने पालने की ओर इशारा किया। यह दृश्य सुनकर कथा स्थल पर मौजूद श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। शास्त्री जी ने कहा कि मां का प्रेम समय और दूरी से परे होता है। यह सुनकर ऊधौ भी भावविभोर हो गए और उन्हें बृज के प्रेम की महिमा का वास्तविक बोध हुआ। इसके बाद कथावाचक ने ऊधौ और गोपियों के संवाद का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रेम एक क्षण में हो जाता है और जीवन भर चलता है, । इस दौरान शिवपाल राठी, उमाकांत बंसल, दिनेश शर्मा, कुलदीप पटेल, पंकज जोशी, मनीष जांगिड़, सक्षम शर्मा, कमल पटेल, विकास पंचोली सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

## फुलेरा उप-कारागृह का औचक निरीक्षण



फुलेरा जेल का अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

- बंदियों की अपीलों को लेकर दिए निर्देश

**फुलेरा**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला के सचिव पवन कुमार जीनवाल ने मंगलवार को नरेना रोड स्थित फुलेरा उप-कारागृह (सब जेल) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान सचिव जीनवाल ने बंदियों के कानूनी अधिकारों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बैरकों में जाकर बंदियों से बातचीत की और पूछा कि क्या किसी बंदी की अपील उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय में लंबित है अथवा वे अपील दायर करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से निःशुल्क विधिक सहायता एवं सरकारी वकील उपलब्ध करवाए जाएंगे। साथ ही जेल प्रशासन को संबंधित बंदियों की सूची शीघ्र तैयार कर भेजने के निर्देश दिए। सचिव ने जेल परिसर में साफ-सफाई, बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता तथा चिकित्सा सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए बंदियों के लिए ठंडे पानी एवं स्वास्थ्य संबंधी पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जेलर भरत लाल मीणा, मुख्य प्रहरी पूरण सिंह, सहित उप-कारागृह के अधिकारी एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक रुपये में दो बेटियों का कन्यादान

**लालसोट**। सेवा, संस्कार और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम सोमवार को गंगा दशमी के पावन अवसर पर देखने को मिला, जब अनुराग सेवा संस्थान, लालसोट द्वारा अपनी स्थापना के 31 वर्ष पूर्ण होने पर अनुराग-31 अभियान के तहत दो मातृ-पितृ एवं भाई विहीन बेटियों का विवाह मात्र एक-एक रुपये में सम्पन्न करवाया गया।

यह भावुक एवं प्रेरणादायी आयोजन जैन नसियां परिसर में सर्व समाज की सहभागिता और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

समारोह में सालिगरामपुरा निवासी स्वर्गीय ताराचंद की पुत्री निकिता एवं आयुषी का विवाह डिगो निवासी बृजमोहन के पुत्र ज्योति प्रकाश एवं विकास के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं अग्नि के सात फेरों के साथ सम्पन्न कराया गया।

प्रातः सवा नौ बजे विनायक स्थापना एवं मंडप पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। दोपहर तीन बजे परशुराम मंदिर से बारात की अगवानी की गई, जहां संस्थान पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने पुष्प वर्षा एवं मंगल तिलक के साथ बारातियों का आत्मीय स्वागत किया। भीषण गर्मी के बावजूद बारातियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

## प्रागपुरा मुख्य बाजार में गंदे पानी की समस्या से लोग परेशान

- नगरपालिका की कार्यशैली पर उठे सवाल

**पावटा**। नगरपालिका पावटा प्रागपुरा के प्रागपुरा कस्बे के मुख्य बाजार में करोड़ों की लागत से बना शानदार सड़क मार्ग जहां बाजार की सुंदरता में चार चांद लगा रहा है, वहीं बीच बाजार में जमा काला गंदा पानी लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह गंदा पानी पूरे बाजार की सुंदरता पर दाग जैसा नजर आता है और आने-जाने वाले राहगीरों व व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार नगरपालिका प्रशासन को अवगत करवाया गया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। धरातल पर समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम उठता दिखाई नहीं दे रहा। लोगों का कहना है कि बाजार की यह स्थिति प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। भारतीय जनता युवा मोर्चा पावटा मंडल अध्यक्ष ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं को लेकर कई बार नगरपालिका कार्यालय जाकर अधिकारियों को अवगत करवाया।

## श्री गौ नंदी कृपा कथा 31 से

**बीकानेर, (कासं)**। केसरदेसर जाटान गांव में स्थित गौशाला में 31 मई से श्री गौ नंदी कृपा कथा एवं सुरभि यज्ञ तथा भक्ति संगीत के कार्यक्रम 6 जून तक होंगे। कथा व यज्ञ की तैयारियां शुरू हो गई है। मंगलवार को चांडक माहेश्वरी परिवार की महिलाओं ने कीर्तन भजन करते हुए यज्ञशाला में गोबर से लिपाई, गेरूआ रंग से रंगाई तथा मांडणा मांडने की सेवा की। श्रद्धालुओं के लिए बीकानेर, सींथल, नोखा, देशनोक, नापासर व बीकानेर से बसों की व्यवस्था की गई है। धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य आयोजक मणका देवी एवं गोपी किशन चांडक परिवार के जुगल चांडक ने बताया कि ख्याति प्राप्त संत महात्माओं व वेद पाठी ब्राह्मणों के सानिध्य में 31 मई से 6 जून तक सुरभि यज्ञ प्रतिदिन सुबह 6:00 से 9:00 बजे तक व श्री गौ नंदी कृपा कथा दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक किया जायेगा।

# सार-समाचार

## गांव-गांव गूंजा 'जल बचाओ' का नारा

**खैरथल**। 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026' के तहत मंगलवार को खैरथल-तिजारा जिले का हर गांव जल मंदिर बन गया। ग्राम पंचायतों में महिलाओं ने कलश लेकर जलाशय और पीपल का पूजन किया तो युवाओं ने अमृत सरोवर पर खड़े होकर पानी बचाने की शपथ ली। नुक्कड़ नाटक से लेकर जल संरचनाओं के निरीक्षण तक, पूरे जिले ने एक सुर में कहा: अब जल संरक्षण सिर्फ सरकारी योजना नहीं, जन आंदोलन बनेगा। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि अभियान का मकसद आमजन में पानी बचाने और जनभागीदारी को लेकर अलख जगाना है। ग्राम पंचायतों में महिलाओं ने जलाशय और वृक्ष पूजन कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। गांवों में बने अमृत सरोवरों का अवलोकन किया गया और वहीं ग्रामीणों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। लोगों से बारिश की एक-एक बूंद सहेजने और जल संचयन को आदत बनाने की अपील की गई। अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक, जल संरक्षण संकल्प, पौधारोपण की तैयारी, जल संरचनाओं का अवलोकन और अमृत सरोवरों का निरीक्षण किया गया। 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत पौधारोपण की तैयारियों की भी समीक्षा हुई। मनरेगा और वीबीजी रामजी योजना के तहत चल रहे जल संरक्षण कार्यों में तेजी लाने और ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाएं और प्राकृतिक संसाधनों को बचाने में आगे आएं। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामहेत यादव ने लोगों को संकल्प दिलाते हुए कहा हर घर, हर खेत तक पानी बचाने का संदेश पहुंचे, यही अभियान की कामयाबी होगी । 27 मई को धार्मिक-सामाजिक संगठनों, भामाशाहों और गणमान्य लोगों के साथ जल संरक्षण पर संगोष्ठी होगी। गौशालाओं और पशु चिकित्सालयों में स्वच्छता अभियान चलेगा। जिला सचिवालय से सुबह 8:15 बजे मीडिया को जल संरक्षण कार्यों का फील्ड भ्रमण कराया जाएगा।

## रेनवाल ऑफिस में लगा जनता दरबार

**रेलवाल** । मानवाधिकार विकास संघ की रष्ट्रीय कोर कमेटी के निर्णयनुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष छात्रापाल सिंह व महिला प्रदेश अध्यक्ष ममता आशिवाल की अनुशंसा पर रेनवाल मे जनता दरबार लगाया गया जिसमे पीड़ित लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया इसके साथ ही 10 अन्य समस्याओं का रजिस्ट्रेशन किया गया इन समस्याओ का समाधान भी जल्दी ही किया जायेगा जनता दरबार मे रष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश तंवर के द्वारा सभी समस्याओ का समाधान किया गया अध्यक्ष राकेश तंवर ने बताया जहां कोई पीड़ित होगा परिवार हमेशा वहां खड़ा मिलेगा साथ ही रष्ट्रीय महासचिव प्रीतम शर्मा ने बताया की बहुत जल्दी सभी जिला स्तर व तहसील स्तर पर जनता दरबार का आयोजन किया जायेगा ताकि पीड़ित लोगो को न्याय मिल सके रेनवाल जनता दरबार मे सहयोग के लिए पहुंचे सुनीता चौधरी, कल्पना कुमावत, रेखा कुमावत, जुगालकिशोर कुमावत, ललिता जी, जानकी शर्मा व आधी टीम मौजूद रही

## आधी रात को बदमाशों ने गाड़ियों में की तोड़फोड़

(कासं) । जोधपुर शहर में एक बार फिर से बदमाशों का उत्पात सामने आया है। आधी रात को जगदंबा कॉलोनी, प्रतापनगर और बकरामंडी हरिजन बस्ती में बदमाशों की दो टोलियों ने मिलकर उत्पात मचाते हुए कई गाडि़यों में बेजा तोडफ़ोड़ कर नुकसान पहुंचाया। घटनाक्रम के वीडियो और सीसीटीवी फुटेज आज सुबह वायरल हुए। हरकत में आई पुलिस ने अब बदमाशों की पहचान के साथ तलाश आरंभ की है। प्रतापनगर और खांडाफलसा थाने में अलग अलग प्रकरण अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज कराए गए है । जानकारी के अनुसार प्रतापनगर के जगदम्बा कॉलोनी पंचोलियानाडी क्षेत्र में आधी रात को दो मोपेड पर कुछ युवक सवार होकर आए। युवकों के हाथों में डंडे और लाठियां थी। इन लोगों ने घरों के बाहर खड़े दुपहिया वाहनों को निशाना बनाते हुए तोडफ़ोड़ की। गाडि़यों के शीशे फोडऩे के साथ हैडलाइट आदि को नुकसान पहुंचाया गया। इसी प्रकार से बकरामंडी हरिजन बस्ती में भी बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाते हुए वहां घर के बाहर गाडि़यों में तोडफ़ोड़ की। रात को तोडफ़ ोड़ की आवाजें आने पर कुछ लोग जाग भी गए और चिल्लाने लगे। प्रतापनगर सदर और खांडाफलसा थाना क्षेत्रों में हुई इन तोडफ़ोड़ की घटनाओं का वीडियो और सीसीटीवी फुटेज सुबह वायरल हुए। इस बाद हरकत में आई पुलिस ने अब फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान के साथ तलाश आरंभ की है। शाम तक कुछेक बदमाशों को डिटेन किए जाने की उम्मीद जताई है। खांडाफलसा थानाधिकारी सुरेश पोटलिया ने बताया कि बदमाशों की पहचान की जा रही है। बता दें कि इससे पहले भी प्रतापनगर के कमला नेहरू नगर, सूरसागर, महामंदिर एरिया में इस तरह की घटनाएं हो चुकी है। आधी रात को जब लोगबाग अपने अपने घरों में होते है तब बदमाश हाथों में लाठी, डंडे और पत्थर लेकर निकलते है और वाहनों को नुकसान पहुंचाते है।

## हास्य, वीर व श्रृंगार रस से सराबोर रहा कवि सम्मेलन

**रानी, (निसं)**। भगवान महावीर गौशाला प्रांगण में रविवार 24 मई को लायंस क्लब रानी के तत्वावधान में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन में देश के नामचीन कवियों ने अपनी रचनाओं से ऐसा समां बांधा कि श्रोता देर रात तक तालियां बजाते रहे। मंच संचालक एवं संयोजक कवि युगराज जैन के कुशल संचालन में हास्य, वीर और श्रृंगार रस की त्रिवेणी बही। कांकरोली के सुप्रसिद्ध हास्य कवि सुनील व्यास ने ग्रामीण रहन-सहन एवं पारिवारिक तानेबाने को अपनी कविता में कुछ यूं पिरोया, बडा भोला बडा सीधा मेरा गांव आज भी शहर से अच्छा है मोबाइल वाला जमाना फिर भी, चूल्हे पर रोटी का स्वाद बडा। उन्होंने हास्य-व्यंग्य के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, महंगाई और मोबाइल की लत जैसी समस्याओं पर करारा प्रहार किया, जिसे सुन श्रोता लोटपोट हो गए। हास्य कवि राव अजात शत्रु ने परम्परागत कविता पाठ के वाचिक परम्परा अंदाज को फिर से जीवंत कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने श्रोताओं को अशोक च धर और शैल चतुर्वेदी जैसे विख्यात कवियों की याद दिला दी। उनके एक मुक्तक पर पूरा पंडाल ठहाकों से गूंज उठा। कवयित्री भावना लोहार ने श्रृंगार रस की ऐसी फुहार बिखेरी कि महावीर गौशाला का माहौल प्रेम के आनंद से सराबोर हो गया। सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। हास्य कवि दिनेश बंटी ने जब हास्य की फुलवारी बिखेरी तो दर्शकों की तालियां थमने का नाम ही नहीं ले रही थीं। उनके गुदगुदाने वाले हास्य प्रसंग अद्भुत थे। वहीं वीर रस के सशक्त हस्ताक्षर कवि अंशुमान आजाद ने मेवाड के वीर सपूत महाराणा प्रताप और उनके सुख-दुख के साथी चेतक के शौर्य पर ओजस्वी कविता पाठ किया। उनकी दमदार शैली और बुलंद आवाज ने हर श्रोता को देशभक्ति एवं सनातन धर्म के जयकारों के लिए मजबूर कर दिया कार्यक्रम के सूत्रधार कवि युगराज जैन ने दैनिक जीवन के भावों को अलग-अलग अंदाज में महसूस कराने वाली उत्कृष्ट कविताओं से अनूठा समा बांध दिया। उन्होंने बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों को जीवन जीने की नई दिशा दी और प्रेरक प्रसंग सुनाकर समाज को शिक्षा, चिकित्सा व जनकल्याण के लिए प्रेरित किया। सम्मेलन संयोजक राजकमल पारिख एवं हिमांशु पलोड ने बताया कि गौशाला में इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में साहित्यिक वातावरण बनाना एवं गौसेवा के प्रति जागरूकता लाना था, जो पूरी तरह सफल रहा। लायंस क्लब पदाधिकारी हरीश सुराणा, प्रोजेक्ट चेयरमैन घीसुलाल चौधरी, रूपचंद पुनमिया, विकास अधिकारी रानी नारायण सिंह राजपुरोहित , डॉ. सुखदेव हंसा राम ,दिनेशनायरा, बस्तीमल रामावत, आशुलाल सोलंकी, कमला जैन, ममता, आरती गर्ग , कमलेश राय सोनी कमलेश रावल एवं लेखराज सहित आसपास के गांवों के श्रोता मौजूद रहे।

## खर्रा ने जल संरक्षण व पौधारोपण पर बल दिया

**पाली, (नि.सं.)**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुसार 'वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान प्रारंभ किया गया है। इसके तहत मंगलवार को पाली जिले के सोजत के पाचुंदा खुर्द में जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने वंदे गंगा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की इस अवसर पर उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप चलाये जा रहे अभियान का उदेश्यक जल संरक्षण करना व प्रदेश को हरा भरा बनाना है। वंदे गंगा अभियान का मुख्य उदेश्य जल का सरंक्षण और उसको लेकर जागरूकता लाना है। उन्होंने इसके लिये दो महत्वपूर्ण बातो पर बल दिया जिसमे जल का संरक्षण व पौधरोपण है जिससे पर्यावरण को लाभ होता है ।



क्या हम वैभव सूर्यवंशी के खेल का सिर्फ एक ही पहलू देखना चाहते हैं। क्रिकेटर सिर्फ बल्लेबाज या गेंदबाज नहीं होना चाहिए। हमें यह भी देखना चाहिए कि वह दबाव में कैसा फील्डर है, मुश्किल हालात में कैसे रिएक्ट करता है और मैच के तनाव को कैसे संभालता है। - संजय मांजरेकर

पूर्व भारतीय खिलाड़ी, वैभव सूर्यवंशी को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — मैथ्यू डिविलियर्स



आईपीएल 2026 के धूमधड़ाके के बीच साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज मैथ्यू डिविलियर्स ने विस्फोटक बैटिंग से धूम मचा दी। उन्होंने एक मैच में 88 गेंद में 247 रन की पारी खेली। मैथ्यू डिविलियर्स ने 23 चौके और 22 छक्के लगाए। इस दौरान उन्होंने लगातार छह छक्के लगाने का कमाल भी किया। मैथ्यू डिविलियर्स ने दोहरे शतक वाली पारी 40 टूर्नामेंट में खेली। वे लॉन्गरिज क्रिकेट क्लब टीम का हिस्सा थे। डिविलियर्स के आतिशी खेल से इस क्लब ने व्हेली क्रिकेट क्लब के सामने 40 ओवर में चार विकेट पर 447 रन का स्कोर बनाया।

क्या आप जानते हैं ?... अमेरिका के महान तैराक माइकल फेल्प्स ने ओलंपिक इतिहास में सबसे ज्यादा 28 पदक (जिनमें 23 स्वर्ण शामिल हैं) जीते हैं।

# बेंगलुरू ने गुजरात को 92 रन से हराया

## पाटीदार के नाबाद 93 रन, डफी को 3 विकेट



धर्मशाला, 26 मई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु लगातार दूसरे सीजन के फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने मंगलवार को क्वालिफायर-1 में गुजरात टाइटंस को 92 रन से हरा दिया। अब गुजरात एलिमिनेटर मुकाबला जीतने वाली टीम से क्वालिफायर-2 खेलेगी।

एलिमिनेटर सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच बुधवार को न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा। बेंगलुरु ने धर्मशाला में टॉस हारकर 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 254 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम 19.3 ओवर में 162 रन पर ऑलआउट हो गई।

राहुल तेवतिया ने 68 रन बनाए 255 रन के टारगेट का पीछा करते हुए गुजरात की शुरुआत बेहद खराब रही। साई सुदर्शन 14 रन बनाकर हिट-विकेट आउट हुए, जबकि कप्तान शुभमन गिल सिर्फ 2 रन ही बना सके। जोश बटलर ने 11 गेंदों में 29 रन की पारी खेलकर उम्मीद जगाई, लेकिन जोश हेडलवुड ने उन्हें बोल्ड कर दिया। इसके बाद गुजरात ने 51 रन तक अपने 5 विकेट गंवा दिए। एक छोर पर राहुल तेवतिया ने अकेले स्ट्रगल किया और 43 गेंदों में 68 रन की पारी खेली, जिसमें 8 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। बेंगलुरु के लिए डफी ने 3 विकेट लिए, जबकि क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर और रसिख सलाम ने 2-2 विकेट झटके।

पाटीदार-क्रुणाल के बीच 95 रन की साझेदारी वेंकटेश अय्यर ने 7 गेंदों में 19 रन बनाकर बेंगलुरु को तेज शुरुआत दिलाई। इसके बाद विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने पारी संभाली। कोहली ने 25 गेंदों में 43 और पडिक्कल ने 19 गेंदों पर 30 रन बनाए। दोनों के आउट होने के बाद कप्तान रजत पाटीदार ने 33 गेंदों में नाबाद 93 रन ठोके। उनकी पारी में 5 चौके और 9 छक्के रहे। पाटीदार और क्रुणाल पंड्या के बीच चौथे विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी हुई। क्रुणाल ने 28 गेंदों में 43 रन बनाए। उन्होंने 5 चौके और 2 छक्के लगाए। आखिरी ओवरों में जितेश शर्मा ने 5 गेंदों पर 15 रन बनाकर टीम को 250 के पार पहुंचाया। गुजरात के लिए कगिसो रबाडा और जेसन होल्डर ने 2-2 विकेट लिए।

# ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए नए कप्तान का किया ऐलान, मिचेल मार्श बाहर

नई दिल्ली, 26 मई। ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले तगड़ा झटका लगा है। कप्तान मिचेल मार्श आगामी वनडे सीरीज से बाहर हो चुके हैं जिसकी शुरुआत 30 मई से होने वाली है। ऑलराउंडर फिलहाल एड़ी की चोट से जूझ रहा है और यही कारण है कि मार्श को लखनऊ सुपर जायंट्स के फाइनल लीग मैच से बाहर होना पड़ा था जो पंजाब किंग्स के खिलाफ था।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अब तक मार्श की चोट को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है। ऐसे में ये साफ नहीं है कि वो सिर्फ पाकिस्तान का दौरा ही मिस करेंगे या फिर बांग्लादेश के खिलाफ भी सीरीज मिस करेंगे जिसकी शुरुआत 9 जून से होने जा रही है। मार्श की गैरमौजूदगी में जोश इंग्लिस अब वनडे टीम की कप्तानी करेंगे। वहीं रेगुलर कप्तान पैट कमिंस और सीनियर बैटर ट्रेविस हेड उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि दोनों आईपीएल प्लेऑफ्स खेल रहे हैं।

### इंग्लिस अब टीम के चौथे वनडे कप्तान

इंग्लिस अब इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया टीम के चौथे विकल्प वनडे कप्तान बन गए हैं। इससे पहले उन्होंने पिछले साल पाकिस्तान के खिलाफ एक वनडे और तीन टी20 मैचों में टीम की कप्तानी की थी। एलेक्स कैरी भी टीम में कप्तानी के एक और विकल्प हैं। उन्होंने 2021 में कैरिबियन में ऑस्ट्रेलिया की वनडे सीरीज की कप्तानी की थी।



### कॉनॉली ले सकते हैं मार्श की जगह

कमिंस, हेड, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क के ना होने से ऑस्ट्रेलिया की टीम पहले ही कमजोर हो गई है। कूपर कॉनॉली, जेवियर बार्टलेट और बेन ड्वार्शियस जैसे खिलाड़ी शुरू में पाकिस्तान वाले मैचों के लिए टीम में नहीं चुने गए थे, क्योंकि उनकी आईपीएल टीम प्लेऑफ तक पहुंचने वाली थी। लेकिन उनकी फ्रैंचाइजी जल्दी हार गई, इसलिए अब इन खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने की संभावना बन गई है। अभी मार्श की जगह किसी को आधिकारिक रूप से नहीं चुना गया है, लेकिन कॉनॉली पहले से तय समय से पहले टीम में शामिल हो सकते हैं।

### मार्श के बाहर होने से टॉप ऑर्डर कमजोर

मार्श के बाहर होने से ऑस्ट्रेलिया का टॉप ऑर्डर भी कमजोर हो गया है। 33 साल के इस बल्लेबाज ने आईपीएल के आखिरी मैचों में शानदार फॉर्म दिखाई थी। उनके आखिरी चार पारियों में 111, 90 और 96 रन थे, और स्ट्राइक रेट 163 से ऊपर था। मार्श के ना होने के बाद टीम प्रबंधन को अब ओपनिंग जोड़ी पर फिर से सोचना पड़ेगा। ट्रेविस हेड के ना होने पर मैट शॉर्ट को मार्श के साथ ओपनिंग करने का सबसे ज्यादा चांस लग रहा था, लेकिन अब दूसरे विकल्पों पर भी चर्चा हो रही है। कैरी को ऊपर भेजा जा सकता है, जबकि किशोर बल्लेबाज ओली पीक को मिडिल ऑर्डर में मौका मिलने की संभावना है।

# फ्रेंच ओपन : 19 साल के राफेल जोडर का तूफानी आगाज

## डेब्यू में की नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी



नई दिल्ली, 26 मई। जब दो बार के मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ चोट के कारण बाहर हो गए हैं और फ्रांस के 21 वर्षीय आर्थर फिल्स भी फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गए हैं तब स्पेन के 19 वर्षीय राफेल जोडर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर की राह में सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आ रहे हैं। पिछले कुछ समय से एटीपी प्रतियोगिताओं में धूम मचा रहे जोडर ने फ्रेंच ओपन में अपने पदार्पण मैच में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिका के अलेक्जेंडर कोवासेविच को 6-1, 6-0, 6-4 से हराया। जोडर ने क्ले कोर्ट पर खेले जाने वाले इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में पहले मैच में केवल पांच गेम गंवाए।

फ्रेंच ओपन में पदार्पण पर इससे कम गेम गंवाने वाले आखिरी खिलाड़ी नोवाक जोकोविच थे, जिन्होंने 2005 में रॉबी जिनेप्री के खिलाफ तीन गेम गंवाए थे। जोडर ने कहा, ''मैंने शुरुआत से ही बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। यह मेरा (टूर पर) पहला साल है और पिछले कुछ महीनों में मैंने बहुत कुछ सीखा है।''

इस युवा खिलाड़ी ने अपने पिछले 19 मैचों में से 16 जीते हैं। उन्होंने इस बीच मोरक्को में क्ले कोर्ट पर ट्रॉफी जीती, बार्सिलोना में सेमीफाइनल और मैड्रिड में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचे। एक साल पहले जोडर की रैंकिंग 707वीं थी लेकिन अब उनकी रैंकिंग 29वीं है और पेरिस में उन्हें 27वीं वरीयता हासिल है।

इस बीच चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक ने अपने पहले मैच में 136वीं रैंकिंग की खिलाड़ी एमर्सन जोन्स को 6-1, 6-2 से हराकर बाहर कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एलेना रायबाकिना ने वेरोनिका एरजावेक को 6-2, 6-2 से और इटालियन ओपन विजेता एलिना स्वितोलिना ने अन्ना बोंडार को 3-6, 6-1, 7-6 (3) से हराया।

पुरुषों के वर्ग में 2015 के चैंपियन स्टेन वावरिंका को नीदरलैंड के क्वालीफायर जेस्पर डी जोंग ने 6-3, 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर उनके 21वें और अंतिम फ्रेंच ओपन का सफर समाप्त कर दिया। गेल मोनफिल्स ने भी आधी रात से ठीक पहले अपने हमवतन फ्रांसीसी खिलाड़ी ह्यूगो गैस्टन से 6-2, 6-3, 3-6, 2-6, 6-0 से हारने के बाद टेनिस को अलविदा कहा। आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने टोबी सैमुअल को 6-4, 6-4, 6-2 से हराया।


**कार्यालय नगर परिषद् शाहपुरा - जयपुर राज.**

क्रमांक :- न.प.शा./2026-27/147 दिनांक :- 22/05/2026

**निविदा सूचना वर्ष 2026-27**

नगर परिषद शाहपुरा जयपुर द्वारा निम्नानुसार कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है विस्तृत विवरण वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर कार्यालय समय सूचना बोर्ड पर देखा जा सकता है।

UBN No. : DLB2627WSOB05456

NIB Code : DLB2627A2112

आयुक्त

नगर परिषद शाहपुरा जयपुर

राज.संवाद/सी/26/3465



**कार्यालय नगरपालिका सुल्तानपुर जिला कोटा (राज.)**

क्रमांक :- नपासु/विकास/2025-26/440 - 41 दिनांक :- 18/05/2026

**ई-निविदा-सूचना /2025-26**

इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्या 338-39 दिनांक 18.05.2026 के द्वारा कुल 2 कार्य की अनुमानित लागत 99.46 लाख की जाती है। नगर पालिका सुल्तानपुर की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु नियमानुसार डीएलबी में सक्षम श्रेणी एवं अन्य विभागों में A, AA श्रेणी में राज्य सरकार/केन्द्र सरकार से पंजीकृत संवेदकों जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के सक्षम हो से ही ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित समस्त विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN No. : DLB2627WSOB05265, DLB2627WSOB05266

राज.संवाद/सी/26/3467 प्रशासक अधिशाषी अधिकारी



**District Supply Officer, Jalore**

**NOTICE INVITING BID**

e-Bids For Selection Of Transporter For The Handling and Transportation Of Food grains under PDS in District Jalore are invited From interested bidders up to 15.06.2026. other particulars of the bid may be visited on The Procurement Portal (http://eproc.rajasthan.gov.in or http://sppp.rajasthan.gov.in) of The State.

UBN: FCC2627SLOB00042

NIB Code: FCC2627A0043

District Supply Officer

Jalore

DIPR/C/9225/2026


# कॉल्विन शील्ड टूर्नामेंट के लिए जिले की टीम घोषित

जयपुर, 26 मई। जिला क्रिकेट संघ सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया की कोल्विन शील्ड सीनियर प्रतियोगिता जो कि दिनांक 27 5 2026 से जयपुर में आयोजित की जाएगी उसके लिए जिले की टीम निम्न प्रकार है:- 1 सचिन शर्मा, 2 देवकृत शर्मा, 3 करण मीना, 4 दिव्यांशु घोसिंघा, 5 लीलाधर मीना, 6 शान अवस्थी, 7 दिव्यांश शर्मा, 8 अनुज मीणा, 9 अमन सिंह शेखावत, 10 अर्णव गौतम, 11 नमन शर्मा, 12 संजय मीना, 13 नवरतन सैनी, 14 राम शर्मा, 15 कौशल मीणा, 16 प्रदीप सैनी, 17 सज्जन शर्मा। इस टीम के कप्तान सचिन शर्मा और उपकप्तान करण मीणा एवं टीम के कोच प्रेम सिंह और मैनेजर सुखराम गुर्जर होंगे। सचिव बृज किशोर उपाध्याय द्वारा यह भी बताया गया कि जिले की टीम का चयन सीनियर चयन समिति द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से किया गया है चयन के लिए खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस और उनका अनुशासन देखकर किया गया है दौसा का पहला मैच कल 27.5.2026 को बारां से 28. 5. 2026 को सवाई माधोपुर से 29.5.2026 को बीकानेर से 31.5.2026 को जैसलमेर से 1.5.2026 को भरतपुर से होगा इस बार टीम में प्रोफेशनल खिलाड़ी लिए गए हैं जिससे टीम का संतुलन बना रहे। पदाधिकारी श्री रतन चंद शर्मा एडवोकेट, शिवचरण शर्मा एडवोकेट, हीरालाल सैन, शोभना गुर्जर, विनय जैन आदि द्वारा टीम को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी गई।

# नॉर्वे शतरंज में भारतीय ग्रैंडमास्टर का जलवा डी गुकेश और प्रज्ञाननंदा की शानदार जीत

नई दिल्ली, 26 मई। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करते हुए विन्सेंट कीमर के खिलाफ एक कड़े और तनावपूर्ण मैराथन मुकाबले के बाद जीत हासिल की और आर प्रज्ञाननंदा ने वेस्ली सो को हराया, लेकिन विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। गुकेश ने लगभग पांच घंटे तक चले 144 चाल के मुकाबले के बाद आर्मागेडन (मुख्य बाजी ड्रॉ रहने के बाद टाईब्रेक मुकाबला) में जीत के बदौलत 1.5 अंक हासिल किए, जबकि कीमर को क्लासिकल मुकाबला बराबर रहने के कारण एक अंक से ही संतोष करना पड़ा। इस मैराथन मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी अंतिम चरणों में स्पष्ट रूप से घबराया हुआ दिखा जबकि जर्मन खिलाड़ी ने पूरे क्लासिकल मुकाबले में संयम बनाए रखा। टाईब्रेक में हालांकि गुकेश ने जीत हासिल करने में देर नहीं लगाई।

## भीलवाड़ा की बेटियों ने रचा इतिहास

# राज्य सब जूनियर हैंडबॉल में सिल्वर, फाइनल में 1 गोल से चूका स्वर्ण

भीलवाड़ा, 26 मई। खेल नगरी भीलवाड़ा की बेटियों ने एक बार फिर जिले का मान बढ़ाया है। अजमेर में सम्पन्न 31वीं राजस्थान राज्य सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में भीलवाड़ा की टीम ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक पर कब्जा जमाया। स्वर्णिम सफलता मात्र 1 गोल से दूर रह गई।

**ऐसा रहा सफर :** जिला हैंडबॉल संघ के सचिव तेजप्रताप सिंह ने बताया कि भीलवाड़ा की बालिकाओं ने पूरे टूर्नामेंट में विपक्षी टीमों पर दबदबा बनाए रखा। क्वार्टर फाइनल में भरतपुर को 6-0 से करारी शिकस्त दी। सेमीफाइनल में मजबूत मानी जा रही हनुमानगढ़ की टीम को 16-10 के बड़े अंतर से हराकर फाइनल में धमाकेदार एंट्री की। फाइनल मुकाबला गंगानगर के साथ कांटे का रहा। मैच के अंतिम क्षण तक दोनों टीमें बराबरी पर संघर्ष करती रहीं। आखिरी मिनट में गंगानगर ने 1 गोल की बढ़त बना ली और भीलवाड़ा को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। दर्शकों ने भीलवाड़ा की टीम के जुझारूपन की जमकर सराहना की।

**बधाईयों का तांता :** टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जिला हैंडबॉल संघ अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने कहा कि ''बेटियों ने पूरे प्रदेश में भीलवाड़ा का नाम रोशन किया है। ये पदक आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा।'' राजस्थान राज्य हैंडबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं जिला हैंडबॉल संघ के संरक्षक विश्वजीत सिंह के कुशल मार्गदर्शन व सफल प्रयासों का ही परिणाम है कि भीलवाड़ा विगत वर्षों से राज्य स्तर पर लगातार पदक जीत रहा है। उन्हीं की वर्षों की मेहनत से आज भीलवाड़ा हैंडबॉल का गढ़ बन चुका है। कोषाध्यक्ष भारत सुवालका, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सहित समस्त पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों व प्रशिक्षक को बधाई दी एवं संरक्षक महोदय का आभार व्यक्त किया।

**रजत पदक विजेता टीम :** सुमन सुथार (कप्तान), कृष्णा शर्मा, नव्या तेली, गुलाबी तेली, गंगा जाट, अन्नु कुमारी शर्मा, अदिति बंजारा, आद्या शर्मा, राजलक्ष्मी बसीटा, अनुष्का मेघवंशी, ममता योगी, रविना योगी।

# राज्य शतरंज ओपन में चारविक जयपुर विजेता गर्ल्स में एकाशी चंदेल जयपुर विजेता



जयपुर, 26 मई। झालावाड़ जिला शतरंज संघ के चेयरमैन घनश्याम गुजर अध्यक्ष संजय हाडा ने बताया की राज्य, स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि पुखराज जैन अध्यक्ष अग्रवाल समाज झालावाड़ विशिष्ट अतिथि डॉ सुरेन्द्र गर्ग, कार्यकारी अध्यक्ष अग्रवाल समाज झालावाड़ कृपाशंकर शर्मा खेल अधिकारी जयेन्द्र चतुर्वेदी चीफ रविटेटर, कार्यक्रम की अध्यक्षता विनेश शर्मा सचिव राजस्थान शतरंज संघ थे, जिला शतरंज संघ के सचिव महेंद्र अग्रवाल ने बताया कि समापन समारोह अंडर 7 वर्ग में मुख्य अतिथि हुकुमचंद मीणा अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता विष्णु प्रसाद पाटीदार उपाध्यक्ष राष्ट्रीय पाटीदार समाज कार्यक्रम के विशिष्ट राजस्थान राजस्थान शतरंज संघ के सचिव विनेश शर्मा नागौर, मनजीत सिंह कुशवाहा अनिल पोरवाल पर्व नगर पालिका अध्यक्ष झालरापाटन थे आज ओर कल खेले गए अंडर 7 के कुल 6 राउंड में बढ़त बनते हुए ओपन बालक वर्ग में जयपुर के चारवीक शर्मा ने पांच अंकों से पराजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया दूसरे स्थान पर रामनिक सिंह सलूजा उदयपुर 5 अंक लेकर द्वितीय स्थान पर है तृतीय स्थान पर समरिथ महेश्वरी भीलवाड़ा 5अंक लेकर तीसरे स्थान पर है वही बालिका वर्ग कुल 6 राऊंड खेले गए जिसमें एकांशी चंदेल जयपुर 4.5 अंक में विजेता बनी द्वितीय स्थान पर विहाना गोखरू, उदयपुर 4 अंकों पर रही विन्या अग्रवाल अलवर 4 पाइंट लेकर रही तृतीया स्थान पर रही चीफ आरविटेटर भगवती प्रकाश शर्मा जयपुर प्रेम सिंह हनुमानगढ़, भवानी कृष्ण पाल सिंह सोढ़ा जोधपुर के नेतृत्व में मैच सम्पन्न कराये गये अतिथियो ने प्रथम विजेताओं को 2100 एवं ट्रॉफी, द्वितीय विजेताओं को 1500 एवं ट्रॉफी और तृतीय विजेताओं को 1000 और ट्रॉफी तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIV. MANGROL**

File No.:- 294 **Notice Inviting Bid** Date:-21.05.2026

Bid for "Major road repair work on Annual rate Contract basis" NIT No. 02/2026-27 are invited from interested bidders up to 6.00 PM on 15.06.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in). of the state departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 230.00 lacs.

| क्र. सं. | UBN No. | क्र. सं. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2627WSRC03109 | 2 | PWD2627WSRC03110 |
| 3 | PWD2627WSRC03111 | 4 | PWD2627WSRC03112 |
| 5 | PWD2627WSRC03113 | | |

(Laxmi Narayan Meena)

Executive Engineer

PWD Division Mangrol

DIPR/C/9198/2026



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत खण्ड, बीकानेर**

क्रमांकः-अअ / वि. खण्ड/बी./ निविदा/2026-27/253 दिनांक :-21.05.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 09 / वर्ष 2026-27 (NIB Code No)**

निम्न हस्ताक्षर कर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विद्युतीकरण कार्यों के लिए मोहरबन्द निविदाएं सा.नि.वि., राज मे सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों की प्रति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा आवेदन / डाउनलोड करने की दिनांक 21.05.2026 से 04.06.2026 तक सायं 6.00 बजे तक जमा कराई जा सकती है। तकनीकी निविदा दिनांक 05.06.2026 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेंगी। प्री-बिड मिटिंग की दिनांक 26.05.2026 दोपहर 01.00 बजे है। निविदा की अन्य शर्ते एवं स्वीकृत तकमीना आदि का विवरण किसी भी कार्य दिवस के दौरान इस कार्यालय में उपस्थित होकर देखा जा सकता है। अन्य शर्ते व विवरण इस कार्यालय में व डीपीआर की वेबसाईट www.dipronline.org, http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। **कुल कार्यों की संख्या 02 कुल लागत 197.70 लाख**

UBN No. 1. PWD2627WSOB03050

2. PWD2627WSOB03051

(मनोज कुमार रावत)

अधिशाषी अभियन्ता,

सा.नि.वि. विद्युत खण्ड, बीकानेर

DIPR/C/9151/2026



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू**

क्रमांक :- 548-566 दिनांक:- 21/05/2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या : 05/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में दर संविदा (Rate Contract) ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर.पी डब्लयू.ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in http://www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB No. - PWD2627A0689

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2627WSRC03039 | 2 | PWD2627WSRC03040 |
| 3 | PWD2627WSRC03041 | | |

अधिशाषी अभियन्ता,

सा.नि.वि. खण्ड चूरू

DIPR/C/9237/2026


# राजस्थान टीम में चयन हेतु सभी खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य : आरसीए एडहॉक कमेटी

जयपुर, 26 मई। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी ने बीसीसीआई की राष्ट्रिय सीनियर - जूनियर पुरषव महिला प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली राजस्थान टीम में चयन हेतु राज्य के सभी पुरषव महिला खिलाडियों को आरसीए द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अनिवार्य रूप से भाग लेने के निर्देश जारी किये हैं। आईपीएल व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाडियों को अपने जिले के टीम से राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड के कम से कम 2 मैचों में प्रतिनिधित्व करना होगा।संयोजक के अनुसार सीनियर व राष्ट्रिय स्तर के अनुभवी खिलाडियों के प्रतियोगिता में भाग लेने से न केवल प्रतियोगिता के स्तर बढ़ेगा साथ ही राज्य के युवा खिलाडियों को उनसे सिखने का अवसर प्राप्त होगा। राज्य के खिलाडी जो आधिकारिक अंतर्राष्ट्रीय सेवा में चयनित हो या खिलाडी जो चोट के कारण अनुपलब्ध हैं व जिनके पास प्रमाणित चिकित्सा दस्तावेज होंगे जिन्हे आरसीए द्वारा स्वीकार किया जायेगा उन्हें आरसीए द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने से छूट दी जाएगी।

इस सबंधमें आरसीए ने अपने सभी जिला क्रिकेट संघोको आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। उदयपुर जिला क्रिकेट संघ समर कैम्प व वार्षिक प्रतिभाखोज प्रशिक्षण शिविर समापन समारोह में आरसीएएडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव व सदस्य अरिष्ट सिंघवी ने की शिरकत जिला क्रिकेट संघ उदयपुर के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक प्रतिभाखोज प्रशिक्षण शिविर व समर कैम्प के शिकारबाड़ी मैदान, उदयपुर में आयोजित समापन समारोह हेतु विशिष्ट अतिथि के तौर परआरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवतं यादव व सदस्य अरिष्ट सिंघवी ने उदयपुर पहुंच शिरकत की। उदयपुरजिला क्रिकेट संघ सचिव मनोज चौधरी के अनुसार कल दिनांक 25 मई को आयोजित समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल थे। समारोह के विशिष्ट अतिथि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी कन्वीनर डॉ मोहित जसवंत यादव , सदस्य अरिष्ट सिंघवी थे। समारोह की अध्यक्षता जिला संघ के अध्यक्ष लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ थे।समारोह के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत जिला संघ के उपाध्यक्ष शाहिद शेख, विनोद राठौर तथा यशवंत पालीवाल , सह सचिव अनीस इकबाल, मुकेश कुमावत, हर्षवर्धन जैन, किशन चौधरी तथा विवेक शर्मा ने किया । तत्पश्चात खिलाड़ियों द्वारा बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी की ड्रिल कराई गई। समारोह से पूर्व सभी खिलाड़ियों को टी शर्ट प्रदान किए गए। अतिथियों द्वारा इस वर्ष विभिन्न आयु वर्ग में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाले पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों धीमन कलाल, हिमांशु जानवा, करण दवे, विश्वजीत सिंह , मुनाफ शेख, अनिरुद्ध सिंह एवं समर्पित जोशी के साथ ही महिला खिलाड़ी प्रियांशी चौधरी, रिजा शेख, ऋतु लोढ़ा एवं सोनल कलाल के साथ ही सभी कोच को सम्मानित किया गया। वार्षिक प्रतिवेदन संघ के सचिव मनोज चौधरी ने प्रस्तुत किया। आरसीए एडहॉक संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादवने इस शिविर की तारीफ करते हुए बताया कि उदयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आरसीए के निर्देशानुसार एक उच्च स्तरीय समर कैम्प व वार्षिक प्रतिभाखोज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जो की एक बहुत ही शानदार व प्रशंसनीय आयोजन है जिसमे न केवल खिलाड़ियों को व्यवस्थित रूप से गहनता से तकनीक संबधी प्रशिक्षण दिया गया साथ ही खिलाडियों को उच्च स्तरीय सुविधाएँभी दी गयी । जिला क्रिकेट संघ उदयपुर के ड्यूटी प्रेसिडेंट मनोज भटनागर, कोषाध्यक्ष महेंद्र शर्मा व सचिव मनोज चौधरी ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान किये। समारोह का संचालन हर्षवर्धन जैन ने किया।

### उदयपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम की निर्माण प्रक्रिया हेतु सभी सहयोगियों से जल्द करेंगे चर्चा : डॉ. मोहित

आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव व सदस्य अरिष्ट सिंघवी ने उदयपुर प्रवास के दौरान उदयपुर में आरसीए व उदयपुर जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त अंतर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट मैदान हेतु राजस्व ग्राम खेड़ा कानपुर त. गिर्वा, उदयपुर में आवंटित स्टेडियम की भूमि का निरीक्षणकिया। डॉ मोहित जसवंत यादवके अनुसार जल्द आरसीए एडहॉक कमेटी द्वारा उदयपुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम हेतु अडाणी ग्रुप सहित अन्य सहयोगी संस्थाओं से सम्पर्क करउदयपुर में आरसीए व उदयपुर जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त सहयोग से स्टेडियम के निर्माण की प्रक्रिया को धरातल में लाने के हर स्तर पर कार्य किया जायेगा। उदयपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम की निर्माण से क्षेत्र के युवा क्रिकेट खिलाडियों को प्रोत्साहन मिलेगा व खेल का विकास होगा। संयोजक के अनुसार हमारी टीम ने राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में उदयपुर जिला क्रिकेट संघ की मेजबानी में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता के मैच आयोजन ग्राउंड्स का भी दौरा किया व जिला क्रिकेट संघ को मैचों के आयोजन के दौरान वर्तमान वातावरण को देखते हुए खेल व खिलाडियों की आवश्यकता के अनुसार सभी सुविधाओं को उपलब्ध करने के निर्देश भी दिए जिससे प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडियों को किसी भी प्रकार को कोई असुविधान हो।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड कोटड़ा**

क्रंमाक :-168 **निविदा सूचना संख्या 03/2026-27** दिनांक :-18.05.2026

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से राजस्थान सरकार के 'एए' 'ए' 'बी' "सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों एवं केन्द्रीय सरकार / राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के 'एए' 'ए' 'बी' "सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो उनसे निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण इन्टरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in ,www.dipronline.org व http:/sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| निविदा के कुल कार्य | 05 कार्य |
| निविदा की कुल लागत | 283.70 लाख |
| धरोहर राशि 1/2 प्रतिशत | 141850/- |
| धरोहर राशि 2 प्रतिशत | 567400/- |
| ऑन लाईन निविदा मिलने की तारीख | 25.05.2026 प्रातः 10.00 बजे से 08.06.2026 सायं 6.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तारीख | 09.06.2026 सांय 4.00 बजे |

निविदा से सम्बधित विवरण वेब साईट http:/dipr.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन सम्पादित की जावेगी।

निविदा शुल्क / निविदा प्रोसेसिंग शुल्क शासन सचिव वित्त बजट विभाग राजस्थान जयपुर के परिपत्र कमाक प.6 (5) वित्त / साविलेनि/2018 दिंनाक 27.04.2020 के अनुसार ई-ग्रास के चालान द्वारा जमा कराना होगा।

निविदा शर्ते 1. निविदा शर्ते किसी भी दिन कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

NIB No.: PWD2627A0642 :

UBN No. PWD2627WSOB02985, PWD2627WSOB02986

PWD2627WSOB02987, PWD2627WSOB02988, PWD2627WSOB02989

(विजय कुमार मीना)

अधिशाषी अभियन्ता

सा.नि.वि. खण्ड कोटड़ा

DIPR/C/9192/2026

# ऑपरेशन सिंदूर में बीएसएफ ने अहम् भूमिका निभाई- अमित शाह

## गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री भजनलाल ने सांचू पोस्ट पर तैनात जवानों से मुलाकात कर उत्साहवर्धन किया

बीकानेर, (निसं)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारे सीमा प्रहरी तेज बारिश, अधिक तापमान, घने जंगल, बर्फीली चोटियों जैसी कठोर परिस्थितियों में देश की सुरक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी बीएसएफ के जवानों ने सीमावर्ती जिलों के नागरिकों का हौसला बनाए रखा और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने आश्वस्त

- **केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा चौकियों पर निर्मित 14 महिला बैरकों का ई-लोकार्पण किया, प्रहरी शस्त्र गैलरी का अवलोकन किया तथा सांचू माता मंदिर में पूजा अर्चना की**



*केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को बीकानेर स्थित अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ की सांचू पोस्ट पर प्रहरी सम्मेलन में भाग लिया।*

किया कि केन्द्र सरकार भारतीय सीमाओं पर तैनात बीएसएफ को आधुनिकतम तकनीक एवं बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।

केन्द्रीय गृह मंत्री मंगलवार को बीकानेर स्थित अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ की सांचू पोस्ट पर प्रहरी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी साथ मौजूद रहे।

सन 1965 में भारत पाक युद्ध के समय सूचना मिली थी कि सांचू पर कब्जा करने के लिए पाकिस्तान ने शुरुआत की थी। तब 3आरएसी और 13 ग्रेनेडियर के जवानों ने हमला कर सांचू को भारत की सीमा में रखने का काम किया था। जवानों ने यह जिम्मेदारी निभाई और पाकिस्तानियों को पीठ दिखाकर भागना पड़ा था। उन्होंने कहा, सरकार अगले 6 महीने में ड्रोन रोधी संयंत्र लगाने की शुरुआत कर रही है। लेकिन ड्रोन यहां की जमीन पर उतरता है, इसे कौन रिसीव करता है, कौन उसके मटेरियल का उपयोग करता है, इस पर हमारी पैनी नजर होनी चाहिए। इसके लिए सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा में आज बेटियां बेटों से दो कदम आगे है। केन्द्र सरकार वर्ष 2030 तक इन बेटियों के लिए सभी सुविधाएं मुहैया करवाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राजस्थान में बीएसएफ की सीमा चौकियों पर बेटियों के लिए 40 करोड़ रुपए की लागत से 79 बैरक स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से आज लोकार्पण हुए 14 बैरक सहित, 67 का काम पूरा हो चुका है। शेष 12 बैरक का कार्य भी जल्द पूरा हो जाएगा। देश की सीमा चौकियों पर 200 करोड़ की लागत से 360 बैरक बनाए जा रहे हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा केन्द्र सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर 1096 किलोमीटर लंबी लिटरल रोड और 520 किलोमीटर लंबी एक्ससीएल रोड बनाई जा रही हैं। यह जवानों की आवागमन और कनेक्टिविटी सम्बन्धी चिंता को दूर करेंगी। उन्होंने कहा कि सीमाओं पर नई डिजाइन की फेंसिंग की जा रही है। सीमा की 180 चौकियों पर पाइपलाइन से पीने का पानी पहुंचाने का काम पूरा किया गया है।

इस दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीमा पर तैनात जवानों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने जवानों के साथ जलपान एवं संवाद भी किया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री ने सीमा चौकियों पर नवनिर्मित 14 महिला बैरकों का ई-लोकार्पण किया। उन्होंने प्रहरी शस्त्र गैलरी का अवलोकन कर आधुनिक ड्रोन तकनीक की कार्यप्रणाली की जानकारी भी ली। इससे पहले केन्द्रीय गृह मंत्री ने सांचू माता मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना की तथा देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की तथा खेजड़ी का पौधा लगाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने मंगलवार को बीकानेर के स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया और आमजन से भी पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक संख्या में पौधे लगाने का आव्हान किया।

इस दौरान केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल, केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन, निदेशक आसूचना ब्यूरो तपन कुमार, सचिव सीमा प्रबंधन डॉ. राजेन्द्र कुमार, बीएसएफ महानिदेशक प्रवीण कुमार सहित, जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में भारतीय सेना के जवान मौजूद थे।

# दो-तीन दिन में मानसून केरल पहुंचेगा

नई दिल्ली, 26 मई। पिछले चार दिनों से केरल से लगभग 35 किलोमीटर दूर अटके हुए दक्षिण-पश्चिम मानसून के अगले दो-तीन दिनों में आगे बढ़ ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को बताया कि दक्षिण पश्चिम मानसून के आज (26 मई) केरल पहुंचने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया था। इसके साथ ही, चार दिन आगे-पीछे आने की बात भी कही गयी थी, लेकिन पिछले चार दिनों से मानसून केरल से लगभग 35 किलोमीटर दूर ही अटका हुआ है। हालांकि केरल में बारिश तो हो रही है, मगर मानसून आने के सभी फैक्टर पूरे नहीं हुए हैं, इसलिए मौसम विभाग ने अभी केरल में मानसून आने की घोषणा नहीं की है। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कई हिस्सों में जारी भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से राहत मिलने तथा अधिकतम तापमान में कमी आने की संभावना है।

# 240 ''नर्सिंग ट्यूटर'' की भर्ती के लिए रास्ता साफ

- **अदालत ने राज्य सरकार को आदेश दिए हैं कि उन 80 पद, जिन पर याचिकाकर्ता संविदा पर काम कर रहे हैं, भर्ती न की जाए, शेष 240 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरु की जा सकती है।**
- **राजस्थान हाई कोर्ट ने 25 नवम्बर 2025 के अपने एक आदेश में इन 80 संविदाकर्मियों को हटाने पर रोक लगा दी थी।**

जयपुर 26 मई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट में प्रदेश में नए स्थापित हुए मेडिकल कॉलेजों में 382 ''नर्सिंग ट्यूटर'' पदों पर नियुक्ति से संबंधित मामले पर सुनवाई होगी। न्यायाधीश आनन्द शर्मा की अदालत ने आदेश दिए हैं कि राज्य सरकार 80 संविदा कर्मचारियों को छोड़कर लगभग सभी 240 रिक्त पदों पर नर्सिंग ट्यूटरों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर सकती है और विज्ञप्ति जारी कर सकती है। इस मामले में सरकार की ओर से अतिरिक्त सरकारी वकील अर्चित बोहरा पैरवी के लिए पेश हुए।

ज्ञात रहे कि इसी मामले में राज्य सरकार द्वारा 80 ''नर्सिंग ट्यूटरों'' को प्रदेश में नए स्थापित हुए मेडिकल कॉलेजों में संविदा कर्मचारी की तर्ज पर नियुक्त कर रखा था। परन्तु जब रिक्त पदों को भरने की बारी आई, तब संविदा पर भर्ती कर्मचारियों ने पहले सरकार से गुहार की कि उन्हें स्थाई रूप से नियुक्ति दे दी जाए, पर जब वर्तमान सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को विज्ञप्ति के माध्यम से ही भरने का रास्ता चुना तो संविदा पर भर्ती हुए इन कर्मचारियों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 25 नवम्बर 2025 को राजस्थान हाईकोर्ट ने इन 80 संविदा कर्मचारियों के पक्ष में एक आदेश सुनाया था जिसके तहत राज्य सरकार पर इन संविदा, कर्मचारियों को उनके पद से हटाने पर रोक लगा दी गई थी।

सभी पक्षकारों को सुनने के बाद अदालत ने कहा कि राज्य सरकार 12 दिसम्बर 2024 को जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार लगभग 240 अतिरिक्त नर्सिंग ट्यूटर पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर सकती है, परन्तु उन 80 पदों पर, जिन पर याचिकाकर्ता अस्थाई रूप से कार्य कर रहे हैं, उन पर नियुक्ति न की जाए, जब तक इस मामले का पूर्ण निस्तारण नहीं किया जाता। इस मामले की अगली सुनवाई 08 जुलाई तय की गई।

# बिहार विधानसभा की 10 सीटों पर चुनाव 18 जून को

## चुनाव आयोग के अनुसार 9 सीटों पर निर्धारित चुनाव तथा नीतीश कुमार की सीट पर उपचुनाव होगा

- **यह माना जा रहा है कि 9 सीटों पर जीत सुनिश्चित है, पर यदि राजग दस उम्मीदवार चुनाव में उतारता है तो क्रॉस वोटिंग व राजनीतिक खेल की संभावना बढ़ जायेगी।**

पटना, 26 मई। बिहार विधान परिषद की खाली हो रही 10 सीटों के लिए 18 जून को चुनाव कराया जाएगा। केन्द्रीय चुनाव आयोग ने मंगलवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य बनने के बाद खाली हुई सीट भी शामिल है, जिस पर उपचुनाव कराया जाएगा। यह सीट विधानसभा कोटे से विधान परिषद के लिए भरी जाएगी और निर्वाचित सदस्य का कार्यकाल 6 मई 2030 तक रहेगा।

इसके अलावा, बिहार विधान परिषद के नौ सदस्यों का कार्यकाल 28 जून को समाप्त हो रहा है। जिन सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो रहा है उनमें डॉ. कुमुद वर्मा, प्रो. गुलाम गौस, मोहम्मद फारूक, भीष्म सहनी, भगवान सिंह कुशवाहा, संजय प्रकाश, समीर कुमार सिंह, सम्राट चौधरी और सुनील कुमार सिंह शामिल हैं। हालांकि इनमें से सम्राट चौधरी और भगवान सिंह कुशवाहा की सीट पहले से खाली हैं, क्योंकि दोनों विधानसभा चुनाव में विधायक बन चुके हैं।

चुनाव आयोग ने नीतीश कुमार की रिक्त सीट पर होने वाले उपचुनाव और अन्य नौ सीटों के नियमित चुनाव के लिए अलग-अलग अधिसूचना जारी की है। आयोग के अनुसार, बिहार के साथ-साथ कर्नाटक विधान परिषद की कुछ सीटों के लिए भी चुनाव कराए जाएंगे।

निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार, 1 जून को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उम्मीदवार 8 जून तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। 9 जून को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 11 जून नाम वापस लेने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। यदि आवश्यक हुआ तो 18 जून को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इसके बाद उसी दिन शाम 5 बजे से मतगणना शुरू होगी और परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

राजनीतिक दृष्टि से यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बिहार विधानसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास 201 विधायकों का समर्थन है। ऐसे में माना जा रहा है कि 10 में से नौ सीटों पर राजग की जीत लगभग तय है, जबकि एक सीट विपक्ष के खाते में जा सकती है।

# अन्नाद्रमुक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विधायक कुमारवेल और धारापुरम विधायक सत्यभामा पहले ही अपने पदों से इस्तीफा देकर टीवीके में शामिल हो चुके हैं। लगातार हो रहे इन इस्तीफों से अन्नाद्रमुक के भीतर असंतोष और बेचैनी बढ़ ती दिखाई दे रही है।

# कर्नाटक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आगामी राज्यसभा और विधान परिषद चुनावों पर था। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि कर्नाटक नेतृत्व को लेकर चल रही अटकलों में कोई सच्चाई नहीं है।

# चंबल अभ्यारण्य में अवैध खनन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

- **सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान, मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश की सरकारों को प्रभावित क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा, कंट्रोल सैंसर व मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिए।**

नई दिल्ली, 26 मई। उच्चतम न्यायालय ने चंबल अभयारण्य में लगातार बढ़ रहे अवैध खनन को लेकर सख्त रुख अपनाया है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की सरकारों को प्रभावित इलाकों में सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल सेंसर और मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिए।

कोर्ट ने कहा कि ये काम युद्ध स्तर पर किया जाए और छह महीने के अंदर सम्पूर्ण निगरानी व्यवस्था पूरी तरह से चालू होनी चाहिए। इसके अलावा अवैध खनन में इस्तेमाल हो रहे वाहनों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। कोर्ट ने फर्जी नंबर प्लेट या बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया शुरु करने के आदेश दिए। कोर्ट ने कहा कि कार्रवाई केवल वाहन चालक पर ही नहीं, बल्कि वाहन मालिकों और ठेकेदारों पर भी होनी चाहिए। कोर्ट ने अवैध खनन का परिवहन रोकने के लिए उठाये गए कदमों की विस्तृत जानकारी भी मांगी है।

# बकरीद से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

का दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है। याचिका में हर राज्य में कानून के मुताबिक बूचड़खानों के रेगुलेशन के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की भी मांग की गई है।

# पन्ना में कुआं धंसने से 5 मजदूरों की मौत

पन्ना, 26 मई। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के अजयगढ़ विकासखंड में ग्राम बीहरपुरवा के नयापुरवा में मंगलवार को एक खेत पर कुएं की खुदाई के दौरान अचानक मिट्टी धंस गई। इस हादसे में मलबे में दबे पांच मजदूरों की मौत हो गई। मृतकों में तीन मजदूर एक ही परिवार के हैं। ग्राम बीहरपुरवा के नयापुरवा निवासी बिन्नू अहिरवार के खेत पर लगभग 10 दिनों से सात मजदूर कुएं की खुदाई का काम कर रहे थे।

# क्वाड सम्मेलन में समुद्री निगरानी व दुर्लभ खनिज उत्खनन पर अहम फैसले हुए

- **जयशंकर की मेजबानी में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया**

नई दिल्ली, 26 मई। ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, जापान एवं भारत के चतुष्कोणीय रणनीतिक गठजोड़ क्वाड के विदेश मंत्रियों की आज यहां संपन्न बैठक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री निगरानी, ऊर्जा सुरक्षा तथा दुर्लभ खनिज के उत्खनन, शोधन एवं आपूर्ति श्रृंखला को लेकर अहम फैसले लिए गए।

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की मेजबानी में मंगलवार को क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की एक बेहद महत्वपूर्ण और सार्थक बैठक संपन्न हुई, जिसमें अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग, जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने भाग लिया।

इस बैठक में तीन पहलों के साथ ही क्वाड की पहलों पर हुई प्रगति की व्यापक समीक्षा की गई।

तीन पहलों में से एक में क्वाड साझेदारों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्वाड देशों की समुद्री निगरानी का लाभ उठाने के लिए पहली बार हिंद-प्रशांत क्षेत्र समुद्री निगरानी गठजोड़ पहल शुरू की है। इसका उद्देश्य सूचना साझा करने और समुद्री क्षेत्र की जागरूकता क्षमता को बढ़ाना है, जिसमें शुरुआती ध्यान हिंद महासागर क्षेत्र पर केन्द्रित होगा।

# बंगाल में 5 रूपए ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लिए ''होल्डिंग सेंटर'' पहले ही बना दिए हैं।

तथापि, मुख्यमंत्री ने कहा कि इन घुसपैठियों को बस वापस बांग्लादेश भेज दिया जाना चाहिए। राज्य भर में चिन्हित किए गए इन बांग्लादेशियों को गिरफ्तार करने की जरूरत नहीं है।

इन घटनाओं के बाद बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए वापस बांग्लादेश जाने के लिए सीमावर्ती कस्बों में कतार में लग गए हैं। अब राज्य में घुसपैठियों को वापस भेजने की प्रक्रिया में तेजी आ गई है।

शुभेन्दु अधिकारी ने कहा कि सरकार की नीति ''पहचान करो, नाम हटाओ और देश से बाहर भेजो'' (डिटैक्ट, डिलीट एंड डिपोर्ट) है। कैबिनेट ने इस नीति को मंजूरी दे दी है और इस पर काम शुरू हो चुका है। लेकिन वामपंथी दलों ने इस नीति का विरोध किया, क्योंकि उन्ही लोगों ने इन घुसपैठियों को यहां आने और बसने के लिए प्रोत्साहित किया था।

विभाजन के समय जहाँ, कुल आबादी में अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी 19 प्रतिशत थी, आज यह बढ़कर 30 प्रतिशत से ज्यादा हो गई है। इनमें भी अल्पसंख्यक आबादी में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी 1991 के बाद और खासकर 2000 के बाद हुई।

अब बांग्लादेशियों को वापस भेजने की नई सक्रिय नीति के कारण अवैध घुसपैठिए वापस बांग्लादेश लौटने का रास्ता तलाश रहे हैं। लोग सभी सीमा चौकियों और कस्बों में पहुंच रहे हैं और वहां से वापस जाने की तैयारी कर रहे हैं।

# '5 जून को कोई ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इन्फ्रास्ट्रक्चर और जनहित परियोजनाओं'' के लिए चाहिए, जिनमें रक्षा संबंधी इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना भी शामिल है।

दिल्ली जिमखाना क्लब ने केन्द्र के परिसर खाली करने के निर्देश को चुनौती देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया। नोटिस के बाद दिल्ली जिमखाना क्लब ने केन्द्र को पत्र लिखकर कहा था कि उसके खिलाफ किसी भी अचानक कार्रवाई से उसके कर्मचारियों और सदस्यों सहित, कई हितधारकों पर असर पड़ेगा। क्लब ने केन्द्र से यह भी स्पष्ट करने को कहा कि क्या उसे पुनर्वास के लिए ''उपयुक्त स्थान पर वैकल्पिक भूमि'' आवंटित की जाएगी।

यह एक विशिष्ट क्लब है जहां चुनिंदा राजनयिक, नौकरशाह, सैन्य अधिकारी और राष्ट्रीय राजधानी के प्रतिष्ठित लोग तथा बुद्धिजीवी एकत्र होते हैं। क्लब ने अपने पत्र में कहा कि उसके लगभग 14,000 सदस्य और उपयोगकर्ता हैं, जिन्होंने क्लब की सुविधाओं के उपयोग के लिए सदस्यता और सब्सक्रिप्शन शुल्क का भुगतान किया है। क्लब में 500 लोग कार्यरत हैं और यहां सांस्कृतिक तथा खेल कार्यक्रमों का आयोजन होता है। क्लब ने कहा कि सरकार की किसी भी अचानक कार्रवाई का प्रभाव अनेक हितधारकों पर पड़ेगा।

# शिवराज सिंह चौहान की किताब ''अपनापन'' का विमोचन

नई दिल्ली, 26 मई। पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैय्या नायडू ने मंगलवार को एक समारोह में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पुस्तक 'अपनापन' का लोकार्पण किया। प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व, कार्यशैली और उनके साथ बिताए गए 35 वर्षों के अनुभवों पर लिखी है। पुस्तक के लोकार्पण के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। समारोह में पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैय्या नायडू ने कहा कि जब कभी प्रधानमंत्री पद को लेकर चर्चा होती थी, तब वे कहा करते थे कि मोदी का अर्थ है मेकिंग ऑफ डेवलप्ड इंडिया और आज भारत जिस आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है, उसमें यह भाव प्रत्यक्ष दिखाई देता है।

# केन्द्र सरकार ने हाई पावर्ड ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पर पोस्ट करते हुए कहा, ''असामान्य जनसांख्यिकीय परिवर्तन केवल किसी एक राज्य की चिंता नहीं है, बल्कि यह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक संतुलन से जुड़ा गंभीर मुद्दा है''।

समिति की अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रभाकर नाओलकर करेंगे। इसके अन्य सदस्यों में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, दिल्ली पुलिस के पूर्व आयुक्त बालाजी श्रीवास्तव और अर्थशास्त्री शामिका रवि शामिल हैं। गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव (फॉरेनर्स-1 यूनिट) समिति के सदस्य सचिव होंगे।

समिति के आठ बिंदुओं वाले कार्यादेश (टर्म्स ऑफ रेफरेंस) के अनुसार, यह समिति जनसांख्यिकीय बदलावों से उत्पन्न चुनौतियों, जिनमें अवैध प्रवासन भी शामिल है, पर व्यापक विचार-विमर्श करेगी। समिति सीमा पार गतिविधियों और अन्य सामाजिक-पर्यावरणीय कारकों जैसे संभावित कारणों का अध्ययन करेगी।

समिति असामान्य बसावट के पैटर्न का अध्ययन करेगी, धार्मिक और सामाजिक समुदायों के स्तर पर जनसंख्या संरचना में हो रहे बदलावों का विश्लेषण करेगी और अवैध प्रवासियों की कानूनी, निष्पक्ष और समयबद्ध पहचान, हिरासत तथा निर्वासन के लिए एक सुव्यवस्थित और स्थायी कार्यप्रणाली की सिफारिश करेगी। समिति सीमा प्रबंधन, जनसंख्या स्थिरीकरण और पहचान प्रणालियों को मजबूत करने के लिए उपयुक्त संस्थागत तंत्र की भी सिफारिश करेगी, ताकि इस प्रकार की प्रवृत्तियों की निरंतर निगरानी एवं मॉनिटरिंग की जा सके।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए एक जनसांख्यिकी समिति गठित करने की योजना की घोषणा की थी। पिछले वर्ष सितंबर में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने समिति गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी।

# 'सरकारी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लागू किया जा सकता है, जब डॉक्टर केवल सरकारी अस्पतालों में काम करने का विकल्प चुनते है, और इस अतिरिक्त वेतन दिये जाने के कारण प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे वरिष्ठ डॉक्टर भेदभाव का आरोप नहीं लगा सकते, चूंकि यह विकल्प उनके पास भी उपलब्ध था।

# जनता परेशान, यह सरकार मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने में लगी है- पायलट

## पूर्व उपमुख्यमंत्री पायलट का अजमेर पहुँचने पर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया

अजमेर, 26 मई (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री के मंगलवार को अजमेर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में गेगल औद्योगिक क्षेत्र में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए सचिन पायलट का गर्मजोशी से स्वागत किया।

स्वागत कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इसके बाद

- **कार्यकर्ताओं से बातचीत के बाद सचिन पायलट पुष्कर के लिए रवाना हो गए, जहाँ कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर चल रहा है।**




*कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का मंगलवार को अजमेर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।*

सचिन पायलट पुष्कर में आयोजित कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना हो गए।

मीडिया से बातचीत में सचिन पायलट ने केन्द्र सरकार और राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से परेशान है, लेकिन सरकार जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने में लगी हुई है।

पेट्रोल-डीजल की बढ़ ती कीमतों को लेकर भी उन्होंने केन्द्र सरकार को घेरते हुए कहा कि महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है।

पंचायत, निकाय और छात्रसंघ चुनाव नहीं करवाए जाने को लेकर भी पायलट ने राज्य सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि लंबे समय से चुनाव नहीं करवाए जा रहे हैं, जबकि उच्च न्यायालय लगातार सरकार को चुनाव कराने के निर्देश दे रहा है। कानून के अनुसार जनप्रतिनिधियों के बिना बजट जारी नहीं हो सकता, जिससे प्रदेश की जनता को करोड़ों रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दोहरे इंजन की सरकार बार-बार चुनाव टाल रही है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी और सरकारों को जवाबदेह बनाने का काम करेगी। इस अवसर पर विजय जैन, संग्राम सिंह गुर्जर, राकेश पारीक, नसीम अख्तर इंसाफ, हेमंत भाटी, महेन्द्र सिंह रलावता, शिवप्रकाश गुर्जर, कमल बाकोलिया, अंकुर त्यागी, श्याम प्रजापति, प्रताप यादव, हितेश्वरी टॉक, रेनू मेघवंशी, रश्मि हिंगोरानी, विपिन बैसिल, कैलाश कोमल, वैभव जैन, बलराम शर्मा, निर्मल बैरवाल, नज्जू पठान और दिनेश शर्मा सहित, बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908